बृहद्गच्छ का इतिहास

डॉ० शिवप्रसाद

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ॐकारसूरि ज्ञानमंदिर ग्रंथावली क्रमांक - ७२

बृहद्गच्छ का इतिहास

डॉ. शिवप्रसाद

प्रकाशक
ॐकारसूरि ज्ञानमंदिर सुभाषचौक,
गोपीपुरा, सुरत

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बृहदगच्छ का इतिहास

वि.सं. : २०७०

ई. स. : २०१३

मूल्य : २००-००

प्राप्तिस्थान

प्राप्तिस्थान : ● आ॰ ॐकारसूरि ज्ञानमंदिर

सुभाष चौक, गोपीपुरा, सूरत-३९५००१

E-mail : omkarsuri@rediffmail.com

mehta_sevantilal@yahoo.co.in

(मो.) ९८२४१५२७२७ (सेवंतीभाई महेता)

● ॐकार साहित्य निधि

विजयभद्र चेरिटेबल ट्रस्ट

हाईवे, भीलडीयाजी (बनासकांठा)

फोन : ०२७४४-२३३१२९, २३४१२९

● सरस्वती पुस्तक भंडार

हाथीखाना, रतनपोल, अहमदाबाद-१., दूरभाष : २५३५६६९२

● मोतीलाल बनारसीदास

40-UA, बंगलो रोड, जवाहरनगर, दिल्ली-११०००७.

दूरभाष : ०११-२३८५८३३५

मुद्रक : किरीट ग्राफिक्स - अहमदाबाद (फोन) ०७९-२५३३००९५

E-mail : kiritgraphics@yahoo.com

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

पू.आ.भ. अरविंदसूरि म.सा. पू.आ.भ. यशोविजयसूरि म.सा., पू.आ.भ. मुनिचन्द्रसूरि म.सा. आदिना मार्गदर्शन मुजब अमारी ग्रंथमाळामां विविध पुस्तको प्रगट थतां रहे छे.

इतिहासना पण अगत्यना ग्रंथो प्रकाशित करवा अमे सद्‌भागी बन्या छीए.

जैन संस्कृत साहित्यनो इतिहास भाग १-२-३, पाइय (प्राकृत)भाषाओ अने साहित्य (श्री हीरालाल र. कापडिया), जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास (मोहनलाल द. देसाइ), जैन श्वेताम्बर गच्छों का संक्षिप्त इतिहास भाग १-२ (डॉ. शिवप्रसाद) आदि ताजेतरमां प्रगट थया छे. एज कडीमां डॉ. शिवप्रसाद लिखित 'बृहदगच्छ का इतिहास' प्रगट करतां आनंद थाय छे. बृहद्‌गच्छनो इतिहास विस्तृत होवाथी एनो समावेश (जैन. श्वे. गच्छों का इतिहास) न करतां अलग प्रकाशन करवामां आवे छे.

इतिहास आपणी संस्कृतिनुं मूळ छे. अेनी जाणकारी मेळववी जरुरी छे.

बृहद्‌गच्छ (वडगच्छ)मां घणां विद्वानो थया छे. घणी प्रतिष्ठाओ आ गच्छना आचार्यो व.ना हस्ते थइ छे. प्रस्तुत ग्रंथमां अेनुं सुरेख चित्रण मले छे.

इतिहासनुं ज्ञान मेळवी महापुरुषो प्रत्ये आदरभावमां वृद्धि थाय एज मंगल कामना.

ली. प्रकाशक

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

दो शब्द

निर्ग्रन्थ दर्शन के श्वेताम्बर सम्प्रदाय के अन्तर्गत चन्द्रकुल से अस्तित्व में आये प्राचीनतम गच्छों में बृहद्गच्छ या वडगच्छ भी एक है । इस गच्छ की मान्यतानुसार चन्द्रकुल के आचार्य उद्योतनसूरि ने अर्बुदगिरि की तलहटी में स्थित धर्माण (वरमाण) सन्निवेश में वटवृक्ष के नीचे श्री सर्वदेव सहित आठ मुनिजनों को एक साथ आचार्य पद प्रदान किया, जिससे उनकी शिष्य-संतति बडगच्छीय कहलायी । वटवृक्ष की भांति इस गच्छ की अनेक शाखायें-प्रशाखायें हुईं, अतः इसका एक नाम बृहद्गच्छ भी प्रचलित हुआ ।

इस गच्छ में सर्वदेवसूरि, देवसूरि 'विहारुक', नेमिचन्द्रसूरि 'प्रथम', उद्योतनसूरि 'द्वितीय', आम्रदेवसूरि 'प्रथम', देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि, मुनिचन्द्रसूरि, वादिदेवसूरि, चन्द्रप्रभसूरि (पूर्णिमागच्छ के आदि पुरुष), शांतिसूरि (पिप्पलगच्छ के प्रवर्तक), प्रसिद्ध ग्रन्थकार हरिभद्रसूरि, सुप्रसिद्ध विद्वान् प्रज्ञाचक्षु रामचन्द्रसूरि, उनके शिष्य जयमंगलसूरि, सोमचन्द्रसूरि, ज्ञानकलशमुनि, हेमचन्द्रसूरि, सोमप्रभसूरि, मुहम्मद तुगलक के उत्तराधिकारी फिरोज तुगलक द्वारा सम्मानित विद्याकर गणि, **यन्त्रराज** के रचनाकार महेन्द्रसूरि (इनका भी सम्मान फिरोज तुगलक द्वारा किया गया था), उनके शिष्य मलयचन्द्र, वाचक विनयरत्न, भावदेवसूरि, विभिन्न कृतियों के रचनाकार मुनि मालदेव आदि कई प्रभावक और विद्वान् मुनिजन हो चुके हैं । इस गच्छ के विभिन्न मुनिजनों द्वारा प्रतिष्ठापित बड़ी संख्या में सलेख जिनप्रतिमायें भी प्राप्त हुई हैं जो वि०सं० ११८३ से वि०सं० १६५८ तक अविच्छिन्न रूप से जुडी हुई हैं । स्थानकवासी परम्परा के उद्भव और विकास के फलस्वरूप खरतरगच्छ, तपागच्छ और अंचलगच्छ को छोड़कर प्रायः सभी गच्छों के प्रभाव में तीव्रगति से ह्रास होने लगा। बृहद्गच्छ भी इस प्रभाव से अछूता न रहा । यद्यपि आज यह गच्छ अस्तित्त्व में नहीं है, तथापि इससे उद्भूत नागपुरीयतपागच्छ आज पार्श्वचन्द्रगच्छ के रूप में विद्यमान है । तपागच्छ, अंचलगच्छ और खरतरगच्छ की विभिन्न शाखाओं के इतिहास के पश्चात् बृहद्गच्छ के इतिहास के लेखन की स्वतः प्रेरणा प्राप्त हुई और स्वनामधन्य प्रो० एम०ए० ढांकी, महोपाध्याय विनयसागर और प्रो० सागरमलजी जैन से समय-समय पर इस सम्बन्ध में दिशानिर्देश प्राप्त होता रहा ।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रथम अध्याय में इस गच्छ के इतिहास के स्रोत सामग्री की चर्चा की गयी है । द्वितीय अध्याय मे इस गच्छ के प्राचीन इतिहास का संक्षिप्त विवरण है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय अध्याय में इस गच्छ के प्रमुख मुनिजनों और इस गच्छ से उद्भूत विभिन्न गच्छों का उल्लेख है । चतुर्थ अध्याय में आचार्य वादिदेवसूरि और उनके विशाल शिष्य-प्रशिष्य सन्तति की संक्षेप में चर्चा है । पंचम अध्याय में बृहद्गच्छीय समस्त अभिलेखीय साक्ष्यों को एक सारिणी के रूप में प्रस्तुत करते हुए उनसे प्राप्त विभिन्न मुनिजनों की गुरु-परम्परायें प्रस्तुत की गयी हैं । ६ठें अध्याय में बृहद्गच्छीय मुनिजनों के साहित्यावदान को एक तालिका के रूपमें प्रस्तुत किया गया है । सातवें और अन्तिम अध्याय में बृहद्गच्छ से उद्भूत विभिन्न गच्छों का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत है । पुस्तक के अन्त में दो परिशिष्ट भी दिये गये है। परिशिष्ट प्रथम के अन्तर्गत बृहद्गच्छीय अभिलेखीय साक्ष्यों का मूल पाठ और द्वितीय परिशिष्ट में बृहद्गच्छीय आचार्य जयमंगलसूरि द्वारा रचित चामुण्डा प्रशस्ति लेख की मूल वाचना है और अन्त में सहायक ग्रन्थ सूची दी गयी है ।

प्रस्तुत शोधकार्य को पूर्ण करने के लिये भारतीय अनुसंधान इतिहास परिषद की ओर से आर्थिक सहायता प्राप्त हुई । पार्श्वनाथ विद्यापीठ वाराणसी, प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर के पुस्तकालयों से समय-समय पर सहायता प्राप्त हुई । आचार्य मुनिचन्द्रसूरि ने भी विभिन्न दुर्लभ ग्रन्थों को समय-समय पर उपलब्ध करा कर इस कार्य में प्रत्यक्ष सहयोग प्रदान किया है । लेखक अन्त में उन सभी विद्वानों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता है जिनकी अमूल्य कृतियों से इस सन्दर्भ में लाभान्वित हुआ है । आचार्य मुनिचन्द्रसूरि की प्रेरणा से ॐकारसूरि आराधना भवन, सुरत ने इसके प्रकाशन का भार उठाया तथा किरीट ग्राफिक्स, अहमदाबाद के अधिष्ठाता श्री किरीटभाई और उनके सुपुत्र श्रेणिकभाई और पीयूषभाई ने इसके अक्षर संयोजन एवं मुद्रण की सुचारु रूप से व्यवस्था की, जिसके लिये लेखक उनका हृदय से आभारी है ।

-शिवप्रसाद

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

श्रुतलाभ

प्रस्तुत ग्रन्थ प्रकाशननो लाभ

श्री सुइगाम श्वेताम्बर मूर्ति पूजक जैन संघे

ज्ञानद्रव्यमांथी

लीधो छे.

अनुमोदना... अनुमोदना...

अनुमोदना...

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विषयसूची

प्रकाशकीय / ३

दो शब्द / ४

अध्याय १ : बृहद्गच्छ के इतिहास के मूल स्रोत १

अध्याय २ : बृहद्गच्छ का प्रारम्भिक इतिहास ७

अध्याय ३ : बृहद्गच्छ के प्रमुख आचार्य एवं इस गच्छ से उद्भूत विभिन्न गच्छ १९

अध्याय ४ : वादिदेवसूरि और उनकी शिष्य-परम्परा ३४

अध्याय ५ : बृहद्गच्छीय अभिलेखीय साक्ष्यों की सारिणी उनसे प्राप्त एवं विभिन्न मुनिजनों की गुरु-परम्परायें ५३

अध्याय ६ : बृहद्गच्छीय मुनिजनों का साहित्यावदान १०१

अध्याय ७ : बृहद्गच्छ से उद्भूत विभिन्न गच्छों का ऐतिहासिक अध्ययन ११६-२०९

i जीरापल्लीगच्छ का इतिहास / ११६

ii नागपुरीयतपागच्छ का इतिहास / १२५

iii पिप्पलगच्छ का इतिहास / १४१

iv पूर्णिमागच्छ का इतिहास / १५७

v पूर्णिमागच्छ - प्रधानशाखा का इतिहास / १७०

vi पूर्णिमागच्छ - भीमपल्लीयाशाखा का इतिहास / १८८

vii सार्धपूर्णिमागच्छ का इतिहास / १९२

viii मडाहडागच्छ का इतिहास / २००

परिशिष्ट १ बृहद्गच्छीय लेखसमुच्चय २११

२ बृहद्गच्छीय अभिलेखों का मूल पाठ..... ..... २६४

३ चामुंडा प्रशस्ति लेख २६६

४ सम्बधित लेखों के वर्तमान प्राप्तिस्थान २७५

५ लेखस्थ आचार्य व मुनिजनों के नाम २७८

६ लेखस्थ ज्ञाति सूची २८१

७ लेखस्थ गोत्र सूची २८१

८ संवत् सूचा (विक्रमीय) २८३

९ संदर्भग्रन्थनाम संकेत-विवरण २८५

● ● ●

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आवकार

डॉ. शिवप्रसादना गच्छोंना इतिहासनी सामग्री ग्रंथस्थ करवाना प्रयास तरीके आ ग्रंथ प्रकाशित थाय छे. विद्वान लेखके पोतानी रीते काळजी पूर्वक सामग्रीनुं संकलन कर्युं छे. छतां क्षतिओ रहेवी संभवित छे.

क्षतिओ तरफ ध्यान दोरवा विद्वानोने विनंती.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अध्याय - १

बृहद्गच्छ के इतिहास के स्रोत

किसी भी धर्म अथवा सम्प्रदाय के इतिहास के अध्ययन के स्रोत के रूप में साहित्यिक और पुरातात्विक साक्ष्यों का अध्ययन अपरिहार्य है। प्राक् मध्य युग में निर्ग्रन्थ दर्शन के श्वेताम्बर आम्नाय में समय-समय पर उद्भूत विभिन्न गच्छों और उनसे निःश्रृत (उत्पन्न) शाखाओं-उपशाखाओं के इतिहास के अध्ययन के सम्बन्ध में भी यही बात कही जा सकती है।

गच्छों के इतिहास से सम्बद्ध साहित्यिक साक्ष्यों को मुख्य रूप से दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है। प्रथम ग्रन्थ या पुस्तक प्रशस्तियाँ और द्वितीय विभिन्न गच्छों के मुनिजनों द्वारा समय-समय पर रची गयी अपने-अपने गच्छों की पट्टावलियाँ।

प्रशस्तियाँ

पुस्तकों के साथ सम्बन्ध रखने वाली प्रशस्तियाँ दो प्रकार की होती हैं। इनमें से एक तो वे हैं जो ग्रन्थों के अन्त में उनके रचयिताओं द्वारा बनायी गयी होती हैं। इनमें मुख्य रूप से रचनाकार द्वारा गण-गच्छ तथा अपने गुरु-प्रगुरु आदि का उल्लेख होता है। किन्हीं प्रशस्तियों में रचनाकाल और रचनास्थान का भी निर्देश होता है। किसी-किसी प्रशस्ति में तत्कालीन शासक या किसी बड़े राज्याधिकारी का नाम और अन्यान्य ऐतिहासिक सूचनायें भी मिल जाती हैं। कुछ प्रशस्तियाँ छोटी-दो-चार पंक्तियों की और कुछ बड़ी होती हैं। इन प्रशस्तियों द्वारा भिन्न-भिन्न गण-गच्छों के जैनाचार्यों की गुरु-परम्परा, उनका समय, उनका कार्यक्षेत्र और उनके द्वारा की गयी समाजोत्थान एवं साहित्य सेवा का संकलन कर उनकी परम्पराओं का अत्यन्त प्रामाणिक इतिहास तैयार किया जा सकता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

दूसरे प्रकार की प्रशस्तियाँ वे हैं जो प्रतिलिपि किये गये ग्रन्थों के अन्त में लिखी होती हैं। ये भी दो प्रकार की होती हैं। प्रथम वे जो किन्हीं मुनिजनों या श्रावक द्वारा स्वयं के अध्ययनार्थ लिखी गयी प्रतियों में होती हैं और दूसरी वे जो श्रावकों द्वारा स्वयं के अध्ययनार्थ या किन्हीं मुनिजनों को भेंट देने हेतु दूसरों से (लेहिया से) द्रव्य देकर लिखवायी जाती हैं।

गच्छों के इतिहास की सामग्री की दृष्टि से ये प्रशस्तियाँ राजाओं के दानपत्रों और मन्दिरों के शिलालेखों के समान ही महत्त्वपूर्ण हैं। तथ्य की दृष्टि से इनमें कोई अन्तर नहीं होता; अन्तर केवल यही है कि एक पाषाण या ताम्रपत्र पर उत्कीर्ण होता है तो दूसरा ताड़पत्र या कागजों पर।

गुजरात के पाटण, खम्भात, अहमदाबाद, बड़ोदरा, लिम्बडी, राजस्थान के जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, कोटा आदि तथा भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पुणे के ग्रन्थ भण्डारों में जैन ग्रन्थों का विशाल संग्रह विद्यमान है। पीटर पीटर्सन, मुनि पुण्यविजय जी, मुनि जिनविजय जी, श्री चिमनलाल डाह्याभाई दलाल, पं० लालचन्द भगवानदास गाँधी, प्रो० हीरालाल रसिकलाल कापड़िया, पं० अम्बालाल प्रेमचन्द शाह, श्रीमती विधात्री बोरा, श्री जौहरीमल पारेख आदि के सद्प्रयत्नों से उक्त ग्रन्थ भण्डारों के विस्तृत सूचीपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इनका विवरण इस प्रकार है-

1. P. Peterson, *Operation in Search of Sanskrit Mss in the Bombay Circle,* Vol. I-VI, Bombay 1882-1898 A.D.
2. C.D. Dalal, *A Descriptive Catalogue of Manuscripts in the Jain Bhandaras at Pattan,* Vol. I, G.O.S. No. LXXVI, Baroda 1937.
3. H.R. Kapadia, *Descriptive Catalogue of the Government Collection of Manuscripts deposited at the Bhandarakar Oriental Research Institute,* Vol. XVII-XIX, Poona 1935-1977 A.D.
4. Muni Punya Vijaya, *Catalogue of Palm Leaf Mss. in the Shanti Natha Jain Bhandar, Combay,* Vol. I, II, G.O.S. No. 139, 149, Baroda 1961-1966 A.D.
5. A.P. Shah, *Catalogue of Sankrit & Prakrit Mss. Muni Shree PunyaVijayaJi's Collection,* Vol. I, II, III, L.D. Series No. 2, 6, 15, Ahmedabad 1962, 1965, 1968 A.D.
6. A.P. Shah, *Catalogue of Sankrit & Prakrit Mss. Ac. Vijayadevasuris and Ac. Ksantisuris Collection,* Part IV., L.D. Series, No. 20, Ahmedabad 1968 A.D.
7. Muni Punya Vijaya, *New Catalogue of Sanskrit & Prakrit mss: Jesalmer Collection,* L.D. Series No. 36, Ahmedabad 1972 A.D.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

8. Vidhatri Vora, *Catalogue of Gujarati Mss in the Muniraj Shree Punya VijayaJi's Collection,* L.D. Series No. 71, Ahmedabad 1978 A.D.

९. अमृतलाल मगनलाल शाह, सम्पा० - **श्रीप्रशस्तिसंग्रह,** श्री जैन साहित्य प्रदर्शन, श्री देशविरति धर्माराजक समाज, अहमदाबाद वि०सं० १९९३.

१०. मुनि जिनविजय, सम्पा०- **जैनपुस्तकप्रशस्तिसंग्रह,** सिंघी जैन ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक १८, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई १९४३ ई०.

पट्टावलियाँ

इतिहास लेखन में अन्यान्य साधनों की भाँति पट्टावलियों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। श्वेताम्बर जैन मुनिजनों ने इनके माध्यम से इतिहास की महत्त्वपूर्ण सामग्री प्रस्तुत की है। शिलालेख, प्रतिमालेख और प्रशस्तियों से केवल हम इतना ही ज्ञात कर पाते हैं कि किस काल में किस मुनि ने क्या कार्य किया ? अधिक से अधिक उस समय के शासक एवं मुनि के गुरु-परम्परा का भी परिचय मिल जाता है; किन्तु पट्टावली में अपनी परम्परा से सम्बन्धित पट्ट-परम्परा का पूर्ण परिचय होता है। इनमें किसी घटना विशेष के सम्बन्ध में अथवा किसी आचार्य विशेष के सम्बन्ध में प्राय: अतिशयोक्तिपूर्ण विवरण भी मिलते हैं, अत: ऐतिहासिक महत्त्व की दृष्टि इनकी उपयोगिता पर पूर्णरूपेण विश्वास नहीं किया जा सकता। चूँकि इनके संकलन या रचना में किम्बदन्तियों एवं अनुश्रुतियों के साथ-साथ कदाचित् तत्कालीन रास-गीत-सज्झाय आदि का भी उपयोग किया जाता है। इसीलिए इनके विवरणों पर पूर्णत: अविश्वास भी नहीं किया जा सकता है और इनके उपयोग में अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ती है।

पट्टावलियाँ मुख्य रूप से दो प्रकार की होती हैं। प्रथम शास्त्रीय पट्टावली और दूसरी विशिष्ट पट्टावली। प्रथम प्रकार में सुधर्मा स्वामी से लेकर देवर्धिगणि क्षमाश्रमण तक का विवरण मिलता है। **कल्पसूत्र** और **नन्दीसूत्र** की पट्टावलियाँ इसी कोटि में आती हैं । गच्छभेद के बाद की विविध पट्टावलियाँ विशिष्ट पट्टावली की कोटि में रखी जा सकती हैं । इनकी अपनी-अपनी विशिष्टतायें होती हैं ।

पट्टावलियों द्वारा ही आचार्य-परम्परा अथवा गच्छ का क्रमबद्ध पूर्ण विवरण प्राप्त होता है, जो इतिहास की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। श्वेताम्बर-परम्परा में विभिन्न गच्छों की जो पट्ट-परम्परा मिलती है, उसका श्रेय पट्टावलियों को ही है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अन्य गच्छों की जहाँ समय-समय पर रची गयी विभिन्न पट्टावलियाँ मिलती हैं वहीं बृहद्गच्छ की मात्र एक पट्टावली मिलती है और वह भी १७वीं शताब्दी के प्रथम चरण के प्रारम्भ में रची गयी है। इसके रचनाकार हैं मुनिमाल। मुनि जिनविजय द्वारा सम्पादित **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह** और मुनि कल्याणविजय द्वारा सम्पादित **पट्टावलीपरागसंग्रह** में यह प्रकाशित है।

अभिलेखीय साक्ष्य

श्वेताम्बर सम्प्रदाय के विभिन्न गच्छों से सम्बद्ध अभिलेखीय साक्ष्य मुख्य रूप से दो प्रकार के हैं — १. प्रतिमालेख, २. शिलालेख।

धातु या पाषाण की अनेक जिनप्रतिमाओं के पृष्ठभाग या आसानों पर लेख उत्कीर्ण होते हैं। इसी प्रकार विभिन्न तीर्थस्थलों पर निर्मित जिनालयों से अनेक शिलालेख भी प्राप्त हुए हैं। इन लेखों में प्रतिमा प्रतिष्ठापक या प्रतिमा की प्रतिष्ठा हेतु प्रेरणा देने वाले मुनि का नाम होता है तो किन्हीं-किन्हीं लेखों में उनके पूर्ववर्ती दो-चार मुनिजनों के भी नाम मिल जाते हैं। किन्हीं-किन्हीं लेखों में तत्कालीन शासक का भी नाम मिल जाता है। इतिहास लेखन में उक्त साक्ष्यों का बड़ा महत्त्व है।

शिलालेखों में सामान्य रूप से जिनालयों के निर्माण, पुनर्निर्माण, जीर्णोद्धार आदि कराने वाले श्रावक का नाम, उसके कुटुम्ब एवं जाति आदि का परिचय, प्रेरणा देने वाले मुनिराज का नाम, उनके गच्छ का नाम, उनकी गुरु-परम्परा में हुए पूर्ववर्ती दो-चार मुनिजनों का नाम, शासक का नाम, तिथि आदि का सविस्तार परिचय दिया हुआ होता है।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय से सम्बद्ध अभिलेखों के विभिन्न संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। इनका विवरण इस प्रकार है —

जैनलेखसंग्रह, भाग १-३, सम्पा० - पूरनचन्द नाहर, कलकत्ता १९१८, १९२७, १९२९ ई०.

प्राचीनजैनलेखसंग्रह, भाग १-२, सम्पा० - मुनि जिनविजय, जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर १९२१ ई०.

प्राचीनलेखसंग्रह, सम्पा० - आचार्य विजयधर्मसूरि, सम्पा० - मुनि विद्याविजय, यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर १९२९ ई०.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह, भाग १-२, सम्पा० - आचार्य बुद्धिसागरसूरि, श्री अध्यात्म ज्ञान प्रचारक मण्डल, पादरा १९२४ ई०.

अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह, (आबू - भाग २), सम्पा० - मुनि जयन्तविजय, विजयधर्मसूरि ज्ञान मन्दिर, उज्जैन वि०सं० १९९४.

अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंदोह, (आबू - भाग ५), सम्पा० - मुनि जयन्तविजय, यशोविजय जैन ग्रन्थमाला, भावनगर वि०सं० २००५.

जैनधातुप्रतिमालेख, सम्पा० - मुनि कान्तिसागर, श्री जिनदत्तसूरि ज्ञानभण्डार, सूरत १९५० ई०.

प्रतिष्ठालेखसंग्रह, सम्पा० - महोपाध्याय विनयसागर, भाग १, कोटा १९५३ ई०, भाग २, जयपुर २००३ ई०.

बीकानेरजैनलेखसंग्रह, सम्पा० - श्री अगरचन्द नाहटा एवं श्री भँवरलाल नाहटा, नाहटा ब्रदर्स, ४ जगमोहन मल्लिक लेन, कलकत्ता १९५५ ई०

बाड़मेर जिले के प्राचीन जैन शिलालेख, सम्पा० - चम्पालाल सालेचा, बाड़मेर १९८७ ई०.

नाकोड़ा पार्श्वनाथतीर्थ, लेखक - महो० विनयसागर, जयपुर १९८८ ई०.

श्रीप्रतिमालेखसंग्रह, सम्पा० - श्री दौलत सिंह लोढा 'अरविन्द', धामणिया, मेवाड़, १९५५ ई०.

शत्रुंजयगिरिराजदर्शन, सम्पा० - मुनि कंचनसागर, कपडवंज १९८३ ई०.

शत्रुंजयवैभव, सम्पा० - मुनि कान्तिसागर, कुशल संस्थान, पुष्प ४, जयपुर १९९० ई०.

Jain Image Inscriptions of Ahmedabad, Ed. Praveen Chandra Parekha & Bharti Shelet, Ahmedabad 1997 A.D.

मालवांचल के जैनलेख, सम्पा० - नन्दलाल लोढ़ा, उज्जैन १९९५ ई०.

अर्बुदपरिमण्डल की जैन धातु प्रतिमायें एवं मन्दिरावलि, सम्पा० - सोहनलाल पटनी, सिरोही २००२ ई०.

पाटणजैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह, संपा० - लक्ष्मणभाई भोजक, दिल्ली २००२ ई०.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आगामी अध्यायों में उक्त सभी ग्रन्थों में उल्लिखित बृहद्गच्छ से सम्बन्धित ग्रन्थ प्रशस्तियों, पुस्तक प्रशस्तियों, पट्टावलियों एवं अभिलेखीय साक्ष्यों का बृहद्गच्छ के इतिहास के प्रस्तुतीकरण में सम्यक् उपयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त बृहद्गच्छीय मुनिजनों द्वारा रचित और अद्यावधि प्रकाशित ग्रन्थों जैसे **आख्यानकमणिकोश, पुहवीचंदचरिय (पृथ्वीचन्द्रचरित)** आदि के सम्पादकों द्वारा लिखी गयी प्रस्तावनाओं, मोहनलाल दलीचन्द देसाईकृत **जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास,** पं० लालचन्द भगवानदास गांधी द्वारा लिखित **ऐतिहासिकलेखसंग्रह,** पं. हीरालाल कापडिया द्वारा लिखित **जैन संस्कृत साहित्यनो इतिहास,** भाग-१-३, द्वितीय छंदरण, संपा० आचार्य मुनिचन्द्रसूरि तथा विभिन्न अभिनन्दन ग्रन्थों, शोध-पत्रिकाओं आदि में विद्वानों द्वारा बृहद्गच्छ के आचार्यों के सम्बन्ध में लिखे गये लेखों से भी आवश्यक सहायता गयी है ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अध्याय - २

बृहद्गच्छ का प्रारम्भिक इतिहास

निर्ग्रन्थ दर्शन के श्वेताम्बर आम्नाय का प्राक् मध्ययुग व मध्ययुग का इतिहास मुख्य रूप से चन्द्रकुल की अनेक शाखाओं-प्रशाखाओं के रूप में उद्भूत विभिन्न गच्छों का ही इतिहास है। इन गच्छों में बृहद्गच्छ भी एक है। चौलुक्य नरेश दुर्लभराज (वि०सं० १०६७-७८/ई०स० १०१०-२१) की राजसभा में चैत्यवासियों और सुविहितमार्गीय मुनिजनों के मध्य जो शास्त्रार्थ हुआ था, उसमें सुविहितमार्गियों की विजय हुई। इन सुविहितमार्गियों में बृहद्गच्छ के भी आचार्य थे। आज प्रवर्तमान सभी श्वेताम्बर मूर्तिपूजक गच्छ- खरतरगच्छ, अंचलगच्छ और तपागच्छ तथा पार्श्वचन्द्रगच्छ (जो चन्द्रकुल की एक शाखा बृहद्गच्छ से ही अस्तित्व में आया है) चन्द्रकुल से ही अपनी उत्पत्ति बतलाते हैं।

बृहद्गच्छ में विभिन्न प्रभावक और विद्वान् मुनिजन हो चुके हैं जिनमें देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि, मुनिचन्द्रसूरि, वादिदेवसूरि, रामचन्द्रसूरि, आम्रदेवसूरि, **प्रवचनसारोद्धार** आदि ग्रन्थों के कर्ता नेमिचन्द्रसूरि, हरिभद्रसूरि, हेमचन्द्रसूरि, सोमप्रभसूरि, शांतिसूरि, जयमंगलसूरि, सुल्तान मुहम्मद तुगलक द्वारा सम्मानित गुणभद्रसूरि तथा फिरोज तुगलक द्वारा सम्मानित उनके शिष्य मुनिभद्रसूरि आदि उल्लेखनीय हैं ।

जैसा कि प्रथम अध्याय में हम देख चुके हैं बृहद्गच्छ के इतिहास के अध्ययन के लिए हमारे पास दो प्रकार के साक्ष्य हैं — १. साहित्यिक और २. अभिलेखीय।

साहित्यिक साक्ष्यों को भी दो भागों में बाँटा जा सकता है, प्रथम तो ग्रन्थों एवं पुस्तकों की प्रशस्तियाँ और द्वितीय पट्टावलियाँ और गुर्वावलियाँ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बृहद्गच्छ के उल्लेख वाली प्राचीनतम प्रशस्तियाँ विक्रम सम्वत् की १२वीं शताब्दी के मध्य की हैं। इस गच्छ के उत्पत्ति के विषय में चर्चा करने वाली सर्वप्रथम प्रशस्ति वि०सं० १२९१/ई०स० १२३४ में बृहद्गच्छीय आचार्य वादिदेवसूरि के शिष्य रत्नप्रभसूरि द्वारा रचित **उपदेशमालाप्रकरणवृत्ति**[१] की है, जिसके अनुसार आचार्य उद्योतनसूरि ने अर्बुद गिरि की तलहटी में स्थित धर्माण नामक सन्निवेश में न्यग्रोध वृक्ष के नीचे सात ग्रहों के शुभ लग्न को देखकर सर्वदेवसूरि सहित आठ मुनिजनों को एक साथ आचार्य पद दिया। सर्वदेवसूरि इस गच्छ के प्रथम आचार्य हुए। तपागच्छीय आचार्य मुनिसुन्दरसूरि द्वारा रचित **गुर्वावली**[२] (रचनाकाल वि०सं० १४६६/ई०स० १४१०); इसी गच्छ के आचार्य हीरविजयसूरि के शिष्य धर्मसागर उपाध्याय द्वारा रचित **तपागच्छपट्टावली**[३] (रचनाकाल वि०सं० १६४८/ई०स० १५९१) और मुनिमाल द्वारा रचित **बृहद्गच्छ गुर्वावली**[४] (रचनाकाल वि०सं० १६१०/ई०स० १५५४ के आस-पास) के अनुसार "वि०सं० ९९४ में अर्बुदगिरि की तलहटी में टेली नामक ग्राम में स्थित एक वटवृक्ष के नीचे आचार्य उद्योतनसूरि द्वारा सर्वदेवसूरि सहित आठ मुनिजनों को आचार्य पद प्रदान किया गया। इस प्रकार निर्ग्रन्थ श्वेताम्बर संघ में एक नये गच्छ का उदय हुआ जो वटवृक्ष के नाम को लेकर वटगच्छ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।" चूँकि वटवृक्ष की शाखाओं-प्रशाखाओं के समान इस गच्छ की भी अनेक शाखायें-प्रशाखायें हुईं, अत: इनका एक नाम बृहद्गच्छ भी पड़ा ।

गच्छ निर्देश सम्बन्धी धर्माण सन्निवेश के सम्बन्ध में दो दलीलें पेश की जा सकती हैं —

प्रथम यह कि उक्त मत एक स्वगच्छीय आचार्य द्वारा उल्लिखित है और दूसरे १५वीं शताब्दी के तपागच्छीय साक्ष्यों से लगभग दो शताब्दी प्राचीन भी है। अत: उक्त मत को विशेष प्रामाणिक माना जा सकता है।

जहाँ तक धर्माण सन्निवेश का प्रश्न है, आबू के निकट उक्त नाम का तो नहीं बल्कि वरमाण नामक स्थान है, जो उस समय भी जैन तीर्थ के रूप में मान्य रहा। अत: यह कहा जा सकता है कि लिपिदोष से वरमाण की जगह धर्माण हो जाना असम्भव नहीं।

सबसे पहले हम इस गच्छ के आचार्यों की गुर्वावली को, जो ग्रन्थ प्रशस्तियों, पट्टावलियों एवं अभिलेखों से प्राप्त होती है, एकत्र कर विद्यावंशवृक्ष तैयार करने का

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रयास करेंगे। इस सम्बन्ध में सर्वप्रथम हम बृहद्गच्छीय देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि द्वारा रचित **आख्यानकमणिकोश**[५] (रचनाकाल वि०सं० की १२वीं शताब्दी का द्वितीय चरण) की उत्थानिका में उल्लिखित इस गच्छ के आचार्यों की वंशावली[६] का उल्लेख करेंगे, जो इस प्रकार है—

उद्योतनसूरि 'प्रथम'

।

।

सर्वदेवसूरि

।

।

देवसूरि

।

।

नेमिचन्द्रसूरि 'प्रथम'

।

।

उद्योतनसूरि 'द्वितीय'

।

आम्रदेवसूरि 'प्रथम'

।

देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि

(वि०सं० १२वीं शताब्दी के द्वितीय चरण के आसपास आ०म०को० के रचनाकार)

देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि द्वारा रचित **आत्मबोधकुलक, उत्तराध्ययनसूत्र-सुखबोधावृत्ति** (रचनाकाल वि०सं० ११२९/ई०स० १०७६), **महावीरचरित** (रचनाकाल वि०सं० ११४०/ई०स० १०८५) और **रत्नचूड़कथा** नामक कृतियाँ भी मिलती हैं।[७]

नेमिचन्द्रसूरि को अजितदेवसूरि के शिष्य आनन्दसूरि ने अपने पट्ट पर स्थापित किया था। अजितदेवसूरि उद्योतनसूरि 'द्वितीय' के समकालीन ५ आचार्यों में से एक

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

थे। शेष ४ आचार्य हैं — यशोदेवसूरि, प्रद्युम्नसूरि, मानदेवसूरि और सर्वदेवसूरि। इसे तालिका के रूप में निम्न प्रकार से स्पष्ट किया जा सकता है —

उद्योतनसूरि 'प्रथम'

।

सर्वदेवसूरि

।

देवसूरि 'विहारुक'

।

नेमिचन्द्रसूरि 'प्रथम' उद्योतसूरि 'द्वितिय' के समकालीन ५ आचार्य

।

उद्योतनसूरि 'द्वितीय' यशोदेवसूरि प्रद्युम्नसूरि मानदेवसूरि (सर्व) देवसूरि अजितदेवसूरि

। ।

आम्रदेवसूरि 'प्रथम' आनन्दसूरि

। ।

देवेन्द्रगणि अपरनाम देवेन्द्रगणि अपरनाम

नेमिचन्द्रसूरि नेमिचन्द्रसूरि

अब हम देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि के इस वक्तव्य की ओर अपना ध्यान केन्द्रित करेंगे जिसमें उन्होंने कहा है कि **उत्तराध्ययनसूत्र** की **सुखबोधावृत्ति** की रचना उन्होंने अपने ज्येष्ठ गुरुभ्राता मुनिचन्द्रसूरि के अनुरोध पर की —

देवेन्द्रगणिश्चेमामुद्धृतवान् वृत्तिकां तद्विनेयः।
गुरुसोदर्यश्रीमन्मुनिचन्द्राचार्यवचनेन ।।११।।

शोधयतु बृहद्नुग्रहबुद्धिं मयि संविधाय विज्ञजनः।
तत्र च मिथ्यादुष्कृतमस्तु कृतमसंगतं यदिह ।।१२।।

उत्तराध्ययनसूत्र सुखबोधावृत्ति की प्रशस्ति[८]

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मुनिचन्द्रसूरि ने स्वरचित विभिन्न ग्रन्थों की प्रशस्तियों के अन्तर्गत अपनी गुरु-परम्परा का उल्लेख किया है जिसके अनुसार उनके प्रगुरु का नाम सर्वदेवसूरि और गुरु का नाम यशोभद्रसूरि एवं नेमिचन्द्रसूरि था ।[९] यशोभद्रसूरि से उन्होंने दीक्षा ग्रहण की और नेमिचन्द्रसूरि से आचार्य पद प्राप्त किया ।



ऊपर उद्योतनसूरि 'द्वितीय' के समकालीन जिन ५ आचार्यों का नाम आया है उनमें चौथे आचार्य देवसूरि मुनिचन्द्रसूरि के प्रगुरु सर्वदेवसूरि से अभिन्न मालूम होते हैं। देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि के सम्बन्ध में हम देख चुके हैं कि वे अपने प्रगुरु उद्योतनसूरि 'द्वितीय' के समकालीन ५ आचार्यों में से अन्तिम अजितदेवसूरि के शिष्य आनन्दसूरि के पट्टधर बने। इस प्रकार देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि और मुनिचन्द्रसूरि परस्पर सतीर्थ्य सिद्ध होते हैं, साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित हो जाता है कि बृहद्गच्छ की एक ही शाखा में प्राय: एक साथ ही नेमिचन्द्रसूरि नामक दो आचार्य हुए हैं — एक सर्वदेवसूरि के शिष्य और मुनिचन्द्रसूरि को आचार्य पद प्रदान करने वाले और दूसरे मुनिचन्द्रसूरि के कनिष्ठ गुरुभ्राता देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि। इन्हें क्रमश: नेमिचन्द्रसूरि 'द्वितीय' और नेमिचन्द्रसूरि 'तृतीय' कह सकते हैं। इसे तालिका के रूप में निम्न प्रकार से समझा जा सकता है —

उद्योतनसूरि 'प्रथम'

।

सर्वदेवसूरि

।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org



देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि 'तृतीय' द्वारा रचित **महावीरचरियं** (रचनाकाल वि०सं० ११४१/ई०स० १०८४) की प्रशस्ति[१०] में बृहद्गच्छ को चन्द्रकुल से उत्पन्न माना गया है, अत: समसामयिक चन्द्रकुल (जो पीछे चन्द्रगच्छ के नाम से प्रसिद्ध हुआ) की आचार्य-परम्परा पर भी एक दृष्टि डालना आवश्यक है। चन्द्रकुल में प्रख्यात वर्धमानसूरि, जिनेश्वरसूरि, बुद्धिसागरसूरि, नवांगीवृत्तिकार अभयदेवसूरि आदि विभिन्न प्रभावक आचार्य हुए हैं। आचार्य जिनेश्वरसूरि, जिन्होंने चौलुक्य नरेश दुर्लभराज (वि०सं० १०६७-१०७८/ई०स० १०१०-१०२१) की राजसभा में चैत्यवासियों को शास्त्रार्थ में परास्त कर गुर्जरधरा में विधिमार्ग का बलतर समर्थन किया था, वर्धमानसूरि के शिष्य थे।[११] आबू स्थित विमलवसही के प्रतिष्ठापकों में वर्धमानसूरि का भी नाम लिया जाता है।[१२] इनका समय विक्रम सम्वत् की ११वीं शती सुनिश्चित है। ये वर्धमानसूरि कौन थे ? इस प्रश्न का भी उत्तर ढूंढ़ना अत्यन्त आवश्यक है ।

खरतरगच्छीय आचार्य जिनदत्तसूरि द्वारा रचित **गणधरसार्धशतक**[१३] (रचनाकाल वि०सं० बारहवीं शताब्दी का उत्तरार्ध) और जिनपालोध्याय द्वारा रचित **खरतरगच्छबृहद्गुर्वावली**[१४] (रचनाकाल - विक्रम सम्वत् तेरहवीं शताब्दी का अन्तिम चरण) से ज्ञात होता है कि वर्धमानसूरि पहले एक चैत्यवासी आचार्य के शिष्य थे,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

परन्तु बाद में उनके मन में चैत्यवास के प्रति विरोध की भावना जागृत हुई और उन्होंने अपने गुरु से आज्ञा लेकर सुविहितमार्गीय आचार्य उद्योतनसूरि से उपसम्पदा ग्रहण की।

गणधरसार्धशतक की गाथा ६१-६३ में देवसूरि, नेमिचन्द्रसूरि और उद्योतनसूरि के बाद वर्धमानसूरि का उल्लेख है[१५] । पूर्व प्रदर्शित देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि की गुरु-परम्परा की तालिका में देवसूरि, नेमिचन्द्रसूरि 'प्रथम', उद्योतनसूरि 'द्वितीय' के पश्चात् आम्रदेवसूरि 'प्रथम' का उल्लेख हैं[१६]। इस प्रकार उद्योतनसूरि 'द्वितीय' के दो शिष्यों - वर्धमानसूरि और आम्रदेवसूरि 'प्रथम' — का अलग-अलग साक्ष्यों से उल्लेख प्राप्त होता है। इस आधार पर वर्धमानसूरि और आम्रदेवसूरि 'प्रथम' परस्पर गुरुभ्राता सिद्ध होते हैं। किन्तु जहां एक और वर्धमानसूरि और उनके शिष्य जिनेश्वरसूरि एवं बुद्धिसागरसूरि विक्रमसम्वत् की ११वीं शती के अंतिमचरण और १२वीं शती के प्रथम दशक के आचार्य हैं वहीं दूसरी और आम्रदेवसूरि 'प्रथम' तथा उनके शिष्य देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि 'तृतीय'का सत्ता समय विक्रम सम्वत् की १२वीं शती का प्रथम-द्वितीय चरण सुनिश्चित है । इस प्रकार दोनों गुरु भ्राताओं-वर्धमानसूरि और आम्रदेवसूरि 'प्रथम' तथा उनके शिष्यों के मध्य लगभग ४० वर्षों का दीर्घ अन्तराल भी स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है जो कि सामान्य रूप से अति कठिन प्रतीत होता है किन्तु ऐसा होना नितान्त असंम्भव भी नहीं माना जा सकता । आम्रदेवसूरि 'प्रथम' की शिष्य-परम्परा, जिसमें देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि 'तृतीय' हुए, की ऊपर चर्चा की जा चुकी है। अब वर्धमानसूरि की शिष्य-परम्परा पर भी प्रसंगवश प्रकाश डालना आवश्यक है।

वर्धमानसूरि के शिष्य के रूप में जिनेश्वरसूरि एवं बुद्धिसागरसूरि का उल्लेख प्राप्त होता है। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि जिनेश्वरसूरि ने चौलुक्यनरेश दुर्लभराज की राजसभा में चैत्यवासियों को शास्त्रार्थ में परास्त कर विधिमार्ग का समर्थन किया था।

जिनेश्वरसूरि के ख्यातिनाम शिष्यों में नवांगीवृत्तिकार अभयदेवसूरि, **सुरसुंदरीचरियं** के रचनाकार जिनभद्र अपरनाम धनेश्वरसूरि और जिनचन्द्रसूरि के उल्लेख प्राप्त होते हैं।[१७] इनमें से अभयदेवसूरि की शिष्य-परम्परा आगे चली।

अभयदेवसूरि के प्रमुख शिष्यों में प्रसन्नचन्द्रसूरि, देवभद्रसूरि, जिनवल्लभसूरि और वर्धमानसूरि 'द्वितीय' के उल्लेख मिलते हैं।[१८] देवभद्रसूरि ने जिनवल्लभसूरि और जिनदत्तसूरि को आचार्य पद प्रदान किया।[१९]

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जिनवल्लभसूरि भी प्रारम्भ में एक चैत्यवासी आचार्य के शिष्य थे, परन्तु बाद में अपने चैत्यवासी गुरु की आज्ञा लेकर अभयदेवसूरि से उपसम्पदा ग्रहण की ।[२०]

खरतरगच्छीय परम्परा एक स्वर से सुविहितमार्गीय आचार्य वर्धमानसूरि, उनके पट्टधर और दुर्लभराज की राजसभा में वाद विजेता जिनेश्वरसूरि, प्रसिद्ध रचनाकार जिनचन्द्रसूरि, नवांगीवृत्तिकार अभयदेवसूरि आदि को अपने गच्छ का घोषित करती है, किन्तु इन रचनाकारों — जिनचन्द्रसूरि, अभयदेवसूरि ने अपनी कृतियों में कहीं भी अपने को खरतरगच्छीय नहीं कहा है और न ही कहीं इस गच्छ का नामोल्लेख ही किया है अपितु वे स्वयं को चन्द्रकुल का बतलाते हैं। ऐसी परिस्थिति में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक ही है कि किसके कथन को प्रामाणिक माना जाये।

वस्तुत: वर्धमानसूरि और जिनेश्वरसूरि द्वारा प्रवर्तित सुविहितमार्गीय आन्दोलन को उनकी शिष्य सन्तति ने ही आगे बढ़ाया। इसी क्रम में अभयदेवसूरि के कई शिष्यों में से एक जिनवल्लभसूरि एवं उनके पट्टधर जिनदत्तसूरि आगमसम्मत अपने कठोर आचरण के कारण विशेष रूप से विख्यात हुए और इनका शिष्य-समुदाय खरतरगच्छीय कहलाने लगा। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सुविहितमार्गीय चन्द्रकुलीन आचार्य वर्धमानसूरि, जिनेश्वरसूरि, जिनचन्द्रसूरि, अभयदेवसूरि आदि खरतरगच्छीय तो नहीं अपितु इस गच्छ के आदिपुरुष जिनवल्लभसूरि एवं जिनदत्तसूरि के पूर्वज अवश्य थे। चूँकि अभयदेवसूरि के एक शिष्य जिनवल्लभसूरि का समुदाय खरतरगच्छ के नाम से विख्यात हुआ, अत: इस गच्छ की उत्तरकालीन परम्परा द्वारा उनके पूर्वपुरुषों को भी स्वाभाविक रूप से इसी नाम से अभिहित किया जाने लगा।

अभयदेवसूरि के तीसरे शिष्य और पट्टधर वर्धमानसूरि हुए। इन्होंने वि०सं० ११४०/ई०स० १०८४ में **मनोरमाकहा,** वि०सं० ११६०/ई०स० ११०४ में **आदिनाथचरित** और **धर्मरत्नकरण्डक** की रचना की ।[२१]

वि०सं० ११८७ एवं वि०सं० १२०८ के अभिलेखों में बृहद्गच्छीय चक्रेश्वरसूरि को वर्धमानसूरि का शिष्य कहा गया है। इन लेखों की वाचना निम्नानुसार है —

सं (वत्) ११८७ (वर्षे) फागु (ल्गु)णवदि ४ सोमे रुद्रसिणवाडास्थानीय प्राग्वाटवंसा (शा) — वये श्रे० साहिलसंताने पलाद्वंदा (?) श्रे० पासल संतणाग देवचंद्र आसधर आंबा अंबकुमार श्रीकुमार लोयण प्रकृति श्वासिणि शांतीय रामति गुणसिरि प्रडूहि तथा पल्लडीवास्तव्य अंबदेवप्रभृतिसमस्तश्रावकश्राविकासमुदायेन अर्बुदचैत्यतीर्थे श्रीरि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ऋ)षभदेवबिंबं निःश्रेयसे कारितं बृहद्गच्छीय श्रीसंविग्नविहारि श्रीवर्धमानसूरिपादपद्मोप (सेवि) श्रीचक्केश्वरसूरिभिः प्रतिष्ठितं। ।

मुनि जयन्तविजय, सम्पा० - **अर्बुदप्राचीनजैनलेखसंदोह**, लेखांक ११४.

ॐ संवत् १२०८ फागुण सुदि १० रवौ श्रीबृहद्गच्छीयसंविग्नबिहारी (रि) श्रीवर्धमानसूरिशिष्यैः श्रीचक्रेश्वरसूरिभिः प्रतिष्ठितं प्राग्वाट वंशीय..... .....।

मुनि विशालविजय, संग्राहक, सम्पा० - **श्रीआरासणातीर्थ**, लेखांक ११.

इसी प्रकार वि०सं० १२१४ के वडगच्छ से ही सम्बन्धित एक अभिलेख में बृहद्गच्छीय परमानन्दसूरि के गुरु का नाम चक्रेश्वरसूरि और प्रगुरु का नाम वर्धमानसूरि दिया गया है। लेख का मूलपाठ निम्नानुसार है :

संवत् १२१४ फाल्गुन वदि शुक्रवारे श्रीबृहद्गच्छोद्भवसंविग्नविहारि श्रीवर्धमानसूरीय-चक्रेश्वरसूरिशिष्य ..... श्रीपरमानंदसूरिसमेतैः ..... प्रतिष्ठितं।

मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक १४.

बृहद्गच्छीय चक्रेश्वरसूरि के गुरु और परमानन्दसूरि के प्रगुरु वर्धमानसूरि को समसामयिकता और नाम साम्य के आधार पर अभयदेवसूरि के शिष्य वर्धमानसूरि से अभिन्न माना जा सकता है। जहाँ तक दोनों के गच्छ सम्बन्धी समस्या का प्रश्न है, उसका समाधान यह है कि चन्द्रगच्छ और बृहद्गच्छ — दोनों का मूल एक ही होने से इस समय तक आचार्यों में परस्पर प्रतिस्पर्धा की भावना नहीं दिखायी देती है। गच्छीय प्रतिस्पर्धा के युग में भी एक गच्छ के आचार्य दूसरे गच्छ के आचार्यों के शिष्यों को विद्याध्ययन कराना अपारम्परिक नहीं समझते थे। अतः बृहद्गच्छीय चक्रेश्वरसूरि एवं परमानन्दसूरि के गुरु चन्द्रगच्छीय वर्धमानसूरि हों तो यह तथ्य प्रतिकूल नहीं लगता।

इस प्रकार चन्द्रकुल (बाद में चन्द्रगच्छ) और बृहद्गच्छ के मुनिजनों का संयुक्त वंशवृक्ष बनता है, वह इस प्रकार है ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सन्दर्भ

१. श्रीमत्यर्बुदतुंगशैलशिखरच्छायाप्रतिष्ठास्पदे
धर्माणाभिधसन्निवेशविषये न्यग्रोधवृक्षो वभौ।
यत्शाखाशतसंख्यपत्रबहुच्छायास्वपायाहतं
सौख्येनोषितसंघमुख्यशकटश्रेणीपंचकम्।।।।
लग्ने क्वापि समस्तकार्यजनके सप्तग्रहालोकेन
ज्ञात्वा ज्ञानवशाद् गुरुं ... देवाभिधः।
आचार्यान् रचयांचकार चतुरस्तंस्मात् प्रवृद्धो बभौ
वंद्रोऽयं वटगच्छनाम रुचिरो जीयाद् युगानां शतीम्।।२।।

Muni Punya Vijaya, Ed. *Catalogue of Palm-Leaf Mss in the Shantinatha Jain Bhandara, Cambay,* Part II, pp. 284-286.

२. मुनि दर्शनविजय, सम्पा० - **पट्टावलीसमुच्चय,** भाग १, पृ० ३४.

३. वही, पृ० ५२-५३.

४. वही, भाग २, पृ० १८८.
मुनि जिनविजय, सम्पा० - **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह,** पृ० ५२-५५.

५. **आख्यानकमणिकोश,** सम्पा० - मुनि पुण्यविजय, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, ग्रन्थांक ७, वाराणसी १९६२ ई०.

६-७. वही, सम्पादकीय प्रस्तावना, पृ० ६-७.

८. Muni Punya Vijaya, Ed. *Catalogue of Palm-Leaf Mss in the Shantinatha Jain Bhandara, Cambay,* Part I, p. 114.

९. मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास,** कण्डिका ३३२.

१०. सिरि जंवुणामसिरिपभवसूरिसेज्जंभवाइसूरीणं।
परिवाडीए जाओ चंदकुले वड्डगच्छंमि।।
सिरि उज्जोयणसूरी उत्तमगुणरयणभूसियसरीरो।
वेहारुयमुणिसंताणगयणवर पुन्निमाइंदो।।

Muni Punya Vijaya, *Catalogue of Palm-Leaf Mss in the Shantinatha Jain Bhandara, Cambay,* Part II, p. 339.

११. **कथाकोषप्रकरण**, सम्पा० - मुनि जिनविजय, प्रस्तावना, पृ० २ और आगे.

१२. अगरचन्द नाहटा, "विमलवसही के प्रतिष्ठापकों में वर्धमानसूरि भी थे", **जैनसत्यप्रकाश**, वर्ष ५, अंक ५-६, पृ०२१२-१४.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

१३. **अपभ्रंशकाव्यत्रयी**, सम्पा० - पं० लालचन्द भगवानदास गांधी, परिशिष्ट, पृ० ८७-१०६.

१४. **खरतरगच्छबृहद्गुर्वावली**, सम्पा० - मुनि जिनविजय, प्रस्ताविक वक्तव्य, पृ० १-३.

अगरचन्द नाहटा, "खरतरगच्छ गुर्वावली का ऐतिहासिक महत्त्व", वही, पृ० ६-१२.

१५. तयणंतरदुत्तरभवसमुद्दमज्जंतभव्वसत्ताणं ।
पोयाण व्व सूरीणं जुगपवराणं पणिवयामि ॥ ६१ ॥

गयराग-दोसदेवो **देवायरिओ** य **नेमिचंदगुरु** ।
उज्जोयणसूरि गुरुगुणोहगुरुपारतंतगओ ॥ ६२ ॥

सिरि**वद्धमाण**सूरि पवद्धमाणाइरित्तगुणनिलओ ।
चियवासमसंगयमवगमित्तु वसहीइ जो वसिओ ॥ ६३ ॥

अपभ्रंशकाव्यत्रयी, संपा० पं० लालचन्द भगवानदास गांधी, परिशिष्ट, पृ० ९५.

१६. द्रष्टव्य - संदर्भ क्रमांक ६.

१७. मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैनसाहित्यनो संक्षिप्त इतिहास,** कण्डिका २८४.

१८. वही, कण्डिका, २९९.

१९. **कथाकोशप्रकरण,** प्रस्तावना, पृ० १५.

२०. वही, पृ० ५, **जिनरत्नकोश,** पृ० ३०१.

२१. वही, पृ. १४.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अध्याय - ३

बृहद्गच्छ के प्रमुख आचार्य एवं इस गच्छ से उद्भूत विभिन्न गच्छ

बृहद्गच्छ में समय-समय पर अनेक प्रबुद्ध मुनिजन हुए, जिनके द्वारा रचित विभिन्न कृतियाँ प्राप्त होती हैं। **आख्यानकमणिकोश,** जिसका प्रारम्भ में उल्लेख आ चुका है, पर वि०सं० ११९१ई० सन् ११२५ में बृहद्गच्छ के ही आम्रदेवसूरि ने वृत्ति की रचना की,[१] जिसकी प्रशस्ति इस प्रकार है : —

ज्ञानदिरत्नवसतिर्जनमान्यलक्ष्मीजन्माग्रभूमिरभितो बहुसत्त्वसेव्यः ।
निर्धौतकर्ममलनिर्मलधर्मनीरः, क्षोणीभृदाश्रितगरिष्ठगभीरमध्यः ॥१॥

अच्युतप्रवणावासो, मर्यादाऽनतिवर्तकः।
अस्ति स्वच्छो बृहद्गच्छः, श्रीमान् नाथ इवाम्भसाम् ॥२॥

इति नीरधितुल्यगुणे, दयासुधापास्तजन्म-रुग्-मरणे ।
कचिदतिशायिनि समये, शिष्टाः ! निशमयत यज्जातम्॥३॥

मुनिविबुध (वि) धृतजिनमतमन्दरमथिमथ्यमानतन्मध्यात् ।
स्फूर्जन्महाप्रभावः, प्रादुरभूद् रम्यरत्नचयः ॥४॥

तथा हि —

श्रीदेवसूरिः सुमनःसमृद्धः, समुल्लसत्सत्फलपत्रशाखः ।
कुतोऽप्यथो अविरभूदमुष्मात्, सुरावगीतोपचिपारिजातः ॥५॥

अनेकविकृतिक्रियाकुटिलकर्मरूपामया-
ऽपहारकरणक्षमः श्रुतिविचारदक्षः शुचिः।

प्रवृद्धकरुणामृतस्समुदपादि धन्वन्तरिः,
श्रियां पदमनागसाम**जितसूरिरर्यः** सताम् ॥६॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रुचिरचरणयोगाद् दुर्धरैरावतोऽभूदनुपममदवारिप्रोल्लसत्कीर्तिघण्टः ।
प्रकटितसकलाङ्गो मोहसैन्याप्रधृष्यो, विबुधपतिनिषेव्यः **श्रीमदानन्दसूरिः** ॥७॥

समुन्नत्याधारः स्वरगतलसल्लक्षणधरः, श्रुतिश्रेयानंशिर्दधदपरचिह्नानि नितराम् ।
विनिर्यत्सद्धेतौ सुविषममहावादिसमरे, स्फुरत्तेजोदृप्यत्तरलनयनोऽश्वश्च निरगात् ॥८॥

श्रीनेमिचन्द्रसूरिर्यः कर्ता प्रस्तुतप्रकरणस्य ।
सर्वज्ञागमपरमार्थवेदिनामग्रणीः कृतिनाम् ॥९॥

अन्यां च सुखावगमां, यः कृतवानुत्तराध्ययनवृत्तिम् ।
लघुवीरचरितमथ रत्नचूडचरितं च चतुरमतिः ॥१०॥

शश्वत्पण्डितमण्डलीकुमुदिनीकान्ताप्रमोदावहः,
सर्वज्ञागमदेशनामृतकरैर्निर्वापयन् मेदिनीम् ।
भास्वत्सन्मुनितारकेषु नियतं सन्नायकत्वं दधत्,
स श्रीमानुदियाय यो निजकुलव्योमाङ्गणालङ्कृतिः ॥११॥

सूरिः **श्रीजिनचन्द्रश्चन्द्रो** निःशेषजनमनोदयितः ।
सौम्यत्व-कलावित्वप्रभृतिगुणानां स्वकुलभवनम् ॥१२॥

तच्छिष्यः प्रथमपदे, श्रीपदवानाऽऽम्रदेवसूरिरभूत् ।
अपरोऽपि तत्कनिष्ठः, श्रीमान् **श्रीचन्द्रसूरिरभूत्** ॥१३॥

इतश्च—

यो मेदपाटाध्युषितोऽपि धीमान्, दयाधनो धार्मिकमध्यवर्ती ।
सत्साधुताधर्मकृताभिलाषः, सुश्रावकत्वं परिपाति सम्यक् ॥१४॥

मारावल्या अल्लकश्रेष्ठिवर्यो, मुक्त्वा स्वीयं धाम हेतोः कुतश्चित् ।
आयातोऽसावर्बुदाधःप्रदेशे, तत्राप्यासीत् स्वैर्गुणैः सुप्रसिद्धः ॥१५॥

किञ्च—

कासह्रदधाम्नि निजं, धर्म्यं धाम प्रवर्तितं येन ।
पोषधशाला सच्छ्रावकादिधर्मार्थमत्यर्थम् ॥१६॥

Jain Education International　For Personal & Private Use Only　www.jainelibrary.org

आजन्मापि जिनेश्वरस्य सदने बिम्बे जिनाभ्यर्चने,
तीर्थानामभिवन्दने जिनमतव्यालेखनेऽलङ्कृतौ ।
श्रीमत्सूरि-महत्तरापद-जिनप्रव्राजनादौ शुभं,
धर्मार्थं व्ययतो धनं सफलतां यस्याऽगमद् धीमतः।। १७ ।।

स **सिद्धनागः** ..... सुलब्धजन्मा, सदाकृतिर्धर्मविशुद्धकर्मा ।
पुत्रोऽभवत् तस्य जनप्रसिद्धः, पुण्यानुभावाच्चसदा समृद्धः ।।१८।।

तस्मादपि दौस्थित्यात्, कुतोऽपि **धवलक्कके** समायातः ।
आस्ते स **सिद्ध**नामा, तत्रापि जने गुणैः प्रथितः ।।१९।।

अन्यञ्च येन कारितमतिरम्यं भव्यजनमनोहारि ।
सीमन्धरजिनबिम्बं रमणीये **मोढचैत्यगृहे** ।।२०।।

त्यागी भोगी देव-गुर्वादिभक्तो, जैने धर्मे प्रेमरागानुरक्तः ।
वार्द्धक्येऽभूदेक **उद्योतनाह्वः**, पुत्रस्तस्य त्यक्तदुष्टद्विजिह्वः ।।२१।।

श्री**नेमिचन्द्र**सूरेर्वाक्यात् तदनु स्वशिष्यभणनाच्च ।
उद्योतनसच्छ्रावकविशेषसद्भक्तिवचनाच्च ।।२२।।

तत्रैव **बृहद्गच्छे** रत्नाकरसन्निभे प्रसूतेन ।
प्राकृतमणिकल्पेन, श्रुत-गुरुबहुमानसहितेन ।।२३।।

श्रीपदसङ्गतनाम्ना, श्रीम**ज्जिनचन्द्रसूरि**शिष्येण ।
रचिताऽऽ**म्रदेव**मुनिपेन वृत्तिरेषा स्वबोधेन ।।२४।।

व्याख्याप्रज्ञप्ताविव, लब्धवरायामिहापि सद्वृत्तौ ।
श्रुतिसुखदवर्णरुचिरा, विचित्रगम-भङ्गरमणीया ।।२५।।

सुव्यक्तमेकचत्वारिंशदनूना भवेयुरधिकाराः ।
तत्र सतानी च विचारश्रुता अग्र्यवृत्ताश्च (?) ।।२६।।

सत्स्वपि नानारूपेषु पूर्वकविभिर्विशिष्टमतिविभवैः ।
रचितेषु शास्त्रविवरणकथाप्रबन्धेषु सरसेषु ।।२७।।

कीदृगिदं मत्काव्यं ? तदपि ग्राह्यं कृतप्रचुरकरुणैः ।
मयि वल्लभमाध्यस्थ्ये, माध्यस्थ्यगुणान्वितैः सद्भिः ।।२८।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

छन्दोलक्षणविकलं, समयोत्तीर्णं च यत् किमपि लिखितम् ।
तच्छोध्यं विद्वद्भिः, कृताञ्जलिः प्रार्थये भवतः ।।२९।।

अन्यच्च **नेमिचन्द्रा गुणाकराः पार्श्वदेव**नामानः ।
एते त्रयोऽपि गणयो विपश्चितो मुख्यनिजशिष्याः ।।३०।।

साहाय्यं कृतवन्तो मम लेखन-शोधनादिकृत्येषु ।
आधानोद्धरणे च प्रमादविकलाः कलाकुशलाः ।।३१।।

नवत्या युक्तेषु प्रथितयशसो विक्रमनृपा-
च्छतेषु क्रान्तेषु त्रिनयनसमानेषु शरदाम्।
अजय्ये सौराज्ये जयति **जयसिंहस्य** नृपते-
रियं स्थानीयेऽगाद् **धवलकपुरे** सिद्धिपदवीम् ।।३२।।

श्रेष्ठि**यशोनाग**स्याऽऽरब्धा वसतावविस्थितैः सद्भिः ।
वसतां सम्यगवसिता वसताव**च्छुप्त**सत्कायाम् ।।३३।।

भुवनानीव चतुर्दश धातुर्मम रम्यवर्ण-पदभाञ्जि ।
अक्षरगणनाद् ग्रन्थो जातोऽनुष्टुप्सहस्राणि ।।३४।।

मानसगर्भे स्थित्वा, लक्षणयुगयं सपादनवमासैः ।
आख्यानकमणिकोशः, सुत इव समपाचि सद्वृत्तिः ।।३५।।

यावश्चन्द्रश्च सूर्यश्च, यावन्मेरुर्महीतलम् ।
स्वर्गाऽपवर्गवत् तावन्नन्द्यादेषाऽपि मत्कृतिः ।।३६।।

इस प्रशस्ति के प्रारम्भ के १५ पद्यों में वृत्तिकार ने अपने गच्छ के पूर्ववर्ती आचार्यों देवसूरि, अजितदेवसूरि, आनन्दसूरि और सुप्रसिद्ध रचनाकार नेमिचन्द्रसूरि का सादर स्मरण किया है, किन्तु उनके सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं दी है। इस कारण इन आचार्यों का पारस्परिक सम्बन्ध क्या था? इस बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं होती। स्वयं वृत्तिकार के सम्बन्ध में इतना ही ज्ञात होता है कि वे मूल ग्रन्थकार के गुरुभ्राता जिनचन्द्रसूरि के शिष्य और श्रीचन्द्रसूरि के गुरुभ्राता थे। वृत्तिकार आम्रदेवसूरि के तीन शिष्यों — नेमिचन्द्र, गुणाकर और पार्श्वदेव ने इस वृत्ति की रचना में अपने गुरु की सहायता की।[२] इसे तालिका के रूप में इस प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है:

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

द्रष्टव्य **तालिका क्रमांक -१**



(**आख्यानकमणिकोशवृत्ति** की रचना में गुरु को सहायता देने वाले)

आम्रदेवसूरि के उपरोक्त शिष्य नेमिचन्द्रसूरि द्वारा रची गयी **अनंतनाहचरिय** (रचनाकाल वि०सं० १२१६/ई०स० ११५०) की प्रशस्ति में उन्होंने अपने गुरु-परम्परा की लम्बी गुर्वावली दी है, जो इस गच्छ के इतिहास के अध्ययन के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।[३] इस प्रशस्ति के अनुसार बृहद्गच्छ में देवसूरि के वंश में अजितदेवसूरि हुए, जिनके पट्टधर का नाम आनन्दसूरि था। आनन्दसूरि के तीन पट्टधर हुए — १- नेमिचन्द्रसूरि; २- प्रद्योतनसूरि और ३- जिनचन्द्रसूरि। जिनचन्द्रसूरि के दो पट्टधर हुए — १- आम्रदेवसूरि **(आख्यानकमणिकोशवृत्ति के कर्ता)** एवं श्रीचन्द्रसूरि। आम्रदेवसूरि के शिष्य विजयसेनसूरि, नेमिचन्द्रसूरि (वि०सं० १२१६/ई०स० ११६० में**अनंतनाहचरिय** के कर्ता), यशोदेवसूरि, गुणाकर और पार्श्वदेव हुए। आम्रदेवसूरि ने अपने पट्ट पर अपने कनिष्ठ गुरुभ्राता श्रीचन्द्रसूरि के शिष्य हरिभद्रसूरि को स्थापित किया। विजयसेनसूरि के शिष्य समन्तभद्रसूरि हुए। यशोदेवसूरि और समन्तभद्रसूरि ने **अनंतनाथचरिय** का संशोधन किया। इसे तालिका के रूप में निम्न प्रकार रखा जा सकता है :

द्रष्टव्य तालिका क्रमांक -२

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तालिका क्रमांक- २



Jain Education International
For Personal & Private Use Only
www.jainelibrary.org

आम्रदेवसूरि ने अपने गुरुभ्राता श्रीचन्द्रसूरि के शिष्य हरिभद्रसूरि,[४] जिन्हें अपना मुख्य पट्टधर बनाया था, द्वारा रचित **मल्लिनाहचरिय, चंदप्पहचरिय, नेमिनाथचरित** नामक कृतियां मिलती हैं।[५] **अनंतनाथचरिय** के अलावा नेमिचन्द्रसूरि ने **प्रवचनसारोद्धार** नामक कृति की भी रचना की।[६]

चन्द्रकुल में शांतिसूरि नामक एक आचार्य हुए जिन्होंने वि०सं० ११६१/ई०स० ११०५ *में प्राकृत-भाषा में* ***पुहवीचंदचरिय (पृथ्वीचन्द्रचरित)*** *की रचना की।*[७] *इसकी* प्रशस्ति में उन्होंने स्वयं को सर्वदेवसूरि का प्रशिष्य और नेमिचन्द्रसूरि का शिष्य बतलाया है तथा यह भी कहा है कि ग्रन्थकार के प्रगुरु के शिष्य श्रीचन्द्रसूरि ने उन्हें आचार्य पद प्रदान किया। (प्रशस्ति गाथा २८८)[८]

यहाँ 'ग्रन्थकार का पक्ष लेकर श्रीचन्द्रसूरि ने उन्हें आचार्य पद दिया' ऐसे स्ववक्तव्य से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि ग्रन्थकार शांतिसूरि के गुरु नेमिचन्द्रसूरि को उन्हें आचार्य पद देना अभीष्ट न था, फिर भी ग्रन्थकार ने अपने गुरु के प्रति प्रशस्तिगाथा (२८६) में अत्यधिक सम्मान प्रकट किया है। प्रशस्ति गाथा (२८५) से यह भी स्पष्ट होता है कि ग्रन्थकार के प्रगुरु सर्वदेवसूरि से अनेक शाखाओं-प्रशाखाओं वाला गच्छ बना था।[९]

ग्रन्थकार को आचार्य धनेश्वरसूरि से विद्याभ्यास विषयक विभिन्न मार्गदर्शन मिला था, ऐसा स्वयं ग्रन्थकार ने ही उल्लेख किया है। ग्रन्थकार के प्रगुरु सर्वदेवसूरि के पट्टशिष्य के रूप में ८ आचार्य थे।[१०] जैसा कि पूर्व में हम देख चुके हैं बृहद्गच्छीय आचार्य मुनिचन्द्रसूरि भी अपने प्रगुरु के रूप में सर्वदेवसूरि व गुरु के रूप में यशोभद्रसूरि एवं नेमिचन्द्रसूरि का उल्लेख करते हैं।[११] तपागच्छीय मुनिसुन्दरसूरि द्वारा रचित **गुर्वावली** (रचनाकाल वि०सं० १४६६/ई०स० १४१०) में भी सर्वदेवसूरि के उक्त दो शिष्यों का नाम आ चुका है।[१२] शेष ६ पट्टधरों में से तीसरे श्रीचन्द्रसूरि (प्रशस्ति गाथा २८८) और चौथे धनेश्वरसूरि जिनका ग्रन्थकार ने अपने विद्यागुरु के रूप में उल्लेख किया है, का नाम हम ऊपर देख चुके हैं। धनेश्वरसूरि से चैत्रगच्छ अस्तित्त्व में आया।[१३] धनेश्वरसूरि के पट्टधर भुवनचन्द्रसूरि और भुवनचन्द्रसूरि के पट्टधर देवभद्रगणि हुए जिनके पास जगच्चन्द्रसूरि ने उपसम्पदा ग्रहण की। जगच्चन्द्रसूरि से वि०सं० १२८५ में तपागच्छ अस्तित्त्व में आया।[१४] जगच्चन्द्रसूरि के दो शिष्यों विजयचन्द्रसूरि और देवेन्द्रसूरि से तपागच्छ की बृहद्पौशालिक[१५] एवं लघुपौशालिक[१६] शाखायें निकलीं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सर्वदेवसूरि के ५वें शिष्य के रूप में उपा०विनयचन्द का नाम मिलता है। इनके शिष्य मुनिचन्द्रमुनि को शांतिसूरि के गुरु नेमिचन्द्रसूरि ने अपना पट्टधर बनाया था। इन्हीं मुनिचन्द्रमुनि ने शांतिसूरि से **पृथ्वीचंद्रचरित** की रचना के लिए प्रार्थना की थी।[१७] इस प्रकार सर्वदेवसूरि के ८ शिष्यों में से ५ शिष्यों — १- यशोभद्रसूरि; २- नेमिचन्द्रसूरि; ३- श्रीचन्द्रसूरि; ४- धनेश्वरसूरि और ५- उपा० विनयचन्द्र के नाम ज्ञात हो जाते हैं। शेष तीन शिष्यों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती।

वि०स० ११४९ में पूर्णिमागच्छ के प्रवर्तक चन्द्रप्रभसूरि[१८] के प्रगुरु सर्वदेवसूरि भी उक्त सर्वदेवसूरि से समसामयिकता, नामसाम्य आदि को देखते हुए अभिन्न माने जा सकते हैं।

जैसा कि प्रारम्भ में हम देख चुके हैं यशोभद्रसूरि और नेमिचन्द्रसूरि के शिष्य मुनिचन्द्रसूरि से बृहद्गच्छ की परम्परा आगे बढ़ी। इसी प्रकार नेमिचन्द्रसूरि के दूसरे शिष्य व श्रीचन्द्रसूरि द्वारा आचार्यपद प्राप्त शांतिसूरि से पिप्पलगच्छ[१९] अस्तित्त्व में आया । द्रष्टव्य - तालिका-३

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तालिका क्रमांक- ३



(सर्व) देवसूरि
जयसिंहसूरि
यशोभद्रसूरि
नेमिचन्द्रसूरि
श्रीचन्द्रसूरि (शान्तिसूरि को आचार्य पद देनेवाले)
धनेश्वरसूरि (शान्तिसूरि को विद्याध्ययन कराने वाले, चैत्रगच्छ के प्रवर्तक)
उपा०विजयचन्द्र
३अन्य शिष्य
चन्द्रप्रभसूरि (वि०सं० ११४९ में पूर्णिमागच्छ के प्रवर्तक)
मुनिचन्द्रसूरि (बृहद्गच्छीय)
शान्तिसूरि (वि०सं० ११६१ में **पुहवीचंदचरिय** के कर्ता एवं पिप्पलगच्छ के आदिपुरुष)
भुवनचन्द्रसूरि
मुनिचन्द्रमुनि (नेमिचन्द्रसूरि द्वारा आचार्य पद प्राप्त, शान्तिसूरि से **पुहवीचंदचरिय** की रचना की प्रार्थना करने वाले)
देवभद्रगणि
पूर्णिमागच्छ
बृहद्गच्छ
पिप्पलगच्छ
चैत्रगच्छ
जगच्चन्द्रसूरि (वि०सं० १२८५ में तपागच्छ के प्रवर्तक)
विजयचन्द्रसूरि (तपागच्छ-बृहद्पौशालिक शाखा के आदिपुरुष)
देवेन्द्रसूरि (तपागच्छ-लघुपौशालिक शाखा के आदिपुरुष)

बृहद्गच्छीय आचार्य हरिभद्रसूरि द्वारा रचित विभिन्न कृतियां मिलती हैं। वि०सं० ११७२/ई०स० १११६ में इन्होंने **बन्धस्वामित्ववृत्ति, आगमिकवस्तुविचारसारप्रकरणवृत्ति** और **श्रेयांसनाथचरित** की रचना की। वि०सं० ११८५/ई०स० ११२९ में पाटण में श्रेष्ठी यशोनाग के उपाश्रय में रहते हुए **प्रशमरतिप्रकरण** पर वृत्ति की रचना की। अपनी कृतियों की प्रशस्ति[२०] में इन्होंने मानदेवसूरि को अपना प्रगुरु तथा जिनदेवसूरि को गुरु बतलायाहै:

मानदेवसूरि
।
जिनदेवसूरि
।
हरिभद्रसूरि

हरिभद्रसूरि के प्रगुरु मानदेवसूरि को **आख्यानकमणिकोश** के रचनाकार देवेन्द्रगणि अपरनाम नेमिचन्द्रसूरि के प्रगुरु उद्योतनसूरि 'द्वितीय' के समकालीन ५ आचार्यों — यशोदेवसूरि, प्रद्युम्नसूरि, मानदेवसूरि, (सर्व) देवसूरि और आनन्दसूरि — में से तीसरे मानदेवसूरि से प्राय: समसामयिकता, नामसाम्य और गच्छसाम्य को देखते हुए अभिन्न मानने की सम्भावना व्यक्त की जा सकती है। द्रष्टव्य तालिका-४

तालिका क्रमांक -४

उद्योतनसूरि 'प्रथम'
।
सर्वदेवसूरि
।
देवसूरि 'विहारुक'
।
नेमिचन्द्रसूरि 'प्रथम'
।
उद्योतनसूरि 'द्वितीय'
।

?

यशोदेवसूरि | प्रद्युम्नसूरि | मानदेवसूरि | (सर्व)देवसूरि | आनन्दसूरि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आम्रदेवसूरि 'प्रथम'	जिनदेवसूरि
।	|
नेमिचन्द्रसूरि	हरिभद्रसूरि
	(प्रसिद्ध ग्रन्थकार)

श्रीचन्द्रसूरि के शिष्य एवं आम्रदेवसूरि के मुख्य पट्टधर हरिभद्रसूरि अपने युग के प्रसिद्ध रचनाकार थे। चौलुक्यनरेश जयसिंह सिद्धराज (वि०सं०११५०-११९९) और कुमारपाल (वि०सं० ११९९-१२३०) के शासनकाल में महामात्य के पद पर आसीन मंत्रीश्वर पृथ्वीपाल की प्रार्थना पर इन्होंने चौबीस तीर्थङ्करों के जीवनचरित्र का प्राकृत और अपभ्रंश भाषाओं प्रणयन किया। इनमें से **चन्द्रप्रभचरित, मल्लिनाथचरित** और **नेमिनाथचरित** आज उपलब्ध हैं। **चन्द्रप्रभचरित** की प्रशस्ति[२१] में इन्होंने अपनी गुरु-परम्परा दी है जो इस प्रकार है :

"नियय महिमा तिरोहिय-चिंतामणि-कामधेणु-माहप्पो ।
चउवीसइमजिणिंदो, जाओ **सिरिबद्धमाहपहू** ॥

तत्तित्थंमि य **कोडिय**गणंमि विउलाए वइरसाहाए ।
चंदकुलंमि य चंदुज्जलमि **वडगच्छ**गयणससी ॥

तरणि व्व गरुअ-तेओ, सयंभुरमणु व्व पत्त-परम-दओ ।
हंसो व्व विमलपक्खो, सुरगिरिरिव लोय मज्झत्थो ॥

लच्छी-कलाकलावासमाणमेहाहिं सच्चवियनामो ।
जाओ पत्तपसिद्धी, भयवं जिणचंदसूरि त्ति ॥

वियसंत-कुमुय-कमला, निय-निय-पहविभु (बु) ह चक्क-कय-तोसा ।
तत्सासि दोन्नि सीसा, रयणीयर- सहस्सकिरण व्व ॥

तत्थ य सुरसो विरइय- परप्पबंधो य धरणिनाहु व्व ।
सिरिअम्बएवसूरी, गुण-रयण-महोयही पढमो ॥

अणवरय-धम्मकम्मोवउत्त-चित्तो वि निच्चमपहरणो ।
कय-करणायारो वि हु, अविहिय-रायट्ठिइविसेसो ॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बहुसमओ वि अमओ, पाविय-उदओ वि पत्त-जल-संगो ।
बीओ विणेयरयणं, अहेसि **सिरिचंदसूरि** त्ति ।।''

''पसरिय-जस-पडहारव-नच्चाविय-कित्ति-तरुणिरयणस्स।
असरिस-गुण-मणि-निहिणो, पहुणो **सिरिचंदसूरि**स्स।।

चउवीसइ जिणपुंगव-सुचरिय-रयणाभिराम-सिंगारो।
एसो विणेयदेसो, जाओ हरिभद्दसूरि त्ति ।।

अपभ्रंश-भाषा में इनके द्वारा रचित **नेमिनाथचरित** की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि यह कृति चौलुक्यनरेश कुमारपाल के शासनकाल में पाटण में वि०सं० १२१६ कार्तिक सुदि १३ को पूर्ण हुई थी।[२२] इसमें कुल ८०३२ श्लोक हैं।

विजयसेनसूरि द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती; किन्तु उनके शिष्य समन्तभद्रसूरि ने, जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है अपने गुरु के गुरुभ्राता नेमिचन्द्रसूरि द्वारा रचित **अनंतनाथचरिय** का संशोधन किया था।[२३] ठीक यही बात नेमिचन्द्रसूरि के दूसरे गुरुभ्राता यशोदेवसूरि के बारे में भी हम ऊपर देख चुके हैं। आम्रदेवसूरि के दो अन्य शिष्यों गुणाकर एवं पार्श्वदेव द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है, और न ही इस सम्बन्ध में कोई उल्लेख ही प्राप्त होता है। उस सभी मुनिजनों की शिष्य-सन्तति में आगे चलकर कौन-कौन से मुनि हुए, इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं मिलती। बृहद्गच्छ की परम्परा आगे की शताब्दियों में भी प्रवाहमान रही; किन्तु उनका उक्त मुनिजनों से क्या सम्बन्ध था, इस सम्बन्ध में कुछ भी जान पाना प्रायः असम्भव हीहै।

मानदेवसूरि, (सर्व)देवसूरि और अजितदेवसूरि की पूर्वोक्त अलग-अलग शिष्य-परम्पराओं की तालिकाओं के परस्पर समायोजन से बृहद्गच्छीय मुनिजनों की जो संयुक्त तालिका बनती है, वह इस प्रकार है :

द्रष्टव्य तालिका क्रमांक - ५

Jain Education International　For Personal & Private Use Only　www.jainelibrary.org

तालिका क्रमांक-५



Jain Education International
For Personal & Private Use Only
www.jainelibrary.org

सन्दर्भ

१. यह कृति **आख्यानकमणिकोश** (मूल) के साथ ही प्रकाशित है। इस सम्बन्ध में विस्तार के लिए द्रष्टव्य-अध्याय २, सन्दर्भ क्रमांक ५.

२-३. वही, प्रस्तावना, पृ० ११-१२.

४. वही.

५. पं० लालचन्द भगवानदास गांधी, **ऐतिहासिकलेखसंग्रह,** श्री सयाजा साहित्यमाला, पुष्प ३३५, बड़ोदरा १९६३ ई०, पृ० १३३-३४.

६. धम्मधरुद्धरणमहावराहजिणचंदसूरिसिस्साणं ।
सिरिअम्मएवसूरीण पायपंकयपराएहिं ॥९५॥

सिरिविजयसेणगणहरकणिट्ठजसदेवसूरिजिट्ठेहिं ।
सिरिनेमिचंदसूरिहिं सविणयं सिस्सभणिएहिं ॥९६॥

समयरयणायराओ रयणाणं पिव सयत्थदाराइं।
निउणनिहाणपुव्वं गहिउं संजत्तिएहिं व ॥९७॥

पवयणसारुद्धारोरइओ सपरावबोहकज्जंमि ।
जंकिंचि इह अजुत्तं वहुस्सुआ तं विसोहंतु ॥९८॥

प्रवचनसारोद्धार की प्रशस्ति

मुनि दर्शनविजय, सम्पादक- **प्रवचनसारोद्धार,** जिनाज्ञा प्रकाशन, वापी वि०सं० २०५४, पृ० २९८-९९.

तथा आ० मुनिचन्द्रसूरि, सम्पा० - **प्रवचनसारोद्धार**, सुरत १९८८ ई०, पृ० ३३५-३३६.

७. पंन्यास मुनि रमणीकविजयजी, सम्पा० **पुहवीचंदचरिय**, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, ग्रन्थांक १६, वाराणसी १९७२ ईस्वी.

८-१०. वही, प्रस्तावना, पृ० १८ और आगे.

११. मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास,** कण्डिका ३३२.

१२-१३ **पुहवीचंदचरिय,** प्रस्तावना, पृ० १८.

श्री जैनशासननभस्तलतिग्मरश्मि;, श्रीसद्चान्द्रकुलपद्माविकासकारौ ।
स्वज्योतिरावृतदिगम्बरडम्बरोऽभूत, श्रीमान् धनेश्वरगुरु: प्रषित; पृथिव्याम् ॥७॥

श्रीमच्चैत्रपुरैकमण्डनमहावीरप्रतिष्ठाकृतस्तस्माच्चैत्रपुरप्रबोधतरणौ: श्रीचैत्रगच्छोऽजनि। तत्र श्रीभुवनेन्दु-सूरिसुगुरुभूभूषणं भासुरज्योति: सद्गुणरत्नरोहणगिरि: कालक्रमेणा-भवत् ॥८॥ मुनि चतुरविजय तथा मुनि पुण्यविजय, सम्पा०

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बृहत्कल्पसूत्रम् वृत्ति, भाग ७, पृ० १७१०.

चैत्रगच्छ के सम्बन्ध में विस्तार के लिये द्रष्टव्य - **श्वेताम्बर गच्छों का संक्षिप्त इतिहास,** खंड-१, पृ० ४३६-५०३.

१४-१६. तपागच्छ और उसकी शाखाओं के इतिहास के सन्दर्भ में द्रष्टव्य.

शिवप्रसाद, **तपागच्छ का इतिहास,** भाग १, वाराणसी २००० ईस्वी.

शिवप्रसाद, "तपागच्छ-बृहद्पौशालिक शाखा" **निर्ग्रन्थ**, तृतीय अंक, अहमदाबाद २००२ ईस्वी,

सम्पा०- एम० ए० ढांकी एवं जीतेन्द्र शाह, हिन्दी खण्ड, पृ० ३२५-३४१.

१७. **पुहवीचंदचरिय**, प्रस्तावना, पृ० २१ एवं प्रशस्ति, पृ० २२१-२२२.

१८-१९. पूर्णिमागच्छ और पिप्पलगच्छ के सम्बन्ध में इसी पुस्तक में यथास्थान में विवरण प्रस्तुत किया गया है ।

२०. पं० लालचंद भगवानदास गांधी, **ऐतिहासिकलेखसंग्रह,** पृ० १२९-१३२.

२१. **चन्द्रप्रभचरित्र** की प्रशस्ति

C.D. Dalal Ed. *A Descriptive Catalogue of Manuscripts in the Jaina Bhandars at Pattan,* pp 252-256. पं० लालचंद भगवानदास गांधी, पूर्वोक्त, पृ० १३३-३४.

२२. वही, पृ० १३२.

२३. द्रष्टव्य - तालिका क्रमांक २.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अध्याय - ४

वादिदेवसूरि और उनकी शिष्य-परम्परा

अब हम आचार्य वादिदेवसूरि के गुरु आचार्य मुनिचन्द्रसूरि की रचनाओं और उनकी शिष्य-परम्परा पर अपना ध्यान केन्द्रित करेंगे, जिनसे बृहद्गच्छ की परम्परा आगे चली।

आचार्य मुनिचन्द्रसूरि की गुरु-परम्परा का प्रारम्भ में ही यथास्थान उल्लेख किया जा चुका है। इनके द्वारा रचित ३० से ज्यादा कृतियों का उल्लेख प्राप्त होता है, जिनमें से प्रमुख ग्रन्थ इस प्रकार हैं[१] :—

१- **देवेन्द्रनरेन्द्रप्रकरणवृत्ति** वि०सं० ११६८.

२- **सूक्ष्मार्थसार्धशतकचूर्णि** वि०सं० ११७०.

३- **अनेकान्तजयपताकाटिप्पण** वि०सं० ११७१.

४- **उपदेशपदवृत्ति**

५- **ललितविस्तरापंजिका**

६- **धर्मबिन्दुवृत्ति** (वि०सं० ११८१ से पूर्व)

७- **कर्मप्रकृति-विशेषवृत्ति**

इसके अलावा इनके द्वारा रचित स्वतंत्र कृतियां भी मिलती हैं —

१- **अंगुलसप्तति**

२- **आवश्यक (पाक्षिक) सप्तति**

३- **वनस्पतिसप्ततिका**

११- **प्रभातिकस्तुति**

१२- **शोकहरउपदेशकुलक**

१३- **सम्यक्त्वोत्पादविधि**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

४- **गाथाकोश**

५- **अनुशासनांकुशकुलक**

६-७- **उपदेशामृतकुलक** प्रथम और द्वितीय

८- **उपदेशपंचासिका**

९-१०- **धर्मोपदेशकुलक** प्रथम और द्वितीय

१४- **सामान्यगुणोपदेशकुलक**

१५- **हितोपदेशकुलक**

१६- **कालशतक**

१७- **मंडलविचारकुलक**

१८- **द्वादश वर्ग**

मुनिचन्द्रसूरि के ख्यातिनाम शिष्यों में वादिदेवसूरि और अजितदेवसूरि प्रमुख थे । इनमें से वादिदेवसूरि और उनकी शिष्य-परम्परा के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है ।

वादिदेवसूरि

ये आचार्य मुनिचन्द्रसूरि के शिष्य और पट्टधर थे। आबू से २५ मील दूर **मडार** नामक स्थान में वि०सं० ११४३/ई०स० १०८७ में इनका जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम वारिनाग और माता का नाम जिनदेवी था। आचार्य मुनिचन्द्रसूरि के उपदेश से माता-पिता ने बालक को उन्हें सौंप दिया और उन्होंने वि०सं० ११५२/ई०स० १०९६ में इन्हें दीक्षित कर मुनि रामचन्द्र नाम रखा। वि०सं० ११७४/ई०स० १११८ में इन्होंने आचार्य पद प्राप्त किया और देवसूरि के नाम से विख्यात हुए।[२] वि०सं० ११८१-८२/ई०स० १०२४ में चौलुक्यनरेश जयसिंह-सिद्धराज की राजसभा में इन्होंने कर्णाटक से आये दिगम्बर आचार्य कुमुदचन्द्र को शास्त्रार्थ में पराजित किया और वादिदेवसूरि के नाम से विख्यात हुए। आचार्य हेमचन्द्रसूरि इस शास्त्रार्थ में वादिदेवसूरि के कनिष्ठ सहयोगी के रूप में विद्यमान थे। वादविषयक ऐतिहासिक उल्लेख कवि यशश्चन्द्रकृत **मुद्रितकुमुदचन्द्र**[३] में प्राप्त होता है। ये गुजरात के प्रमाणशास्त्र के श्रेष्ठ विद्वानों में से थे। इन्होंने प्रमाणशास्त्र पर **प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार** नामक ग्रन्थ ८ परिच्छेदों में रचा और उस पर **स्याद्वादरत्नाकर** नामक बड़ी टीका की भी रचना की। इस ग्रन्थ की रचना में इन्हें अपने शिष्यों- भद्रेश्वरसूरि और रत्नप्रभसूरि से सहायता प्राप्त हुई। इनके द्वारा रचित अन्य रचनायें निम्नानुसार हैं :

जीवानुशासन

मुनिचन्द्राचार्यस्तुति

गुरुविरहविलाप

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

द्वादशव्रतस्वरूप

कुरुकुल्लादेवीस्तुति

पार्श्वधरणेन्द्रस्तुति

कलिकुण्डपार्श्वजिनस्तवन

यतिदिनचर्या

जीवाभिगमलघुवृत्ति

उपधानस्वरूप

प्रभातस्मरणस्तुति

उपदेशकुलक

संसारोद्विग्नमनोरथकुलक

वि०सं० १२२६में इनका देहान्त हुआ

वादिदेवसूरि के विशाल शिष्य परिवार के प्रमुख शिष्यों के नाम निम्नानुसार हैं :[४]

१- भद्रेश्वरसूरि
२- रत्नप्रभसूरि
३- माणिक्यसूरि
४- अशोकमुनि
५- विजयसेन
६- पूर्णदेवाचार्य
७- जयप्रभमुनि
८- पद्मचन्द्रगणि
९- पद्मप्रभसूरि
१०- महेश्वरसूरि
११- गुणचन्द्र
१२- शालिभद्र

वादिदेवसूरि के गृहस्थ शिष्यों में थाहड़, नागदेव, उदयन, वाग्भट्ट आदि श्रीमंत भी थे ।

भद्रेश्वरसूरि

इनके द्वारा रचित कोई स्वतन्त्र कृति नहीं मिलती। जैसाकि ऊपर कहा जा चुका है। इन्होंने अपने गुरु वादिदेवसूरि को **प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार** और उस पर **स्याद्वादरत्नाकर** नामक टीका की रचना में सहायता प्रदान की। भद्रेश्वरसूरि के एक शिष्य परमानन्दसूरि हुए जिन्होंने वि०सं० १२५० के आस-पास **खण्डनमण्डनटिप्पण** नामक कृति की रचना की।[५]

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भद्रेश्वरसूरि की शिष्य-परम्परा में मुनिदेवसूरि नामक एक विद्वान् आचार्य हुए। इन्होंने वि०सं० १३२२/ई०स० १२६६ में **शांतिनाथचरित**[६] की रचना की। इसकी प्रशस्ति में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा की चर्चा की है, जो इस प्रकार है :

भद्रेश्वरसूरि
।
अभयदेवसूरि
।
मदनचन्द्रसूरि
।
मुनिदेवसूरि *(वि०सं० १३२२/ई०स०१२७६ में **शांतिनाथचरित** के रचनाकार)*

भद्रेश्वरसूरि की ही शिष्य-परम्परा में ही हुए मुनिभद्रसूरि ने उक्त **शांतिनाथचरित** के आधार पर वि०सं० १४१०/ई०स० १३५४ में एक अन्य **शांतिनाथचरित** की रचना की।[७] इसकी प्रशस्ति में रचनाकार ने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

भद्रेश्वरसूरि
।
विजयचन्द्रसूरि
।
मानभद्रसूरि
।
गुणभद्रसूरि
।
मुनिभद्रसूरि *(वि०सं० १४१०/ई०स० १३५४ में **शांतिनाथचरित** के रचनाकार)*

इस प्रशस्ति से यह भी ज्ञात होता है कि रचनाकार के गुरु गुणभद्रसूरि को सुल्तान मुहम्मद तुगलक एवं रचनाकार को उसके उत्तराधिकारी फिरोजशाह तुगलक (ई०स० १३५३-१३८८) ने अपने राजदरबार में सम्मानित किया था। यह प्रशस्ति न केवल बृहद्गच्छ बल्कि मध्यकालीन भारतीय इतिहास की दृष्टि से अत्यन्त ही महत्त्वपूर्णहै।[७]

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १३९२/ई०स० १३३६ में रत्नदेवगणि को **वज्जालग्ग** की टीका की रचना के लिए प्रेरणा देने वाले हरिभद्रसूरि के शिष्य धर्मचन्द्र भी इसी गच्छ के थे।[८] हरिभद्रसूरि के प्रगुरु का नाम विजयचन्द्रसूरि और गुरु का नाम मानभद्रसूरि था। मानभद्रसूरि के एक अन्य शिष्य विद्याकर गणि ने वि०सं० १३६८ में **हैमव्याकरण** पर **दीपिका** की रचना की।[९] इसे तालिका के रूप में निम्नप्रकार से रखा जा सकता है :



वि०सं० १४१० में मुनिभद्रसूरि द्वारा रचित **शांतिनाथचरित** की प्रशस्ति, जिसका ऊपर उल्लेख आ चुका है, में विजयचन्द्रसूरि का वादिदेवसूरि के प्रशिष्य व भद्रेश्वरसूरि के शिष्य के रूप में नाम मिलता है। इस प्रकार भद्रेश्वरसूरि की शिष्य सन्तति की जो तालिका बनती है, वह इस प्रकार है :



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org



वादिदेवसूरि के दूसरे शिष्य रत्नप्रभसूरि द्वारा वि०सं० १२३३ में रचित **नेमिनाथचरित** तथा **उपदेशमाला** पर वि० सं० १२३८ में रची गयी **दोघट्टी** नामक वृत्ति तथा **स्याद्वादरत्नाकर** पर रचित लघुटीका नामक कृतियां प्राप्त होती हैं।[१०] वि०सं० १३३८ के एक प्रतिमालेख में बृहद्गच्छीय परमानन्दसूरि का प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में नाम मिलता है।[११] इस लेख में परमानन्दसूरि के गुरु हरिभद्रसूरि और प्रगुरु रत्नप्रभसूरि का भी नाम मिलता है जिन्हें नामसाम्य और गच्छसाम्य को देखते हुए वादिदेवसूरि के शिष्य रत्नप्रभसूरि से अभिन्न तो माना जा सकता है; किन्तु इनमें सबसे बड़ी बाधा रत्नप्रभसूरि और परमानन्दसूरि के बीच लगभग १०० वर्षों के दीर्घ समयान्तराल को लेकर है। तीन आचार्यों के मध्य लगभग १०० वर्षों का समयान्तराल होना असम्भव तो नहीं, परन्तु कठिन अवश्य लगता है।

वादिदेवसूरि के तीसरे शिष्य माणिक्यसूरि द्वारा रचित न तो कोई कृति मिलती है और न कोई प्रतिष्ठापित जिनप्रतिमा आदि ही। इसी प्रकार इनके शिष्यों के बारे में भी कोई जानकारी नहीं मिल पाती। ठीक यही बात वादिदेवसूरि के चौथे शिष्य अशोकमुनि और पांचवें शिष्य विजयसेन के बारे में कही जा सकती है।

वादिदेवसूरि के छठें शिष्य पूर्णदेव द्वारा भी रचित कोई कृति नहीं मिलती; किन्तु इनके शिष्य रामचन्द्र के वि०सं० १२६८ के उत्कीर्ण लेख में इनका नाम मिलता है। मुनि जिनविजय जी ने इस लेख की वाचना दी है,[१२] जो निम्नानुसार है :

(१) ओं ॥ संवत् १२२१ श्रीजावालिपुरीयकांचन (गि) रिगढस्योपरि प्रभुश्रीहेमसूरिप्रबोधितश्रीगूर्ज्जरधराधीश्वरपरमार्हतचौलुक्य-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(२) महारा(ज)धिराजश्री(कु)मारपालदेवकारिते श्रीपा-
(र्श्व)नाथसत्कम्(ल)विंव(बिंब)सहितश्रीकुवर-
विहाराभिधाने जैनचैत्ये। सद्विधिप्रव(र्त्त)नाय वृ(बृ)-
हद्गच्छीयवा -

(३) दींद्रश्रीदेवाचार्याणां पक्षे आचंद्रार्क्कं समर्प्पिते ।। सं०
१२४२ वर्षे एतद्देसा (शा) धिपचाहमानकुलतिलकम-
हाराजश्रीसमरसिंहदेवादेशेन भां० पासूपुत्र भां० यशो-

(४) वीरेण स(मु)द्धृते श्रीमद्राजकुलादेशेन श्रीदे(वा)चार्य-
शिष्यैः श्रीपूर्ण्णदेवाचार्यैः। सं० १२५६ वर्षे ज्येष्ठसु०
११ श्रीपार्श्वनाथदेवे तोरणादीनां प्रतिष्ठाकार्ये कृते।
मूलशिख-

(५) रे व(च)कनकमयध्वजादंडस्य ध्वजारोपणप्रतिष्ठायां
कृतायां ।। सं० १२६८ वर्षे दीपोत्सवदिने अभिनव-
निष्पन्नमेक्षामध्यमंडपे श्रीपूर्ण्णदेवसूरिशिष्यैः श्रीराम-
चंद्राचार्यैं(:) सुवर्ण्णमयकलसारोपणप्रतिष्ठा कृता।।
सु(शु)भ भवतु ।।छ।।

यह लेख कुमारविहार, जालौर का है । इससे ज्ञात होता है कि वि० सं० १२२१ में चौलुक्यनरेश कुमारपाल ने सुवर्णगिरि दुर्ग पर पार्श्वनाथ का एक जिनालय निर्मित कराया था और उसे सद्विधि के प्रवर्तानादि बृहद्गच्छीय वादिदेवसूरि के पक्ष को समर्पित कर दिया था । वि० सं० १२४२ में चौहान नरेश समरसिंह के आदेश से भाण्डागारिक पासु के पुत्र भाण्डागारिक यशोभद्र ने इसका पुनरुद्धार कराया । वि० सं० १२५६ ज्येष्ठ सुदि ११ को श्रीदेवाचार्य (वादिदेवाचार्य) के शिष्य पूर्णदेवाचार्य ने राजकीय आदेश से पार्श्व जिनालय के तोरणादि की प्रतिष्ठा व मूल शिखर पर सुवर्णमय ध्वजादंड प्रतिष्ठा व ध्वजारोहण किया । वि० सं० १२६८ में नवनिर्मित प्रेक्षामंडप में श्रीपूर्णदेवाचार्य के शिष्य रामचंद्रसूरि ने सुवर्णकलशों को प्रतिष्ठापूर्वक चढ़ाया ।

रामचन्द्रसूरि जन्मान्ध किन्तु विद्वान् आचार्य थे । उनके द्वारा संस्कृत भाषा में रची गयी ८ द्वात्रिंशिकायें एक चर्तुविंशतिका एवं १७ षोडषिकायें मिलती हैं ।[१३] इन्ही के शिष्य जयमंगलसूरि द्वारा सुंधा पहाड़ी पर स्थित चामुंडा मंदिर पर वि० सं० १३१८

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

में उत्तीर्ण ऐतिहासिक प्रशस्ति की रचना की गयी ।[१४] जयमंगलसूरि द्वारा रचित **कविशिक्षा**, **भट्टिकाव्यवृत्ति, महावीरजन्मभिषेकभास** आदि कृतियां भी मिलती हैं ।[१५] इनके शिष्य सोमचन्द्र ने वि० सं० १३२९/ई० सं० १२७३ में **वृत्तरत्नाकर** पर वृत्ति की रचना की ।[१६] जयमंगलसूरि के एक अन्य शिष्य अमरचन्द्र के प्रशिष्य ज्ञानकलश ने ईस्वी सन् की चौदहवीं शताब्दी के मध्य **सन्देहसमुच्चय** की रचना की ।[१७] रामचन्द्रसूरि की शिष्य परम्परा इस प्रकार निश्चित होती है :



वादिदेवसूरि के सातवें शिष्य जयप्रभ और ११वें शिष्य गुणचन्द्र द्वारा भी रचित कोई कृति नहीं मिलती और न ही कोई प्रतिमालेखादि ही किन्तु जयप्रभ के शिष्य रामभद्रसूरि द्वारा रचित **प्रबुद्धरोहिणेय**[१८] नाटक और **कालकाचार्यकथा**[१९] नामक कृतियां मिलती हैं । इसका समय विक्रमसम्बत् की १३वीं शती का उत्तरार्ध माना जाता है।

संघवी पाड़ा, पाटण में संरक्षित **उत्तराध्ययनसूत्र**[२०] की वि० सं० १३८१ में लिखी गयी प्रति में लेखक महीचन्द्र को वादिदेवसूरि की परम्परा में हुए रामभद्रसूरि का शिष्य कहा गया हैं । जैसा कि ऊपर हम देख चुके हैं रामभद्रसूरि का समय विक्रम संवत् की तेरहवीं शताब्दी का उत्तरार्ध सुनिश्चित है, ऐसी स्थिति में महीचन्द्र के गुरु रामभद्रसूरि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

और जयप्रभसूरि तथा वादिदेवसूरि के प्रशिष्य रामभद्रसूरि को एक ही व्यक्ति मानने में बाधा उत्पन्न होती है क्योंकि दोनों के मध्य लगभग १०० वर्षों का दीर्घ समयान्तराल है । यह भी संभव है कि वि० सं० १२८२ की जगह भूल से **उत्तराध्ययनसूत्र** का प्रतिलिपिकाल उक्त पुस्तक में १३८१ छप गया हो । यदि यह संभावना सही है तो दोनों रामभद्रसूरि एक व्यक्ति माने जा सकते हैं, किन्तु इस बात का सही निर्णय तो संघवी पाड़ा की **उत्तराध्ययनसूत्र** की महीचन्द्रमुनि द्वारा लिखित प्रति को देख कर ही किया जा सकता है ।

वादिदेवसूरि
|
जयप्रभसूरि
|
रामभद्रसूरि (**प्रबुद्धरोहिणेय** नाटक तथा **कालकाचार्यकथा** के रचनाकार)

वादिदेवसूरि के ८वें शिष्य पद्मचन्द्रगणि द्वारा वि०सं० १२१५ वैशाख सुदि १० मंगलवार को प्रतिष्ठापित नेमिनाथ और शांतिनाथ की प्रतिमायें प्राप्त हुई है। वर्तमान में ये पद्मप्रभ जिनालय, नाडोल में है। मुनि जिनविजय जी ने इन लेखों की वाचना दी है,[२१] जो निम्नानुसार हैं :

(१) संवत् १२१५ ।। वैशाख सुदि १० भौमे वीसाडास्थाने श्रीमहावीर चै(त्ये समु) दा-

(२) य सहितैः देवणाग नागड जोगडसुतैः देम्हाज धरण जसचंद्र ज-

(३) सदेव जसधवल जसपालैः श्रीनेमिनाथबिंबं कारितं।। बृह(द्गच्छी)-

(४) य श्रीमद्देवसूरिशिष्येण पं० पद्मचन्द्रगणिना प्रतिष्ठितं।।

नेमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख

(१) संवत् १२१५ वैशाख सुदि १० भौमे वीसाडास्थाने श्रीमहावीरचैत्ये समुदायस-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(२) हितैः देवणाग नागड जोगडसुतैः देम्हाज धरण जसचंद्र जसदेव।

(३) जसधवल जसपालैः श्रीशांतिनाथबिंबं कारितं प्रतिष्ठितं बृहद्ग -

(४) च्छीय श्रीमन्मुनिचंद्रसूरिशिष्य श्रीमद्देवसूरिविनयेन पाणिनीय पं० पद्मचं.

(५) द्रगणिना यावद्दिवि चंद्ररवी स्यातां धर्मो जिनप्रता तोस्ति ताव (ज्जी) यादेत-

(६) (ज्जि) न युगलं वीरजिनभुवने।।

शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख

वादिदेवसूरि के नवें शिष्य पद्मप्रभसूरि से नागपुरीयतपागच्छ अस्तित्त्व मे आया।[२२] इनके द्वारा रचित **भुवनदीपक** अपरनाम **ग्रहभावप्रकाश** नामक कृति प्राप्त होती है।[२३]

दसवें शिष्य महेश्वरसूरि द्वारा **पाक्षिकसप्तति** पर रची गयी **सुखप्रबोधिनी** वृत्ति प्राप्त होती है ।[२४]

बारहवें शिष्य महेन्द्रप्रभ द्वारा रचित कोई कृति नहीं मिलती; किन्तु उनके शिष्य प्रद्युम्नसूरि द्वारा रचित **वादस्थल** नामक कृति प्राप्त होती है।[२५] इनके शिष्य मानदेव का वि०सं० १३१० के लेख में और प्रशिष्य जयानन्द का वि०सं० १३०५ के गिरनार के शिलालेख में नाम मिलता है।[२६]

तेरहवें शिष्य शालिभद्रसूरि ने वि०सं० १२४१ में **भरतेश्वरबाहुबलिरास**[२७] की रचना की।

वि०सं० १२८८-१३०७ के मध्य प्रतिष्ठापित जिनप्रतिमाओं[२८] पर प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में पद्मदेवसूरि का नाम मिलता है। इन लेखों में पद्मदेवसूरि के गुरु का नाम पूर्णभद्रसूरि बताया गया है जो वादिदेवसूरि के संतानीय (शिष्य) थे ।

उक्त विवरण को तालिका के रूप में निम्नप्रकार से रखा जा सकता है — द्रष्टव्य- वादिदेवसूरि के शिष्य परम्परा की विस्तृत तालिका -

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वादिदेवसूरि के शिष्य-प्रशिष्य परम्परा की तालिका

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं०११८०/ई०स०११२४ में **नाभेयनेमिकाव्य** के कर्ता आचार्य हेमचन्द्रसूरि भी इसी गच्छ के थे।[२९] इनके गुरु का नाम अजितदेवसूरि था जो मुनिचन्द्रसूरि के शिष्य थे।

मुनिचन्द्रसूरि
|
अजितदेवसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि

*(वि०सं० ११८०/ई०स० ११२४ में **नाभेयनेमिकाव्य** के कर्ता)*

सुप्रसिद्ध विद्वान् मुनि जिनविजय जी ने स्वसम्पादित **कुमारपालप्रतिबोध** (रचनाकार बृहद्गच्छीय सोमप्रभसूरि; रचनाकाल वि०सं० १२४१/ई०स० ११८५) की प्रस्तावना[३०] में हेमचन्द्रसूरि को सोमप्रभसूरि का गुरुभ्राता तथा विजयसिंहसूरि का शिष्य एवं अजितदेवसूरि का प्रशिष्य बतलाया है -

मुनिचन्द्रसूरि
|
अजितदेवसूरि
|
विजयसिंहसूरि

हेमचन्द्रसूरि	सोमप्रभसूरि
*(वि०सं० ११८०/ई०स० ११२४ में **नाभेयनेमिकाव्य** के रचनाकार)*	*(वि०सं०१२४१/ई०स०११८५ **कुमारपालप्रतिबोध** के कर्ता)*

नाभेयनेमिकाव्य की प्रशस्ति के आधार पर पं० लालचन्द भगवानदास गांधी ने हेमचन्द्रसूरि को **कुमारपालप्रतिबोध** के कर्ता सोमप्रभसूरि का गुरुभ्राता नहीं उनके गुरु विजयसिंहसूरि का गुरुभ्राता बतलाया है[३१] :

मुनिचन्द्रसूरि
|
अजितदेवसूरि

विजयसिंहसूरि	हेमचन्द्रसूरि
सोमप्रभसूरि	*(वि०सं० ११८० में **नाभेयनेमिकाव्य** के कर्ता)*

*(वि०सं० १२४१ में **कुमारपालप्रतिबोध** के कर्ता)*

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

हेमचन्द्रसूरि और सोमप्रसूरि[३२] के मध्य लगभग ६० वर्षों के दीर्घ समयान्तराल को देखते हुए मोहनलाल दलीचंद देसाई और लालचन्द भगवानदास गांधी का मत यथार्थ माना जा सकता है।

सोमप्रभसूरि भी अपने समय के विख्यात और समर्थ विद्वान् थे । उनके द्वारा रचित **कुमारपालप्रतिबोध** के अतिरिक्त **सूक्तिमुक्तावली** अपरनाम **सिन्दूरप्रकर** (जिसका एक नाम **सोमशतक** भी है) रचनाकाल वि० सं० १२५० के आस-पास, **सुमतिनाहचरिय**, **शतार्थकाव्य** और उसपर **वृत्ति** आदि रचनायें मिलती हैं ।

शंखेश्वर महातीर्थ से प्राप्त वि० सं० १२३८ के एक अभिलेख में किन्ही सोमप्रभसूरि द्वारा मातृपट्टिकास्थापित करने का उल्लेख मिलता है । मुनि जयन्तविजय ने इस लेख की वाचना दी है, जो इस प्रकार हैः

पट्टः श्री शं.....१२३८ वर्ष माघ सुदि ३शनौ श्रीसोमप्रभसूरिर्जिनमातृपट्टिका प्रतिष्ठिता.....त्राभ्यां राजदेव । रत्नाभ्यां स्वमातु.....॥ कल्याणमस्तु श्रीसंघस्य ॥

शंखेश्वरमहातीर्थ, लेखांक ९, पृष्ठ १८४.

उक्त अभिलेख में उल्लिखित सोमप्रभसूरि और बृहदगच्छीय सोमप्रभसूरि को समसामयिकता और नामसाम्य के आधार पर एक ही व्यक्ति मानने में कोई बाधा नहीं आती । वि० सं० १२८४ के आस-पास श्रीमालनगर में इनका देहान्त हुआ ।

हेमचन्द्रसूरि और सोमप्रभसूरि की शिष्य-संतति आगे चली या नहीं ? यदि आगे चली तो उनमें कौन-कौन से मुनिजन हुए, इस सम्बन्ध में हमारे पास कोई भी विवरण उपलब्ध नहीं है ।

साहित्यिक साक्ष्यों से बृहद्गच्छ के कुछ ऐसे भी मुनिजनों के नाम ज्ञात होते हैं, जिनकी गुरु-परम्परा के एक-दो नामों को छोड़कर अन्य कोई जानकारी ही नहीं मिलती। इनका विवरण निम्नानुसार है :

वि०सं० १२४७(८) में नागेन्द्रगच्छीय बालचन्द्रसूरि द्वारा रचित **विवेकमंजरीटीका** के संशोधक के रूप में उक्त गच्छ के विजयसेनसूरि और बृहद्गच्छ के पद्मसूरि का नाम मिलता है।[३३] ये पद्मसूरि बृहद्गच्छ के किस मुनि या आचार्य के शिष्य थे, यह बात साक्ष्यों के अभाव में जान पाना कठिन है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वि० सं० १३६८ में **हैमव्याकरण बृहद्वृत्तिदीपिका** के रचनाकार विद्याकरगणि के गुरु का नाम मानभद्रसूरि और प्रगुरु का नाम वादिदेवसूरिसंतानीय विजयचन्द्रसूरि था ।[३४] उक्त विजयचन्द्रसूरि का वादिदेवसूरि के किस शिष्य से सम्बन्ध था, यह ज्ञात नहीं होता ।

विक्रम संवत् १४२७ में रचित **यन्त्रराज** की प्रशस्ति[३५] से ज्ञात होता है कि रचनाकार मलयचन्द्र के गुरु का नाम बृहद्गच्छीय महेन्द्रसूरि था, जिनका सुलतान फिरोजतुगलक ने सम्मान किया था। महेन्द्रसूरि के गुरु का नाम मदनसूरि था। महेन्द्रसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित दो सलेख जिनप्रतिमायें प्राप्त हुई हैं जो वि०सं० १४२२ और १४२४ की है।[३६] यही समय फिरोजशाह तुगलक (वि०सं०१४०७-१४४४/ई०स० १३५१-१३८८) का भी है। महेन्द्रसूरि के गुरु मदनसूरि के गुरु-प्रगुरु आदि के बारे में किन्हीं भी अन्य साक्ष्यों से कोई जानकारी नहीं मिल पाती। महेन्द्रसूरि के शिष्य का नाम मलयचन्द्रसूरि था, जिन्होंने अपने गुरु की कृति पर टीका की रचना की।

?
|
मदनसूरि
|
बृहद्गच्छीय महेन्द्रसूरि *(वि०सं० १४२२-२४) प्रतिमालेख; सुल्तान फिरोजतुगलक द्वारा सम्मानित)* ***यन्त्रराज*** *के रचनाकार*
|
मलयचन्द्र *(**यन्त्रराजटीका-** वि०सं० १५वीं शताब्दी-द्वितीय चरण के आस-पास के कर्ता)*

मदनसूरि तथा उनके शिष्य महेन्द्रसूरि और प्रशिष्य मलयचन्द्र का वादिदेवसूरि की शिष्य सन्तति के बीच परस्पर किस तरह का सम्बन्ध था, इस बारे में हमें आज कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं है । मलयचन्द्र की शिष्य संतति में कौन-कौन से मुनिजन हुए, इस सम्बन्ध में भी किसी प्रकार का विवरण उपलब्ध नहीं होता ।

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, इस गच्छ की एक पट्टावली मिलती है[३७], जो वि० सं० की १७वीं शती के प्रथम चरण के प्रारम्भ में मुनिमाल द्वारा रची गयी है । यह वादिदेवसूरि से प्रारम्भ होती है । इसमें प्राप्त गुरु-परम्परा निम्नानुसार है :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वादिदेवसूरि

।

विमलचन्द्र उपाध्याय

।

मानदेवसूरि

।

हरिभद्रसूरि

।

पूर्णप्रभसूरि

।

नेमिचन्द्रसूरि

।

नयचन्द्रसूरि

।

मुनिशेखरसूरि

।

श्रीतिलकसूरि

।

भद्रेश्वरसूरि

।

मुनीश्वरसूरि

।

रत्नप्रभसूरि

।

महेन्द्रसूरि

।

मुनिनिधानसूरि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मेरुप्रभसूरि

।

राजरत्नसूरि

।

मुनिदेवसूरि

।

रत्नशेखरसूरि

।

पुण्यप्रभसूरि

।

संयमरत्नसूरि (वि०सं० १५६९ में पद स्थापना)

।

भावदेवसूरि (वि०सं० १६०४ में भट्टारक पद प्राप्त)

आवश्यकनिर्युक्ति के प्रतिलिपिकार मुनि जयशेखर[३८] भी मुनिमाल द्वारा दी गयी गुर्वावली में उल्लिखित मुनीश्वरसूरि की परम्परा के माने जा सकते हैं। उक्त कृति की प्रशस्ति में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकारहै:

मुनीश्वरसूरि

।

वाचक भद्रमेरु

।

वाचक मनोदय

।

मुनि जयशेखर *(वि०सं०१५३२/ई०स० १४७६ में **आवश्यकनिर्युक्ति** के प्रतिलिपिकार)*

वि०सं० १५४९ (ई०स० १४९३ में रची गयी **सुभद्राचउपई** के रचनाकार वाचक विनयरत्न भी बृहद्गच्छ के मुनीश्वरसूरि की ही परम्परा के थे।[३९] उक्त कृति की प्रशस्ति में उन्होंने जो गुरु-परम्परा दी है, वह इस प्रकार है :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वादिदेवसूरि की परम्परा के मुनीश्वरसूरि

।

मेरुप्रभसूरि

।

राजरत्नसूरि

।

मुनिदेवसूरि

।

वाचक महीरत्न

।

मुनिसार

।

वाचक विनयरत्न *(वि०सं० १५४९ में* ***सुभद्राचउपई*** *के रचनाकार)*

वि०सं० १६१९ में **श्राद्धजीतकल्पवृत्ति** के प्रतिलिपिकार शीलदेव भी बृहद्गच्छ के थे।[४०] उक्त प्रति की प्रशस्ति में इन्होंने स्वयं को भावदेवसूरि का शिष्य कहा है। मुनिमाल द्वारा रचित **बृहद्गच्छगुर्वावली** में भी भावदेवसूरि का नाम ऊपर हम देख चुके हैं। शीलदेव के शिष्य मांडण ने वि०सं० १६५८ में **योगरत्नाकर** का प्रतिलिपि की।[४१]

भावदेवसूरि *(वि०सं० १६०४ में भट्टारक पद प्राप्त)*

।

शीलदेव *(वि०सं० १६१९ में* ***श्राद्धजीतकल्पवृत्ति*** *के प्रतिलिपिकार)*

।

मांडण *(वि०सं० १६५८ में* ***योगरत्नाकर*** *के प्रतिलिपिकार)*

अगले अध्याय में बृहद्गच्छीय अभिलेखीय साक्ष्यों का विस्तृत विवरण और उनके आधार प्राप्त इस गच्छ के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की तालिकाओं का साहित्यिक साक्ष्यों से प्राप्त विभिन्न गुरु-परम्पराओं से परस्पर समायोजन की संभावना प्रस्तुत है ।

Jain Education International　For Personal & Private Use Only　www.jainelibrary.org

सन्दर्भ

१. देसाई, **जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास**, कण्डिका ३३२-३३४.

२. श्रीनवलमल जी बिनौलिया, "श्रीवादिदेवसूरि" **जैनसत्यप्रकाश**, वर्ष ३, अंक १०-१२, पृ० ३७५-३८२.

३. देसाई, पूर्वोक्त कण्डिका ३४३, पृ० २४७-४८.

४. बिनौलिया, पूर्वोक्त, पृ० ३८२.

५. देसाई, पूर्वोक्त, कण्डिका ४८७, **जिनरत्नकोश,** पृ० १००.

६. *P. Peterson, Opration in Search of Sanskrit & Prakrit MSS in Bombay Circle*, Vol. I, App. p-6, Vol. III, App. p-65. Vol. 4, p-XCV.
Muni Punya Vijaya , Ed., *New Catalogue of Mss in the Jaina Bhandars at Jesalmer,* No. 90,p 192. देसाई, पूर्वोक्त, कण्डिका ५९४.

७. वही, कण्डिका ६४२-६४४. गुलाबचन्द चौधरी, **जैन साहित्य का बृहद् इतिहास,** भाग ६, पृ० २२३-२४.

८-९. देसाई, पूर्वोक्त, कण्डिका ६३०,६३३.

१०. रत्नप्रभसूरि द्वारा रचित **उपदेशमालाप्रकरणवृत्ति** (जिसका संशोधन इनके ज्येष्ठ गुरुभ्राता भद्रेश्वरसूरि ने किया) तथा अपने गुरु वादिदेवसूरिकृत **स्याद्वादरत्नाकर** पर रचित लघु टीका नामक कृतियां प्राप्त होती हैं । देसाई, पूर्वोक्त, कण्डिका ४८३.

११. अध्याय ५ के अन्तर्गत लेख तालिका में इसका विवरण प्रस्तुत किया गया है ।

१२. मुनि जिनविजय, संपा०- **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक३५२.

१३. मुनि चतुरविजयजी, संपा० **जैनस्तोत्रसन्दोह,** प्रथम भाग, प्रस्तावना, पृष्ठ ४८-४९.
मुनि चतुरविजयजी ने उक्त रामचन्द्रसूरि को कलिकालसर्वज्ञ आचार्य हेमचन्द्रसूरि के शिष्य सुप्रसिद्ध नाट्यकार रामचन्द्रसूरि से अभिन्न माना है । त्रिपुटी महाराज ने भी मुनि चतुरविजयजी के मत का समर्थन किया है । इसके विपरीत मुनि कल्याणविजयजी और पं० अम्बालाल प्रेमचन्द शाह उक्त रामचन्द्रसूरि को बृहद्गच्छीय वादिदेवसूरि के प्रशिष्य और पूर्णदेवसूरि के शिष्य रामचन्द्रसूरि से अभिन्न बतलाया है । प्रो० एम.ए. ढांकीने भी विभिन्न अकाट्य साक्ष्यों के आधार पर मुनि कल्यणविजयजी एवं शाहजी के मत की पुष्टि की है। "कवि रामचन्द्र अने कवि सागरचन्द्र", **सम्बोधि,** वर्ष ११, अंक १-४, पृष्ठ ६८-७८.

१४. *F. Keilhorn, "Sundha Hill Inscription of Cacigadeva; Vikram Samvat 1319." **Epigraphiya Indica**, Vol IX - 1907-08, p. 79.*
पूरनचन्द्र नाहर, **जैनलेखसंग्रह,** भाग-१, लेखांक ४३.

१५. हीरालाल रसिकलाल कापडिया, **जैनसंस्कृत साहित्यनो इतिहास,** द्वितीय संस्करण, संपा० आ० मुनिचन्द्रसूरि, भाग-२, पृष्ठ ३२६.

१६. **जिनरत्नकोश,** पृष्ठ ३५४.
*A. P. Shah, Ed. **Catalogue of Sanskrit and Prakrit Manuscripts Ac.Vijayadevasuries and Ac Ksantisuries collections,** Part IV, L. D. Series No. 20, p. 95.*

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

१७. *A. P. Shah, Ed.* ***Catalogue of Sanskrit and Prakrit Manuscripts*** *: Muniraj Shree PunyaVijayaJis Collections, Part I, p. 182.*

१८. **जिनरत्नकोश,** पृष्ठ ३६५.

१९. अम्बालाल प्रेमचन्द शाह, संपा० **कालिकाचार्यकथा संग्रह,** पृ० १७-१८ ।

२०. C. D. Dalal, Ed. *A Descriptive Catalogue of Manuscriptive in the Jain Bhandar's at Patan Vol. I, P-62.*

२१. वही, लेखांक ३६४, ३६५.

२२-२३. अध्याय ७ के अन्तर्गत इस सम्बन्ध में विशेष प्रकाश डाला गया है ।

२४. देसाई, पूर्वोक्त, कण्डिका ४८४.

२५. वही, कण्डिका ४८२.

२६. मुनि जिनविजय, संपा०- **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ५३.

२७. देसाई, पूर्वोक्त, कण्डिका ५०५.

२८. अध्याय ५ के अन्तर्गत लेख तालिका में इसका विवरण प्रस्तुत किया गया है ।

२९. *Descriptive Catalogue of Manuscripts in the Jain Bhandars at Pattan, Introduction, p. 50.* **जिनरत्नकोश**, पृष्ठ २१०.

३०. मुनि जिनविजय, सम्पा०- **कुमारपालप्रतिबोध** (सोमप्रभाचार्य; रचनाकाल वि०सं० १२४१), गायकवाड़ ओरियण्टल सिरीज, ग्रन्थांक १४, बड़ोदरा १९२० ई०, प्रस्तावना, पृ० १-४.

३१. पं० लालचन्द भगवानदास गांधी, **ऐतिहासिकलेखसंग्रह**, पृ० ८२-८४.

३२. सोमप्रभाचार्य द्वारा रचित **सुमतिनाथचरित**, **सूक्तिमुक्तावली** एवं **शतार्थीकाव्य** नामक कृतियां भी मिलती हैं। मुनि जिनविजय, **कुमारपालप्रतिबोध**, प्रस्तावना, पृ० ४-७.

३३. देसाई, पूर्वोक्त, कण्डिका ५५१.

३४. वही, कण्डिका ६३०.

३५. A.P. Shah, Ed. *Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss Muniraja Shri Punya Vijaya-Ji's Collection* , Part-III, P. 443. हीरालाल रसिकलाल कापड़िया के अनुसार यह कृति ई०स० १८८३ में सुधाकर द्विवेदी और एल०शर्मा द्वारा वाराणसी से प्रकाशित हुई है। **जैन संस्कृत साहित्यनो इतिहास,** खण्ड १, द्वितीय संस्करण, संपा० आचार्य मुनिचन्द्रसूरि, सूरत २००४ ईस्वी, पृष्ठ १३९, पाद टिप्पणी १. डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री के अनुसार यह ग्रन्थ निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से भी प्रकाशित हुआ है । **भारतीय ज्योतिष,** द्वितीय संस्करण, काशी १९६०ई०, पृष्ठ ६२२. **यंत्रराज** के सम्बन्ध में विस्तार के लिए द्रष्टव्य, नेमिचन्द्र शास्त्री, पूर्वोक्त, पृष्ठ १६१.

३६. अध्याय ५ के अन्तर्गत लेख क्रमांक ८६-८८.

३७. मुनि जिनविजय, सम्पा०- **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह**, पृ०५२-५५.

३८. अमृतलाल मगनलाल शाह, सम्पा०- **श्रीप्रशस्तिसंग्रह**, भाग २, प्रशस्ति क्रमांक १४९, पृ० ३५.

३९. शीतिकण्ठ मिश्र, **हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास**- मरु-गूर्जर, भाग १, पृ० ११५.

४०. अमृतलाल मगनलाल शाह, पूर्वोक्त, भाग-२, प्रशस्ति क्रमांक ४३६, पृ० ११५.

४१. Muni Punya Vijaya Ji, Ed., *New Catalogue of Mss in the Jain Bhandar's at Jesalmer,* No. 1829, p. 330.

●

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अध्याय - ५

बृहद्गच्छीय अभिलेखीय साक्ष्यों की सारिणी एवं उनसे प्राप्त विभिन्न मुनिजनों की गुरु-परम्परायें

इस अध्याय के अन्तर्गत बृहद्गच्छीय अभिलेखीय साक्ष्यों का विस्तृत विवरण और उनके आधार पर निर्मित इस गच्छ के मुनिजनों की गुरु-परम्पराओं की तालिकाओं का साहित्यिक साक्ष्यों से प्राप्त विभिन्न गुरु-परम्पराओं एवं **बृहद्गच्छगुर्वावली** के साथ उनके परस्पर समायोजन की संभावनाओं को प्रस्तुत किया गया है —

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
१.	११४३	वैशाख सुदि ३ गुरुवार	अजितदेवसूरि के पट्टधर विजयसिंहसूरि	जिनप्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, कोरटा	मुनि विद्याविजय, संपा०- **प्राचीनलेखसंग्रह**, लेखांक ३.
२.	११४८	आषाढ़ सुदि ७ बुधवार	सर्वदेवसूरि	देवकुलिका का लेख	शांतिनाथ जिनालय, कुम्भारिया	मुनि विशालविजय, संपा०- **श्री आरासणातीर्थ**, लेखांक २६-१४६.
३.	११८७	फाल्गुन वदि ४ सोमवार	संविग्नविहारी वर्धमानसूरि के पट्टधर पद्मसूरि एवं भद्रेश्वरसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	विमलवसही, आबू	मुनि जिनविजय, संपा०- **प्राचीनजैनलेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक १८४.
४.	११८७	,, ,,	संविग्नविहारी वर्धमानसूरि के पट्टधर चक्रेश्वरसूरि	,, ,,	,, ,,	मुनि जयन्तविजय, संपा०- **अर्बुद-प्राचीनजैनलेखसंदोह**, लेखांक ११४.
५.	११९१	फाल्गुन सुदि २ सोमवार	विजयसिंहसूरि	नेमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, परिशिष्ट, लेखांक १.
६.	१२००	ज्येष्ठ सुदि १ शुक्रवार	नेमिचन्द्रसूरि	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	विमलवसही, आबू	मुनि जयन्तविजय, पूर्वोक्त, लेखांक ५३.
७.	१२०४	फाल्गुन वदि ४	संविग्नविहारी वर्धमानसूरि के शिष्य चक्रेश्वरसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, कुम्भरिया (आरासणा)	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, परिशिष्ट, लेखांक ३.

Jain Education International
For Personal & Private Use Only
www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
८-९	१२०५	ज्येष्ठ सुदि ९ मंगलवार	बुद्धिसागरसूरि के पट्टधर अभयदेवसूरि के पट्टधर जिनभद्रसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, कुम्भारिया	मुनि विशालविजय, वही, परिशिष्ट, लेखांक ७-८.
१०.	१२०७	माघ सुदि ५ शुक्रवार	शांतिप्रभ (शालिप्रभसूरि)	चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	-	प्रमोदकुमार त्रिवेदी, "गुजरात से प्राप्त कुछ महत्त्वपूर्ण जैन प्रतिमायें" ***पं० दलसुखभाई मालवणिया अभिनन्दन ग्रन्थ,*** Aspect of Jainology, Vol. 3, P-174.
११.	१२०८	फाल्गुन सुदि १० रविवार	संविग्नविहारी वर्धमानसूरि के शिष्य चक्रेश्वरसूरि	नेमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालसूरि, वही, परिशिष्ट, लेखांक ११.
१२-१३	१२१४	फाल्गुन सुदि ७ शुक्रवार	संविग्नविहारी वर्धमानसूरि के पट्टधर चक्रेश्वरसूरि के पट्टधर परमानन्दसूरि	कायोत्सर्गमुद्रा में स्थित प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, लेखांक १३-१४.
१४-१५	१२१५	वैशाख सुदि १० मंगलवार	मुनिचन्द्रसूरि के पट्टधर देवसूरि के शिष्य पद्मचन्द्रगणि	नेमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पद्मप्रभ जिनालय, नाडोल	मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ३६४, ३६५. एवं पूरनचन्द नाहर, सम्पा०- **जैनलेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक ३३३-३३४.
१६.	१२१५	माघ वदि ४ शुक्रवार	हेमचन्द्रसूरि	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	सीमन्धर स्वामी का मन्दिर, तालावाले की पोल, सूरत.	प्रा०ले०सं० लेखांक १८.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
१७.	१२१६	वैशाख सुदि २	नेमिचन्द्रसूरि के पट्टधर देवाचार्य	दीवाल पर उत्कीर्ण लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक ४-९१
१८.	१२२०	आषाढ़ सुदि १०	श्रीसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	अगरचन्द भंवरलाल नाहटा, सम्पा०- **बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक ८४.
१९.	१२२७	तिथिविहीन	धनेश्वरसूरि	जिनप्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, लेखांक ८९.
२०.	१२३४	,,	,,	,,	,,	वही, लेखांक ९१.
२१.	१२३६	फाल्गुन वदि ३ गुरुवार	अभयदेवसूरि के शिष्य जिनभद्रसूरि एवं धनेश्वरसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, परिशिष्ट, लेखांक १५.
२२.	१२३८	माघ सुदि ३ शनिवार	सोमप्रभसूरि	पाषाण की मातृपट्टिका पर उत्कीर्ण लेख	देवकुलिका क्र० ५५ शंखेश्वर पार्श्वनाथ जिनालय, शंखेश्वर	**शंखेश्वरमहातीर्थ,** लेखांक-९, पृ० १८४.
२३-२८	१२४५	वैशाख वदि ५ गुरुवार	यशोदेवसूरि के शिष्य देवचन्द्रसूरि	नेमिनाथ एवं अन्य तीर्थङ्करों की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	विमलवसही, आबू	मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक १९२, १९५, २००, २०४, २०५, २०७, २०८.
२९.	१२४९	ज्येष्ठ सुदि १०	मुनिरत्नसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वासुपूज्य जिनालय, शेखपाडो, अहमदाबाद	P.C. Parikha & Bharti Shelat, *The Jain Image Inscriptions of Ahmedabad.* No. 2.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
३०	१२४९	वैशाख सुदि ९	देवाचार्यसंतानीय हेमसूरि	पार्श्वनाथ-धातु	महावीर मन्दिर, अजारी	***आबू,*** भाग-५, लेखांक-४१६
३१.	१२६०	आषाढ़ वदि २ सोमवार	हरिभद्रसूरि के शिष्य धनेश्वरसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	अगरचन्द नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १०५.
३२.	१२६८	कार्तिक वदि	पूर्णभद्रसूरि के शिष्य रामचन्द्रसूरि	शिलालेख	जैन मंदिर, जालौर	जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक ३५२.
३३.	१२७३	.....	धनेश्वरसूरि	जिनप्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणिजी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा,पूर्वोक्त, लेखांक ११४.
३४.	१२७५	ज्येष्ठ सुदि १३ मंगलवार	हरिभद्रसूरि के शिष्य धनेश्वरसूरि	आदिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनालय, खम्भात	बुद्धिसागरसूरि, संपा०- **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग २, लेखांक ५५५.
३५.	१२७९	वैशाख सुदि ३ बुधवार	,,	जिनप्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ११६.
३६.	१२८४	वैशाख वदि	धर्मसूरि के शिष्य धनेश्वरसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वही	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १२३.
३७.	१२८८	चैत्र वदि ३ शुक्रवार	वादिदेवसूरिसंतानीय पूर्णभद्रसूरि के शिष्य पद्मदेवसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	विमलवसही, आबू	मुनि जयन्तविजय, **आबू-** भाग-२, लेखांक १२५.
३८.	१२९०	माघ सुदि ५	शांतिप्रभसूरि शुक्रवार	चौबीसी पट्ट पर उत्कीर्ण	जैनमन्दिर, राणकपुर	मुनि विद्याविजय जी, पूर्वोक्त, लेख लेखांक ३५.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
३९.	१२९०	माघ सुदि ५ शुक्रवार	शांतिप्रभसूरि	चौबीसी पट्ट पर उत्कीर्ण लेख	रैनूपुर तीर्थ, मारवाड़	नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ७०२
४०.	१२९३	चैत्र वदि ८ शुक्रवार	चक्रेश्वरसूरि	देवकुलिका में उत्कीर्ण लेख	विमलवसही, आबू	मुनि जयन्तविजय, **आबू**, भाग-२, लेखांक २८९.
४१.	१२९३	तिथिविहीन	वादिदेवसूरि के शिष्य पद्मदेवसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, भाग २ लेखांक २३१.
४२.	१३०५	वैशाख सुदि ३ शनिवार	प्रद्युम्नसूरि के पट्टधर मानदेवसूरि के पट्टधर जयानन्दसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा की चरणचौकी पर उत्कीर्ण लेख	वस्तुपाल द्वारा निर्मित जिनालय, गिरनार	मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ५३.
४३.	१३०७	ज्येष्ठ वदि ५	वादिदेवसूरि संतानीय पूर्णभद्रसूरि के पट्टधर ब्रह्मदेव (पद्मदेव)सूरि	महावीर की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	लूणवसही, आबू	मुनि जयन्तविजय, भाग २, लेखांक ३३३.
४४.	१३१०	चैत्र वदि २ सोमवार	अभयदेवसूरि के पट्टधर जिनभद्रसूरि के पट्टधर शांतिप्रभसूरि के पट्टधर रत्नप्रभसूरि के शिष्य हरिभद्रसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	शिलालेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, परिशिष्ट लेखांक १८.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
४५.	१३१०	..... सुदि ८ शुक्रवार	मानदेवसूरि	शांतिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	भाभा पार्श्वनाथ देरासर, पाटण	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक २२६.
४६.	१३१०	तिथिविहीन	अभयदेवसूरि के शिष्य जिनभद्रसूरि के शिष्य शांतिप्रभसूरि के शिष्य हरिभद्रसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	यन्त्र लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक ७. तथा अ०प्र०जै०ले०सं० (**आबू**-भाग५) लेखांक २५.
४७.	१३१४	ज्येष्ठ सुदि २, सोमवार	शांतिप्रभसूरि के शिष्य रत्नप्रभसूरि के पट्टधर हरिभद्रसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक-२१.
४८.	१३१४	ज्येष्ठ सुदि २ सोमवार	शांतिप्रभसूरि के शिष्य रत्नप्रभसूरि के पट्टधर हरिभद्रसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	शिलालेख	नेमिनाथ जिनालय आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक २२.
४९.	१३१६	चैत्र वदि ६ मंगलवार	उद्योतनसूरि के शिष्य हरिभद्रसूरि	महावीर की पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, नागौर	विनयसागर संपा०- **प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** भाग-१, लेखांक ७०.

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
५५०.	१३२३	माघ सुदि ६	शांतिप्रभसूरि के शिष्य रत्नप्रभसूरि के पट्टधर हरिभद्रसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	,,	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक २४.
५५१.	१३२७		पडोचंद्रसूरि के शिष्य	महावीर की धातु-प्रतिमा माणिक्यसूरि	चौमुख जी देरासर, पर उत्कीर्ण लेख	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, अहमदाबाद लेखांक १३७.
५५२.	१३३१	ज्येष्ठ सुदि ११	परमानन्दसूरि	नेमिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, बूंदी	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ८०.
५५३.	१३३४	वैशाख सुदि ५ गुरुवार	हरिभद्रसूरि के शिष्य परमानंदसूरि	भण्डारस्थ प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिंतामणिजी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १८४.
५५४.	१३३४	वैशाख सुदि १०	जयदेवसूरि के शिष्य मानदेवसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, वही, लेखांक १८५.
५५५.	१३३५	मार्गशीर्ष वदि १३ सोमवार	हरिभद्रसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	सुपार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, कुम्भारिया	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, परिशिष्ट, लेखांक २७.
५५६.	१३३५	माघ सुदि १३ शुक्रवार	विजयसिंहसूरि संतानीय श्रीचन्द्रसूरि के शिष्य वर्धमानसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, परिशिष्ट, लेखांक २९.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
५७-५८	१३३५	,,	हरिभद्रसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	शिलालेख	,,	वही, परिशिष्ट, लेखांक ३१-३२.
५९.	१३३५	,,	वर्धमानसूरि	देवकुलिका का लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	**आबू**, भाग ५, लेखांक २९.
६०.	१३३५	माघ सुदि...... शुक्रवार	,,	अजितनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	विशालविजय, पूर्वोक्त परिशिष्ट, लेखांक २६ तथा **आबू**, भाग ५, लेखांक २८
६१.	१३३७	ज्येष्ठ सुदि १४ शुक्रवार	चक्रेश्वरसूरि के संतानीय सोमप्रभसूरि के शिष्य वर्धमानसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा तीर्थ	मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक २९२.
६२.	१३३८	ज्येष्ठ सुदि १४ शनिवार	रत्नप्रभसूरि के पट्टधर हरिभद्रसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	शिलालेख	,,	मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक २९०.
६३.	१३३८	,,	कनकप्रभसूरि के शिष्य देवेन्द्रसूरि	चन्द्रप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, परिशिष्ट, लेखांक ३६.
६४.	१३३८	,,	रत्नप्रभसूरि के पट्टधर हरिप्रभसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	वासुपूज्य की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, लेखांक १४.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
६५.	१३३८	,,	संविग्नविहारी चक्रेश्वरसूरि के शिष्य जयसिंहसूरि के शिष्य सोमप्रभसूरि के शिष्य वर्धमानसूरि	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, लेखांक १३.
६६.	१३३८	जेष्ठ सुदि १४	चक्रेश्वरसूरि संतानीय सोमप्रभसूरि के शिष्य वर्धमानसूरि	शांतिनाथ की पाषाण प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि जयन्तविजय, **आबू**, भाग ५ लेखांक ३३.
६७.	१३३८	ज्येष्ठ सुदि १४	श्रीवादि..... चन्द्रसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १९१.
६८.	१३३९	फाल्गुन सुदि ८	मानदेवसूरि	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	जैन मन्दिर, लींच	मुनि विद्याविजयजी, पूर्वोक्त, लेखांक ४५.
६९.	१३४९	.....	परमानन्दसूरि	महावीर की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १९७.
७०.	१३४३	माघ सुदि १० शनिवार	हरिभद्रसूरि के शिष्य परमानन्दसूरि	नेमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, परिशिष्ट, लेखांक ४०.
७१.	१३४५		परमानन्दसूरि	देवकुलिका का लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि जयन्तविजय, **आबू**, भाग ५, लेखांक ३०.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
७२.	१३४६	आषाढ़ वदि १ शुक्रवार	देवेन्द्रसूरि	मुनिसुव्रत की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक २०२.
७३.	१३४९	ज्येष्ठ सुदि १०	मुनिरत्नसूरि	शीतलनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	जैन मंदिर, मोटी पोल, अहमदाबाद.	P.C. Parikha & Bharti Shelat, *The Jain Image Inscriptions of Ahmedabad,* No. 8.
७४.	१३४९	ज्येष्ठ सुदि १०	मुनिरत्नसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	विमलवसही, आबू तथा महावीर जिनालय, ब्राह्मणवाडा	मुनि जयन्तविजय, **आबू,** भाग २, लेखांक १५. तथा **आबू,** भाग ५, लेखांक २८२.
७५.	१३५१	वैशाख सुदि	परमानन्दसूरि के पट्टधर वीरप्रभसूरि	चन्द्रप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक ४५.
७६.	१३५२	वैशाख सुदि ५	प्रभानन्दसूरि	पार्श्वनाथ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पुरातत्त्व संग्रहालय, सिरोही	पटनी, **अर्बुदपरिमंडल की जैन धातु प्रतिमायें एवं मंदिरावलि,** लेखांक २९, पृ० ४५.
७७.	१३५६	ज्येष्ठ वदि ८	हेमप्रभसूरि के पट्टधर पद्मचन्द्रसूरि	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनालय,चौकसीपोल, खम्भात	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक ८०३.

www.jainelibrary.org

क्र०	वि० सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
७८.	(१३)५७	फाल्गुन सुदि ७ गुरुवार	वादिदेवसूरि के संतानीय धर्मदेवसूरि	महावीर की धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणिजी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक २३०.
७९.	१३५९	श्रावण सुदि ९	जयमंगलसूरि के शिष्य अमरचंद्रसूरि	शांतिनाथ की धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वही	वही, लेखांक २१९.
८०.	१३६०	आषाढ़ वदि ४	मानदेवसूरि के शिष्य सर्वदेवसूरि के शिष्य पं० उदयचन्द्र	हस्तिशाला का शिलालेख	लूणवसही, आबू	मुनि जयन्तविजय जी, पूर्वोक्त, लेखांक ३१८.
८१.	१३६७	माघ वदि ९ गुरुवार	यशोभद्रसूरि	महावीर की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक २३८.
८२.	१३६८	माघ सुदि ९	वादिदेवसूरि के गच्छ के धर्मदेवसूरि	पार्श्वनाथ की धातु-प्रतिमा का लेख	वही	वही, लेखांक २४३.
८३.	१३६९	फाल्गुन वदि २ सोमवार	पद्मदेवसूरि के शिष्य वीरदेवसूरि	चौबीसी पट्ट पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, लेखांक २४७.
८४.	१३६९	.....	आणंदसूरि एवं हेमप्रभसूरि	.....	श्वे० जैन मन्दिर, नागपुर	मुनि कांतिसागर, सम्पा०- **जैनधातु - प्रतिमालेख,** लेखांक २४.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
८५.	१३७३	फाल्गुन सुदि....।	हेमप्रभसूरि के शिष्य पद्मचन्द्रसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	सीमंधर स्वामी का मंदिर, दोशीवाडा पोल, अहमदाबाद	P.C. Parikha & Bharti Shelat, *The Jain Image Inscriptions of Ahmedabad,* No. 13.
८६.	१३७१	.....	अमरप्रभसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	गौडीपार्श्वनाथ जिनालय के अन्तर्गत आदिनाथ-जिनालय, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १९६०.
८७.	१३८३	माघ सुदि १	कनकसूरि	आदिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	धर्मनाथ देरासर, डभोई	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ५१.
८८.	१३८५	फाल्गुन सुदि ८	भद्रेश्वरसूरि के पट्टधर विजयसेनसूरि	महावीर की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ३०४.
८९.	१३८६	ज्येष्ठ वदि ४ सोमवार	,,	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, लेखांक ३०५.
९०.	१३८७	फाल्गुन सुदि ४ सोमवार	मुनिशेखरसूरि	,,	,,	वही, लेखांक ३१९.
९१.	१३८८	वैशाख सुदि १५ शनिवार	भद्रेश्वरसूरि के पट्टधर विजयसेनसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	नाहटा, लेखांक ३२५.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
९२.	१३९०	वैशाख वदि ११ शनिवार	पिप्पलाचार्य गुणाकर सूरि के शिष्य रत्नप्रभसूरि	महावीर की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वही	वही, लेखांक ३४०.
९३.	१३९१	तिथिविहीन	विजयचन्द्रसूरि के पट्टधर भावदेवसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नेमिनाथ जिनालय, आरासणा	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक ५३.
९४.	१३९२	फाल्गुन वदि ११	रामचन्द्रसूरि के पट्टधर पासभद्रसूरि	शांतिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	विमलनाथ जिनालय, सवाईमाधोपुर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १३६.
९५.	१३९३	......	मुनिशेखरसूरि	,,	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ३५२.
९६.	१४०१	चैत्र सुदि ७ बुधवार	धर्मचन्द्रसूरि	अभिनन्दन स्वामी की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, लेखांक ४००.
९७.	१४०८	वैशाख सुदि ५ गुरुवार	सर्वदेवसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, लेखांक ४१४.
९८.	१४०८	ज्येष्ठ सुदि ५	धर्मतिलकसूरि	,,	,,	वही, लेखांक ४२०.
९९.	१४०६	ज्येष्ठ वदि ९ रविवार	रामचन्द्रसूरि	,,	,,	वही, लेखांक ४०५.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
१००.	१४११	आषाढ़ सुदि ३ शनिवार	परमानन्दसूरि के शिष्य	कायोत्सर्ग प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	शांतिनाथ जिनालय, दीयाणा	मुनि जयन्तविजय, **आबू**, भाग ५, लेखांक ४९१.*
१०१.	१४१२	.....वदि १	देवेन्द्रसूरि के पट्टधर जिनचंद्रसूरि के पट्टधर रामचन्द्रसूरि	दरवाजे के ऊपर उत्कीर्ण लेख	महावीर जिनालय, जीरावला	**आबू**, भाग ५, लेखांक १२०.
१०२.	१४१४	ज्येष्ठ वदि १३ रविवार	अमरचन्द्रसूरि	नेमिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अजितनाथ देरासर, वीरमगाम	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १४९०.
१०३.	१४१७	ज्येष्ठ सुदि ९	विजयसेनसूरि के शिष्य रत्नाकरसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ४३८.
१०४.	१४१७	आषाढ़ सुदि ५ गुरुवार	मुनिशेखरसूरि	स्तम्भलेख	लूणवसही, आबू	मुनि जयन्तविजयजी, **आबू**, भाग २ लेखांक ३८०.
१०५.	१४१८	वैशाख सुदि ७	हेमरत्नसूरि के पट्टधर रत्नशेखरसूरि (प्रतिमा प्रतिष्ठा हेतु उपदेशक)	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अनुपूर्ति लेख, आबू	वही, लेखांक ५७४.

* **जैनप्रतिमालेखसंग्रह** लेखांक ३३१ में सम्पादक दौलत सिंह लोढ़ा ने वि०सं० १४११ को १०११ पढ़ा है जो भ्रामक है.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
१०६.	१४२२	वैशाख वदि ११	महेन्द्रसूरि	पार्श्वनाथ की पर उत्कीर्ण लेख	प्राचीन जैन मन्दिर, धातु की प्रतिमा	मुनि कांतिसागर, पूर्वोक्त, नासिक लेखांक ३९.
१०७.	१४२२	वैशाख वदि ११	महेन्द्रसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चन्द्रप्रभ जिनालय, जैसलमेर	नाहर, पूर्वोक्त, भाग ३, लेखांक २२७०.
१०८.	१४२३	फाल्गुन सुदि ९ सोमवार	पिप्पलाचार्य गुणसमुद्रसूरि	पार्श्वनाथ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	संभवनाथ जिनालय, कालूपुर, अहमदाबाद	*The Jain Image Inscriptions of Ahmedabad,* No.-39.
१०९.	१४२४	वैशाख वदि ३ गुरुवार	दिन्नविजयसूरि (प्रतिमा प्रतिष्ठापना के उपदेशक)	देवकुलिका नं० २२ का लेख	जीरावला पार्श्वनाथ मन्दिर, जीरावला	दौलतसिंह लोढ़ा सम्पा०- **श्रीप्रतिमालेखसंग्रह,** लेखांक २९२(अ).
११० तथा १११.	१४२४	आषाढ़ सुदि ५ गुरुवार	महेन्द्रसूरि	पद्मप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ४६३, ४६८.
११२	१४२५	वैशाख सुदि ११ सोमवार	वदरिसेणसूरि	पार्श्वनाथ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पुरातत्त्व संग्रहालय, सिरोही	पटनी, पूर्वोक्त, लेखांक २१, पृष्ठ ५४.
११३	१४३०	माघ वदि २	धनदेवसूरि सोमवार	धातु की पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, मांडवीपोल, खंभात	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ६२४.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
११४.	१४३२	फाल्गुन सुदि ३ शुक्रवार	नाणचन्द्रसूरि के शिष्य	चन्द्रप्रभ स्वामी की धातु की प्रतिमा पर	शांतिनाथ देरासर, कनासानो पाडो, अक्षतचन्द्रसूरि	वही, भाग १, लेखांक ३२१. उत्कीर्ण लेख पाटण
११५.	१४३३	वैशाख सुदि ६	नरदेवसूरि शनिवार	विमलनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चन्द्रप्रभ जिनालय, जैसलमेर	नाहर, पूर्वोक्त, भाग ३, लेखांक २२७५.
११६.	१४३४	वैशाख वदि २ बुधवार	महेन्द्रसूरि के पट्टधर कमलचन्द्रसूरि	संभवनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ५०९.
११७.	१४३४	,,	,,	,,	,,	वही, लेखांक ५१०.
११८.	१४३६	वैशाख सुदि १३ सोमवार	मुनिशेखरसूरि के शिष्य श्रीतिलकसूरि के शिष्य भद्रेश्वरसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	नमिनाथ जिनालय, लक्ष्मीनारायण पार्क, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ११९७.
११९.	१४४०	माघ सुदि ४ मंगलवार	सागरचन्द्रसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	वही, लेखांक ५४३.
१२०.	१४४३	कार्तिक वदि १४ शुक्रवार	मानतुंगसूरि के संतानीय धर्मचन्द्रसूरि के शिष्य विनयचन्द्रसूरि	स्तम्भ लेख	नेमिनाथ जिनालय, नाडलाई	मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ३३५. नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ८५८. मुनि विद्याविजय, पूर्वोक्त, लेखांक ८७.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
१२१.	१४४५	ज्येष्ठ वदि १२ शुक्रवार	धर्मदेवसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ५४८.
१२२.	१४४५	फाल्गुन वदि १० रविवार	रत्नाकरसूरि	मुनिसुव्रत की प्रतिमा	चन्द्रप्रभ जिनालय, पर उत्कीर्ण लेख	नाहर, पूर्वोक्त, भाग ३, जैसलमेर लेखांक २२७९.
१२३.	१४४७	फाल्गुन सुदि ९ सोमवार	रत्नशेखरसूरि के पट्टधर पूर्णचन्द्रसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ५५२.
१२४.	१४४९	वैशाख सुदि ६ शुक्रवार	अभयदेवसूरि एवं अमरचन्द्रसूरि	सुमतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, लेखांक ५५५.
१२५.	१४४९	वैशाख सुदि .... शुक्रवार	अभयदेवसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, नौहर	वही, लेखांक २४८१.
१२६.	१४५४	माघ सुदि ८ शनिवार	रामसेनीय धर्मदेवसूरि	चन्द्रप्रभा की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	भण्डारस्थ प्रतिमा चिन्तामणि जी का मंदिर, बीकानेर	वही, लेखांक ५६६.
१२७.	१४५७	वैशाख सुदि ३	रामसेनीय धर्मदेवसूरि	चन्द्रप्रभा की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वही	वही, लेखांक ५७५.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
१२८.	(१४)५६	फाल्गुन सुदि ९	वादिदेवसूरि के संतानीय	महावीर की धातु-प्रतिमा	चिन्तामणिजी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ५८१.
१२९.	१४६५	वैशाख सुदि ३ गुरुवार	धर्मदेवसूरि के पट्टधर धर्मसिंहसूरि	वासुपूज्य की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	महावीर जिनालय, बीकानेर	वही, लेखांक १३४५.
१३०.	१४६५	,,	,,	सुमतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चन्द्रप्रभ जिनालय, जैसलमेर	नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक २२८६
१३१.	१४७२	फाल्गुन सुदि ९ शुक्रवार	गुणसागरसूरि	पद्मप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ६६२.
१३२.	१४७२	फाल्गुन सुदि ९ शुक्रवार	कमलचन्द्रसूरि	शांतिनाथ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	पुरातत्त्व संग्रहालय, सिरोही	पटनी, पूर्वोक्त, लेखांक १११, पृ० ६५.
१३३.	१४७२	,,	,,	नमिनाथ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	,,	वही, लेखांक ११२, पृ० ६५.
१३४.	१४७२	तिथिविहीन	जयतिलकसूरि	पार्श्वनाथ की चौबीसी प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वासुपूज्य जिनालय, शेखानो पाड़ो, अहमदाबाद	*The Jain Image Inscriptions of Ahmedabad,* No. 88.
१३५.	१४७३	माघ सुदि ९ बुधवार	कमलचन्द्रसूरि	मुनिसुव्रत की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	माणिकसागरजी का मन्दिर, कोटा	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १ लेखांक २१२.

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
१३६.	१२७५	फाल्गुन सुदि ९ शुक्रवार	गुणसागरसूरि	पद्मप्रभ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	भण्डारस्थ प्रतिमा, चिन्तामणिजी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ६६२.
१३७.	१४७८	फाल्गुन वदि ८ रविवार	देवाचार्यसंतानीय देवचन्द्रसूरि के पट्टधर पूर्णचन्द्रसूरि	श्रेयांसनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, पूना	मुनि विद्याविजय जी, पूर्वोक्त, लेखांक ११९.
१३८.	१४७८	,,	नरचन्द्रसूरि	संभवनाथ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	भण्डारस्थ प्रतिमा चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ६९१
१३९.	१४७९	वैशाख सुदि ३ शुक्रवार	मुनीश्वरसूरि	धर्मनाथ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	वही	वही, लेखांक ६९३.
१४०.	१४७९	पौष वदि ५	पूर्णचन्द्रसूरि शुक्रवार	वासुपूज्य की धातु उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, की प्रतिमा पर	मुनि विद्याविजय जी, पूर्वोक्त, पूना लेखांक १२२.
१४१.	१४८०	फाल्गुन सुदि १० बुधवार	रामदेवसूरि	आदिनाथ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	भण्डारस्थ प्रतिमा चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ७०१.

क्र०	वि०सं०	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/शिलालेख	प्राप्तिस्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
१४२.	१४८२	ज्येष्ठ वदि ५ शनिवार	अमरप्रभसूरि	आदिनाथ की धातु-प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	विमलनाथ जिनालय, अजीमगंज,मुर्शिदाबाद	नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ३९.
१४३.	१४८२	माघ सुदि ५ सोमवार	नरचन्द्रसूरि के पट्टधर वीरचन्द्रसूरि	नमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ७१८.
१४४.	१४८२	माघ वदि ९ बुधवार	महेन्द्रसूरि के पट्टधर कमलचन्द्रसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	अनुपूर्ति लेख, आबू	मुनि जयन्तविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ६२०.
जीरापल्लीगच्छ का उल्लेख करने वाला सर्वप्रथम लेख इस गच्छ के आदिम आचार्य रामचन्द्रसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित आदिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण है। वर्तमान में यह प्रतिमा शीतलनाथ जिनालय, उदयपुर में संरक्षित है। श्री पूरनचन्द नाहर ने इसकी वाचना दी है, जो इस प्रकार है :

सं० १४०६ वर्षे ज्येष्ठ सुदि ९ रवौ सा ..... कुटुम्ब श्रेयोर्थं श्री आदिनाथ बिम्बं कारितं प्रतिष्ठितं जीरापल्लीयै: श्रीरामचन्द्रसूरिभि:।।

जैनलेखसंग्रह, भाग-२, लेखांक १०४९

इस गच्छ का उल्लेख करने वाला द्वितीय लेख वि०सं० १४११ का है जो जीरावला स्थित जिनालय में पार्श्वनाथ की देवकुलिका पर उत्कीर्ण है। मुनि जयन्तविजय ने इसकी वाचना दी है, जो निम्नानुसार है :

सं० १४११ वर्षे चैत्र वदि ६ बुधे अनुराधा नक्षत्रे बृहद्गच्छीय श्रीदेवचन्द्रसूरीणां पट्टे श्रीजिनचन्द्रसूरीणां तपोवन समो.....प्रभृतिपरिवारपरिवृत्तेन ..... श्रीपार्श्वनाथस्य देवकुलिका सपरिकर जीरापल्लीयै: श्रीरामचन्द्रसूरिभि: कारिता ।।

अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंदोह, लेखांक ११९

इस गच्छ से सम्बद्ध अन्य लेखों का विवरण इस प्रकार है :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	सम्वत्	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	लेख का स्वरूप	प्रतिष्ठास्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
१.	१४१३	फाल्गुन सुदि १३	देवचन्द्रसूरि के पट्टधर जिनचन्द्रसूरि के पट्टधर रामचन्द्रसूरि	पार्श्वनाथ की देवकुलिका पर उत्कीर्ण लेख	जैनमंदिर, जीरावाला	मुनि जयन्तविजय, संपा०, **अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेख संदोह,** लेखांक १२० एवं दौलतसिंह लोढा, **श्रीप्रतिमालेखसंग्रह,** लेखांक ३०९
२.	१४२९	माघ वदि ७	वीरचन्द्रसूरि	आदिनाथ की धातु की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय, वडनगर	बुद्धिसागरसूरि, **जैनधातुप्रतिमालेख संग्रह,** भाग-१, लेखांक ५४०
३.	१४३५	माघ वदि १२ सोमवार	वीरसिंहसूरि के पट्टधर वीरचन्द्रसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ चैत्य, थराद	लोढा, पूर्वोक्त, लेखांक ९९
४.	१४३८	ज्येष्ठ वदि ४ रविवार	,,	धातु की जिनप्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणि जी का मन्दिर, बीकानेर	अगरचन्द नाहटा, **बीकानेरजैन लेखसंग्रह,** लेखांक ५३२
५.	१४४०	पौष सुदि ११ बुधवार	वीर(चन्द)सूरि के शिष्य शालिभद्रसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	गौडीपार्श्वनाथ जिनालय, बड़ोदरा	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक २४१
६.	१४४२	वैशाख सुदि १५	वीरचन्द्रसूरि के शिष्य शालिभद्रसूरि	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	अगरचंद नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ५४७
७.	१४४९	वैशाख सुदि ६ बुधवार	,,	पद्मप्रभ की प्रतिमा का लेख	अनुपूर्तिलेख, आबू	मुनि जयन्तविजय, **अर्बुदप्राचीन-जैनलेखसंदोह,** लेखांक ६०३

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	सम्वत्	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	लेख का स्वरूप	प्रतिष्ठास्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
८.	१४५३	वैशाख सुदि ३ सोमवार	,,	चौबीसी जिनप्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	-	दौलतसिंह लोढ़ा, पूर्वोक्त, लेखांक ६२
९.	१४५३	मिति नष्ट	,,	महावीर की धातुप्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ५६३
१०.	१४६२	मितिविहीन	,,	पार्श्वनाथ की धातुप्रतिमा का लेख	धर्मनाथ जिनालय मडार	मुनि जयन्तविजय, पूर्वोक्त, लेखांक ७४
११.	१४६८	वैशाख वदि ३ शुक्रवार	शालिभद्रसूरि के पट्टधर वीरभद्रसूरि	श्रेयांसनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	नवखण्डापार्श्वनाथ जिनालय, भोंयरापाडो, खंभात	बुद्धिसागर, वही, भाग-२, लेखांक ८७४
१२.	१४७२	वैशाख सुदि १२	शालिभद्रसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	भण्डारस्थ धातु प्रतिमा, पालिताणा	विजयधर्मसूरि, संपा०, **प्राचीनलेखसंग्रह,** लेखांक १११
१३.	१४७७	वैशाख.....?	शालिभद्रसूरि	महावीर की धातुप्रतिमा का लेख	सुमतिनाथ मुख्य बावनजिनालय, मातर	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक ४६१
१४.	१४८१	वैशाख सुदि १५ बुधवार	वीरचन्द्रसूरि के पट्टधर शालिभद्रसूरि	पार्श्वनाथ की धातुप्रतिमा का लेख	चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ७०७
१५.	१४८३	वैशाख सुदि ५ गुरुवार	शालिभद्रसूरि के पट्टधर उदयरत्नसूरि	चन्द्रप्रभ की धातुप्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, नरसिंहजी की पोल, बड़ोदरा	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग-२ लेखांक १३०
१६.	१४८३	माघ वदि ५ सोमवार	शालिभद्रसूरि	वासुपूज्य की धातु की प्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ जिनालय साथां	विनयसागर, **प्रतिष्ठालेखसंग्रह** भाग - १ लेखांक २४५

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	सम्वत्	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	लेख का स्वरूप	प्रतिष्ठास्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
१७.	१५०८	ज्येष्ठ सुदि १० सोमवार	उदयचन्द्रसूरि	श्रेयांसनाथ की प्रतिमा का लेख	सुपार्श्वनाथ चैत्य, अमलीशेरी, थराद	लोढा, पूर्वोक्त, लेखांक २५६
१८.	१५०९	वैशाख.....	प्रतिष्ठापक मुनि का नाम मिट गया है	सुविधिनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, राधनपुर	मुनि विशालविजय, संपा०, **राधनपुरप्रतिमालेखसंग्रह,** लेखांक १६१
१९.	१५१५	फाल्गुन सुदि ५ गुरुवार	उदयचन्द्रसूरि	कुन्थुनाथ की धातुप्रतिमा का लेख	संभवनाथ जिनालय, अमरेली	विजयधर्मसूरि, पूर्वोक्त, लेखांक ३०३
२०.	१५२०	माघ वदि ७ रविवार	उदयचन्द्रसूरि के शिष्य सागरचन्द्रसूरि	विमलनाथ की धातुप्रतिमा का लेख	अजितनाथ जिनालय, शेखनो पाडो, अहमदाबाद	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग-१, लेखांक १०१५
२१.	१५२७	माघ वदि ७ रविवार	शालिभद्रसूरि के पट्टधर उदयचन्द्रसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, लखनऊ	पूरनचन्द नाहर, संपा०, **जैनलेखसंग्रह,** भाग-२, लेखांक १५०६
२२.	१५२७	,,	उदयचन्द्रसूरि के पट्टधर सागरचन्द्रसूरि	संभवनाथ की प्रतिमा का लेख		लोढ़ा, पूर्वोक्त, लेखांक १३८
२३.	१५३२	वैशाख वदि ५ रविवार	,,	धर्मनाथ की प्रतिमा का लेख	चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १०७२
२४.	१५४९	ज्येष्ठ वदि १ शुक्रवार	उदयचन्द्रसूरि के पट्टधर देवरत्नसूरि	धर्मनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	वीर जिनालय, सांगानेर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ८५५

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	सम्वत्	तिथि/मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	लेख का स्वरूप	प्रतिष्ठास्थान	सन्दर्भ ग्रन्थ
२५.	१५५२	माघ वदि २ रविवार	देवरत्नसूरि	वासुपूज्य की धातु की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, शांतिनाथ पोल, अहमदाबाद	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग-१, लेखांक १३२३
२६.	१५६०	वैशाख सुदि ३ बुधवार	,,	मुनिसुव्रत की प्रतिमा का लेख	जैन मन्दिर, राजनगर	साराभाई नवाब- "राजनगरना जिनमन्दिररोमां सचवायेलां ऐतिहासिक अवशेषो" **जैनसत्यप्रकाश,** वर्ष ९, अंक ८, लेखांक ३६
२७.	१५७२	वैशाख सुदि ३ शनिवार	,,	शांतिनाथ की धातुप्रतिमा का लेख	चिन्तामणिजी का मन्दिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ११३६

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जैसा कि पीछे हम देख चुके हैं वि०सं० १४०६ के प्रतिमालेख में प्रतिमा-प्रतिष्ठापक के रूप में रामचन्द्रसूरि का तो उल्लेख है, परन्तु उनके गुरु आदि का नाम उक्त लेख से ज्ञात नहीं होता,वहीं दूसरी ओर वि०सं० १४११ और वि०सं० १४१३ के अभिलेखों से स्पष्ट रूप से उनके गुरु और प्रगुरु तथा उनके गच्छ का भी नाम मालूम हो जाता है। चूँकि ये इस गच्छ (जीरापल्लीगच्छ) से सम्बद्ध प्राचीनतम साक्ष्य हैं, अत: यह माना जा सकता है कि रामचन्द्रसूरि के समय से ही बडगच्छ की एक शाखा के रूप में जीरापल्लीगच्छ के अस्तित्व में आने की नींव पड़ चुकी थी और शीघ्र ही यह एक स्वतन्त्र गच्छ के रूप में स्थापित हो गया। इस आधार पर रामचन्द्रसूरि को इस गच्छ का पुरातन आचार्य माना जा सकता है। अभिलेखीय साक्ष्यों से रामचन्द्रसूरि के अतिरिक्त वीरसिंहसूरि, वीरचन्द्रसूरि, शीलभद्रसूरि, वीरभद्रसूरि, उदयरत्नसूरि, उदयचन्द्रसूरि, सागरचन्द्रसूरि, देवरत्नसूरि आदि के नामों के साथ-साथ उनके पूर्वापर सम्बन्धों का भी उल्लेख मिल जाता है, जो इस प्रकार है :

१. वीरसिंहसूरि के पट्टधर वीरचन्द्रसूरि (वि०सं० १४२९-३८)

२. वीरचन्द्रसूरि के पट्टधर शालिभद्रसूरि (वि०सं० १४४०-८३)

३. शालिभद्रसूरि के प्रथम शिष्य वीरभद्रसूरि (वि०सं० १४६८)

४. शालिभद्रसूरि के द्वितीय शिष्य उदयरत्नसूरि (वि०सं० १४८३)

५. शालिभद्रसूरि के तृतीय शिष्य उदयचन्द्रसूरि (वि०सं० १५०८-२७)

६. उदयचन्द्रसूरि के प्रथम शिष्य सागरचन्द्रसूरि (वि०सं० १५२०-१५३२)

७. उदयचन्द्रसूरि के द्वितीय शिष्य देवरत्नसूरि (वि०सं० १५४९-१५७२)

उक्त आधार पर जीरापल्लीगच्छ के मुनिजनों के गुरु-शिष्य परम्परा की एक तालिका पुनर्गठित की जा सकती है, जो इस प्रकार है :

वडगच्छीय देवचन्द्रसूरि

|

जिनचन्द्रसूरि

|

रामचन्द्रसूरि (वि०सं० १४११ और १४१३ में जीरापल्ली तीर्थ पर दो देवकुलिकाओं के निर्माता)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org



जैसा कि लेख के प्रारम्भ में कहा जा चुका है इस गच्छ से सम्बद्ध मात्र दो साहित्यिक साक्ष्य मिलते हैं। इनमें से प्रथम है रामकलशसूरि के शिष्य देवसुन्दरसूरि द्वारा रचित **कयवन्नाचौपाई**[३]। इसकी प्रशस्ति में रचनाकार ने केवल अपने गुरु और रचनाकाल तथा गच्छ आदि का ही उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है :

संवत पनर चोराण सार, मागसर वदि सातमि गुरुवार।
पूष्य नक्षत्र हूंतो सिध्य जोग, कयवन्नानी कथानो भोग।।
श्रीजीराउलिगच्छ गुरु जयवंत, श्री श्रीरामकलशसूरि गुणवंत।
वाचक देवसुन्दर पभणंति, भणइ गुणइ ते सुख लहंति।।

इनके द्वारा रची गयी एक अन्य कृति भी मिलती है जिसका नाम है **आषाढ़भूतिसज्झाय**[४] (रचनाकाल वि०सं० १५८७)।

वि०सं० १६०२ में लिखी गयी तपागच्छीय**श्राद्धप्रतिक्रमणसूत्रवृत्ति** की प्रतिलिपि की प्रशस्ति[५] में भी इस गच्छ का उल्लेख है :

इत श्री तपग. श्राद्ध प्रतिक्रमण ..... वृत्तौ शेषाधिकारः पंचमः। समाप्ता चेयमर्थदीपिकानाम्नी श्राद्धप्रतिक्रमण-टीका । ग्रन्थाग्रन्थ ६६४४।। श्री सं० १६०२ श्रावण

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सुदि ५ रवौ श्रीजीराउलगच्छे लिखितं कीकी जाउरनगरे श्रीविजयहर्षगणि शिष्य रंगविजयनी प्रति भंडारी मूकी।।

कयवन्नाचौपाई के रचनाकार देवसुन्दरसूरि के गुरु रामकलशसूरि किसके शिष्य थे। अभिलेखीय साक्ष्यों में उल्लिखित सागरचन्द्रसूरि, देवरत्नसूरि आदि से उनका क्या सम्बन्ध था, प्रमाणों के अभाव में यह ज्ञात नहीं होता। ठीक यही बात **श्राद्धप्रतिक्रमणसूत्र** की वि०सं० १६०२ में प्रतिलिपि करने वाले जीरापल्लीगच्छीय रंगविजय और उनके गुरु विजयहर्षगणि के बारे में कही जा सकती है, फिर भी उक्त साहित्यिक साक्ष्यों से वि०सं० की १७वीं शताब्दी के प्रथम दशक तक इस गच्छ का स्वतन्त्र अस्तित्व सिद्ध होता है। इसके बाद इस गच्छ से सम्बद्ध कोई साक्ष्य न मिलने से यह अनुमान व्यक्त किया जा सकता है कि इस समय तक इस गच्छ के अनुयायी श्रमण किन्ही प्रभावशाली गच्छों विशेषकर तपागच्छ के अनुयायी हो गये होंगे । यद्यपि त्रिपुटीमहाराज[६] ने वि०सं० १६५१ में इस गच्छ के किन्हीं देवानन्दसूरि के पट्टधर सोमसुन्दरसूरि के विद्यमान होने का उल्लेख किया है, परन्तु अपने उक्त कथन का कोई आधार या सन्दर्भ नहीं दिया है, अत: इसे स्वीकार कर पाना कठिनहै ।

सन्दर्भ :

१. "बृहद्गच्छगुर्वावली", मुनि जिनविजय, संपा० **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह,** पृ० ५२-५५.

२. मुनि जयन्तविजय, **अर्बुदाचलप्रदक्षिणा,** पृ० ८७-९७.

३-४. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग-१, द्वितीय संशोधित संस्करण, संपा०, डॉ० जयन्त कोठारी, पृ० ३३३.

५. अमृतलाल मगनलाल शाह, संपा०, **श्रीप्रशस्तिसंग्रह,** भाग-२, प्रशस्ति क्रमांक ३६६, पृ० १००.

६. त्रिपुटी महाराज, **जैन परम्परानो इतिहास**, भाग-२, प्रथम संस्करण, पृ० ५९९.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

नागपुरीयतपागच्छ का इतिहास

निर्ग्रन्थ परम्परा के श्वेताम्बर सम्प्रदाय में पूर्वमध्यकाल और मध्यकाल में उद्भूत विभिन्न गच्छों में नागपुरीयतपागच्छ (नागौरी तपागच्छ) भी एक है। जैसा कि इसके अभिधान से स्पष्ट होता है कि यह गच्छ तपागच्छ की एक शाखा के रूप में अस्तित्त्व में आया होगा, किन्तु इस गच्छ की स्वयं की मान्यतानुसार बृहद्गच्छीय आचार्य वादिदेवसूरि ने अपने चौबीस शिष्यों को एक साथ आचार्य पद प्रदान किया, जिनमें पद्मप्रभसूरि भी एक थे।[१] पद्मप्रभसूरि द्वारा नागौर में उग्र तप करने के कारण वहां के शासक ने प्रसन्न होकर उन्हें 'नागौरीतपा' विरुद् प्रदान किया। इस प्रकार उनके नाम के साथ 'नागौरीतपा' शब्द जुड़ गया और उनकी शिष्य सन्तति नागपुरीयतपागच्छीय कहलायी।[२] इसी गच्छ से आगे चलकर १६वीं शताब्दी में पार्श्वचन्द्रगच्छ अस्तित्व में आया और आज भी उस गच्छ के अनुयायी श्रमण-श्रमणी विद्यमान हैं।

नागपुरीयतपागच्छ से सम्बद्ध ग्रन्थ प्रशस्तियों एवं पट्टावलियों में यद्यपि इसे वि० सं० ११७४/ई० सन् १११८ में बृहद्गच्छ से उद्भूत बतलाया गया है, किन्तु इस गच्छ से सम्बद्ध उपलब्ध साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्य विक्रम सम्वत् की १६वीं-१७वीं शताब्दी से पूर्व के नहीं हैं। नागपुरीयतपागच्छ का उल्लेख करने वाला सर्वप्रथम साक्ष्य है वि० सं० १५५१/ई० स० १४९५ में प्रतिष्ठापित शीतलनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख। महोपाध्याय विनयसागर ने इस लेख की वाचना दी है,[३] जो इस प्रकार है —

सं० १५५१ व० मा० २ सोमे उ० ज्ञा० सोनीगोत्रे सा० चांपा भा० चांपलदे पु० हया रामा हृदा पितृनि० आ० श्रे० श्री शीतलनाथ बिं०कारि०प्रति० नागुरी (नागपुरीय) तपाग० भ० सोमरत्नसूरिभिः।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रतिष्ठान स्थान — ऋषभदेव जिनालय, मालपुरा

आदिनाथ जिनालय, नागौर में एक शिलापट्ट पर उत्कीर्ण वि० सं० १५९६ का एक खण्डित अभिलेख प्राप्त हुआ है[४]। इस अभिलेख में राजरत्नसूरि और उनके शिष्य रत्नकीर्तिसूरि का नाम मिलता है। लेख का मूलपाठ इस प्रकार है:

।।ॐ।। स्वास्तिश्रीसंवत् १५९६ वर्षे फाल्गुन मासे शुक्लपक्षे नवमी तिथौ सोमवारे नागपुरकोटे श्रीमालवंशे संकियाप्य (?) गोत्रे सं० नोल्हा पु० सं० चूहड़ सं० लक्ष्मीदास सं० भवानी सं० लक्ष्मीदास भार्या सं० सरूपदे नाम्नी हे..... श्रीराजरत्नसूरिपट्टे सं० श्रीरत्नकीर्तिसूरि प्रतिष्ठिता।। .....।

शिलापट्ट प्रशस्ति, आदिनाथ जिनालय, हीरावाड़ी, नागौर

उक्त अभिलेख से राजरत्नसूरि और उनके शिष्य रत्नकीर्तिसूरि किस गच्छ के थे, इस बारे में कोई सूचना प्राप्त नहीं होती किन्तु उक्त जिनालय में ही मूलनायक के रूप में स्थापित आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख से इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। महोपाध्याय विनयसागर जी[५] ने इस लेख का मूलपाठ दिया है, जो निम्नानुसार है:

।।ॐ।। सं० १५९६ वर्षे फाल्गुन सुदि नवम्यां तिथौ.....गोत्रे..... सं० नोल्हा पु० सं० तेजा पु० सं० चूहड भा० सं० रमाइं पु० सं० लक्ष्मीदास सं० भवानी सं० लक्ष्मीदास भा०.....कल्याणमल्ल तत्र लक्ष्मीदास भार्या सरूपदेव्यौ कर्मनिर्जरार्थं श्री आदिनाथबिंब कारितं प्रतिष्ठितं.....भट्टारक श्रीसोमरत्नसूरिपट्टे भट्टारिक श्री श्रीराजरत्नसूरयस्तत्पट्टे श्रीरत्नकीर्तिसूरि..... श्रीसंघस्य।

मूलनायक की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख, आदिनाथ जिनालय, हीरावाड़ी, नागौर

इस अभिलेख में रत्नकीर्तिसूरि का प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में उल्लेख मिलने के साथ साथ उनके गुरु राजरत्नसूरि और प्रगुरु सोमरत्नसूरि का भी नाम मिलता है:

?
|
|
|

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सोमरत्नसूरि

|

|

राजरत्नसूरि

|

|

रत्नकीर्तिसूरि (वि० सं० १५९६ में आदिनाथ की प्रतिमा के प्रतिष्ठापक)

जैसा कि ऊपर हम देख चुके हैं नागपुरीयतपागच्छीय सोमरत्नसूरि का वि० सं० १५५१ के एक लेख में प्रतिमा प्रतिष्ठापक के रूप में उल्लेख मिलता है। अतः इन्हें समसामयिकता और नामसाम्य के आधार पर रत्नकीर्ति के प्रगुरु और राजरत्नसूरि के गुरु सोमरत्नसूरि से अभिन्न माना जा सकता है।

इस गच्छ का उल्लेख करने वाला अन्तिम अभिलेखीय साक्ष्य वि० सं० १६६७ का है। इस लेख का मूलपाठ भी हमें विनयसागर जी द्वारा ही प्राप्त होता है,[६] जो इस प्रकार है :

सम्वत् १६६७ फाल्गुन कृष्णा ६ गुरौ.....उसवालज्ञातीय दूगड़गोत्रे सा० सलिग पुत्र साह राजपाल पुत्र सा० खीमाकेन भार्या कुशलदे पुत्र गिरधर सा० मानसिंघयुतेन श्री श्रेयासनाथबिंबं कारितं प्रतिष्ठितं श्रीनागौरीतपागच्छे श्रीचन्द्रकीर्तिसूरिपट्टे श्रीसोमकीर्तिसूरिपट्टे श्रीदेवकीर्तिसूरि श्रीअमर .....। प्रतिष्ठितं नागौरी तपागच्छ श्री आगरानगरे मानसिंघेन लिपीकृतं ॥

मूलनायक की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख

श्रेयांसनाथ जिनालय, हिंडोन

इस प्रकार इस अभिलेख में नागपुरीयतपागच्छ के चार मुनिजनों के नाम मिल जाते हैं, जो इस प्रकार हैं :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

चन्द्रकीर्तिसूरि

|

सोमकीर्तिसूरि

देवकीर्तिसूरि — अमर (कीर्तिसूरि)

(वि०सं० १६६७ में श्रेयांसनाथ की प्रतिमा के प्रतिष्ठापक

वि०सं० १५९६ के प्रतिमा लेख में उल्लिखित रत्नकीर्तिसूरि और वि० सं० १६६७ के उक्त प्रतिमालेख में उल्लिखित चन्द्रकीर्ति के बीच किस प्रकार का सम्बन्ध था, यह बात उक्त प्रतिमालेख से ज्ञात नहीं होता है ।

नागपुरीयतपागच्छ से सम्बद्ध यही चार अभिलेखीय साक्ष्य आज मिलते हैं, किन्तु इस गच्छ के इतिहास के अध्ययन की दृष्टि से ये अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं।

नागपुरीयतपागच्छ से सम्बद्ध साहित्यिक साक्ष्य

नागपुरीयतपागच्छ का उल्लेख करने वाला सर्वप्रथम साहित्यिक साक्ष्य है इस गच्छ के आचार्य चन्द्रकीर्तिसूरि द्वारा वि० सं० १६२३/ई० स० १५६७ में रचित **सारस्वतव्याकरणदीपिका** की प्रशस्ति[७], जिसमें रचनाकार ने अपनी गुरु-परम्परा की लम्बी गुर्वावली दी है, जो इस गच्छ के इतिहास के अध्ययन की दृष्टि से अति मूल्यवान है। गुर्वावली इस प्रकार है :

वादिदेवसूरि

|

पद्मप्रभसूरि

|

प्रसन्नचन्द्रसूरि

|

गुणसमुद्रसूरि

|

जयशेखरसूरि

|

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org



चन्द्रकीर्तिसूरि द्वारा रचित **धातुपाठविवरण, छन्दकोशटीका** आदि कई कृतियां प्राप्त होती हैं। इसी प्रकार इनके शिष्य हर्षकीर्ति भी अपने समय के प्रसिद्ध रचनाकार थे[८]। इसके द्वारा रचित **योगचिन्तामणि** अपरनाम **वैद्यकसारोद्धार, शारदीयनाममाला, अजियसंतिथव (अजितशांतिस्तव), उग्गहरथोत्त (उपसर्गहरस्तोत्र), धातुपाठ, नवकारमंत्र, (नमस्कारमन्त्र), बृहच्छांतिथव (बृहद्शान्तिस्तव), लघुशान्तिस्तोत्र, सिन्दूरप्रकर** आदि विभिन्न कृतियां प्राप्त होती हैं ।[९]

गोपालभट्ट द्वारा रचित **सारस्वतव्याकरण** पर **वृत्ति** के रचनाकार भावचन्द्र भी नागपुरीयतपागच्छ के थे। अपनी उक्त कृति की प्रशस्ति[१०] में इन्होंने अपने गुरु-परम्परा का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है:

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

चन्द्रकीर्तिसूरि
|
पद्मचन्द्र
|
भावचन्द्र (**सारस्वतव्याकरणवृत्ति** अपरनाम **गोपालटीका** के रचनाकार)

ऊपर **सारस्वतव्याकरणदीपिका** की प्रशस्ति में हम देख चुके हैं कि किन्ही पद्मचन्द्र की प्रार्थना पर उक्त कृति की रचना की गयी थी[११]। इससे यह प्रतीत होता है कि मुनि पद्मचन्द्र का रचनाकार से अवश्य ही निकट सम्बन्ध रहा होगा। ऊपर हम **गोपालटीका** की प्रशस्ति में देख रहे हैं कि टीकाकार भावचन्द्र ने पद्मचन्द्र को चन्द्रकीर्तिसूरि का शिष्य और अपना गुरु बतलाया है। इस प्रकार **सारस्वतव्याकरणदीपिका** की प्रथमादर्शप्रति के लेखक हर्षकीर्ति और उक्त कृति की रचना हेतु आचार्य चन्द्रकीर्ति को प्रेरित करने वाले पद्मचन्द्र परस्पर गुरुभ्राता सिद्ध होते हैं।

चन्द्रकीर्तिसूरि (वि०सं० १६२३ में **सारस्वतव्याकरणदीपिका** के रचनाकार)

पद्मचन्द्र (**सारस्वतव्याकरणदीपिका** की रचना के लिए प्रार्थना करने वाले)
|
भावचन्द्र (**सारस्वतव्याकरणवृत्ति** अपरनाम **गोपालटीका** के रचनाकार)

हर्षकीर्ति (**सारस्वतव्याकरणदीपिका** की प्रथमादर्श प्रति के लेखक)

हर्षकीर्ति द्वारा रचित **कल्याणमन्दिरस्तोत्रटीका** नामक एक अन्य कृति भी प्राप्त होती है, जिसका संशोधन उनके शिष्य महोपाध्याय देवसुन्दर ने किया[१२]। इसी प्रकार इनके एक शिष्य शिवराज ने अपने गुरु द्वारा रचित **बृहद्शान्तिस्तव** की वि० सं० १६७६ में प्रतिलिपि की[१३]।

वि० सं० १६५७ में लिखी गयी **सिरिवालचरिय (श्रीपालचरित्र)** की प्रतिलेखन प्रशस्ति[१४] में भी इस गच्छ के कुछ मुनिजनों के नाम ज्ञात होते हैं, जो इस प्रकार हैं —

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

चन्द्रकीर्तिसूरि

|

मानकीर्ति

|

अमरकीर्ति

|

मुनिधर्म (वि०सं० १६५७/ई०स० १६०१ में **सिरिवालचरिय** के प्रतिलिपिकार)

उक्त छोटी-छोटी प्रशस्तियों के आधार पर इस गच्छ के मुनिजनों की एक तालिका निर्मित की जा सकती है, जो इस प्रकार है :

चन्द्रकीर्तिसूरि (**सारस्वतव्याकरणदीपिका** के रचनाकार)

मानकीर्ति (**कल्याणमंदिरस्तोत्रटीका** एवं अन्य कृतियों के कर्ता) — हर्षकीर्ति — पद्मचन्द्र (**सारस्वतव्याकरणदीपिका** की रचना के प्रेषक)

अमरकीर्ति — महो० देवसुन्दर (**कल्याणमंदिरस्तोत्रटीका** के संशोधक) — शिवराज — भावचन्द्र (**गोपालटीका** के रचनाकार)

मुनिधर्म
(वि०स० १६५७/ई०स० १६०१ में **श्रीपालचरित** के प्रतिलिपिकार

ऋतुसंहारटीका के रचनाकार अमरकीर्ति[१५] और वि०सं० १६५७ में **सिरिवालचरिय** के प्रतिलिपिकार मुनिधर्म के गुरु अमरकीर्ति एक ही व्यक्ति मालूम होते हैं ।

सारस्वतव्याकरणदीपिका की प्रशस्ति में उल्लिखित रचनाकार चन्द्रकीर्ति के गुरु राजरत्नसूरि और प्रगुरु सोमरत्नसूरि समसामयिकता, नामसाम्य, गच्छसाम्य आदि को देखते हुए अभिलेखीय साक्ष्यों में उल्लिखित राजरत्नसूरि और उनके गुरु सोमरत्नसूरि से अभिन्न माने जा सकते हैं। इस आधार पर चन्द्रकीर्तिसूरि और रत्नकीर्तिसूरि, सोमरत्नसूरि के

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रशिष्य, राजरत्नसूरि के शिष्य और परम्परा गुरुभ्राता सिद्ध होते हैं। इस प्रकार इस गच्छ के मुनिजनों का जो वंशवृक्ष बनाता है, वह इस प्रकार है :

सोमरत्नसूरि (वि० सं० १५५१) प्रतिमा लेख(नागपुरीयतपागच्छ का उल्लेख करने वाला सर्वप्रथम साक्ष्य)



चूंकि नागपुरीयतपागच्छ का वि० सं० १५५१ से पूर्व कहीं भी कोई उल्लेख नहीं मिलता, अत: चन्द्रकीर्तिसूरि द्वारा रचित **सारस्वतव्याकरणदीपिका** की प्रशस्तिगत गुर्वावली में आचार्य सोमरत्नसूरि से पूर्ववर्ती हेमरत्नसूरि, हेमसमुद्रसूरि, हेमहंससूरि, पूर्णचन्द्रसूरि आदि जिन मुनिजनों का उल्लेख मिलता है, उन्हें किस गच्छ से सम्बद्ध माना जाये, यह समस्या सामने आती है। इस सम्बन्ध में हमें अन्यत्र प्रयास करना होगा।

तपागच्छीय अभिलेखीय साक्ष्यों में हमें हेमरत्नसूरि (वि० सं० १५३३), हेमरत्नसूरि के गुरु हेमसमुद्रसूरि (वि० सं० १५१७-२८) और हेमसमुद्रसूरि के गुरु तथा पूर्णचन्द्रसूरि के शिष्य हेमहंससूरि (वि० सं० १४५३-१५१३) का उल्लेख प्राप्त होता है। इनका विवरण इस प्रकार है :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तपागच्छीय आचार्य पूर्णचन्द्रसूरि के पट्टधर हेमहंससूरि द्वारा प्रतिष्ठापित जिनप्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों का विवरण

क्रमांक	संवत्	माह	तिथि	दिन	सन्दर्भग्रन्थ
१.	१४५३	.....सुदि	३		**जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १४८९
२.	१४६५	माघ वादि	१३		**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक ६१९
३.	१४६६	चैत्र सुदि	१३		**जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १९१७
४.	१४६९	कार्तिक सुदि	१५		**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक ६४१
५.	१४७५	मार्गसिर वादि	४		**जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १२४०
६.	१४८५	माघ वदि	१४	बुधवार	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक १३१४
७.	१४८५	.....वदि	५		वही, लेखांक ७२९
७अ.	१४८६	ज्येष्ठ सुदि	१३		**जैनलेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक ६५८
७ब.	१४८७	माघ सुदि	३		**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक ५१
७स.	१४९०	वैशाख वदि			**जैनलेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक ४२९
८.	१४९०	फाल्गुन सुदि	९		वही, भाग २, लेखांक १३२९
९.	१४९६	वैशाख सुदि	१२		वही, भाग २, लेखांक १४८१
१०.	१४९८	फाल्गुन वदि	१०		वही, भाग २, लेखांक १३६७
११.	१५०१	.....वदि	६	बुधवार	वही, भाग २, लेखांक १४८२
१२.	१५०३	ज्येष्ठ सुदि	११	शुक्रवार	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक ८६५
१३.	१५०३	,,	,,		वही, लेखांक १४३३
१४.	१५०३	मार्गशीर्ष वदि	१०		वही, लेखांक १५१२
१५.	१५०४	फाल्गुन सुदि	११		**जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक ११४७
१६.	१५१०	चैत्र वदि	४	शनिवार	वही, भाग २, लेखांक ११५२

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्रमांक	संवत्	माह	तिथि	दिन	सन्दर्भग्रन्थ
१७.	१५११	माघ वदि	९		वही, भाग २, लेखांक १४०१
१७अ.	१५१२	फाल्गुन वदि	५		**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक ९४
१८.	१५१३	पौष सुदि	७		**जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १०८९
१९.	१५१३	,,	,,		वही, भाग २, लेखांक १२६६
२०.	१५१३	,,	,,		वही, भाग २, लेखांक १३७४

हेमहंससूरि के पट्टधर हेमसमुद्रसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित जिनप्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों का विवरण

क्रमांक	संवत्	माह	तिथि	दिन	सन्दर्भ ग्रन्थ
१.	१५१७	मार्गशीर्ष सुदि	२	शनिवार	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक ५६९
२.	१५१७	माघ सुदि	१०	सोमवार	वही, लेखांक ५७३
३.	१५१८	माघ सुदि	२	शनिवार	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक १२२७
४.	१५२१	वैशाख सुदि	१३	सोमवार	वही, लेखांक १२९३
५.	१५२१	माघ सुदि	१२	बुधवार	**जैनलेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक ४४३
५अ.	१५२२	माघ सुदि	२	गुरुवार	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १२०
६.	१५२८	वैशाख वदि	६	सोमवार	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक १२४९

हेमसमुद्रसूरि के पट्टधर हेमरत्नसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित जिनप्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों का विवरण

क्रमांक	संवत्	माह	तिथि	दिन	सन्दर्भग्रन्थ
१.	१५३३	माघ सुदि	६		**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** भाग-१, लेखांक ७६४
२.	१५३३	,,	,,		**बीकानेरजैनलेखसंग्रह,** लेखांक ११९१
३.	१५४२	वैशाख सुदि	१३	रविवार	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १६८

उक्त अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर जो पट्टक्रम निश्चित होता है, वह इस प्रकार है —

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पूर्णचन्द्रसूरि
|
हेमहंससूरि (वि० सं० १४५३-१५१३)
|
हेमसमुद्रसूरि (वि० सं० १५१७-१५२८)
|
हेमरत्नसूरि (वि० सं० १५३३-१५४२)

इस प्रकार तपागच्छीय अभिलेखीय साक्ष्यों में न केवल उक्त मुनिजनों के नाम मिलते हैं, बल्कि उनका पट्टक्रम भी ठीक उसी प्रकार का है जैसा कि चन्द्रकीर्तिसूरि द्वारा रचित **सारस्वतव्याकरणदीपिका** की प्रशस्ति में हम देख चुके हैं।

सारस्वतव्याकरणदीपिका की प्रशस्ति में पूर्णचन्द्रसूरि के गुरु का नाम रत्नशेखरसूरि और प्रगुरु का नाम हेमतिलकसूरि दिया गया है। रत्नशेखरसूरि द्वारा रचित **सिरिवालचरिय (श्रीपालचरित)** रचनाकाल वि० सं० १४२८/ई०स० १३७२; **लघुक्षेत्रसमास स्वोपज्ञवृत्ति, गुरुगुणद्वात्रिंशिका, छंदकोश, सम्बोधसत्तरीसटीक, लघुक्षेत्रसमास-सटीक** आदि विभिन्न कृतियां प्राप्त होती हैं।[१६] **सिरिवालचरिय** की प्रशस्ति[१७] में उन्होंने अपने गुरु, प्रगुरु, शिष्य तथा रचनाकाल आदि का निर्देश किया है, जो इस प्रकार है:

सिरिवज्जसेणगणहर-पट्टप्पहू हेमतिलयसूरीणां।
सीसेहिं रयणसेहरसूरीहिं इमा ऊणा संकलिया ।।३८।।

तस्सीसहेमचंदेण साहुणा विक्कमस्स वरिसंमि।
चउदस अट्ठावीसे, लिहिया गुरुभत्तिकलिएणं ।।३९।।

अर्थात्

वज्रसेनसूरि
|
हेमतिलकसूरि
|
रत्नशेखरसूरि
|
हेमचन्द्र

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

यह उल्लेखनीय है कि रत्नशेखरसूरि ने उक्त प्रशस्ति में अपने गच्छ का निर्देश नहीं किया है। यही बात उनके द्वारा रचित अन्य कृतियों के सम्बन्ध में भी कही जा सकती है। वि० सं० १४२२ के एक प्रतिमालेख में तपागच्छीय? किन्हीं रत्नशेखरसूरि का प्रतिमा प्रतिष्ठा हेतु उपदेशक के रूप में नाम मिलता है ।[१८] यदि हम इस वाचना को सही मानें तो उक्त प्रतिमालेख में उल्लिखित रत्नशेखरसूरि को समसामयिकता और नामसाम्य के आधार पर उक्त प्रसिद्ध रचनाकार रत्नशेखरसूरि से समीकृत किया जा सकता है। एक रचनाकार द्वारा अपनी कृतियों की प्रशस्तियों में अपने गुरु, प्रगुरु, शिष्य तथा रचनाकाल का उल्लेख करना जितना महत्त्वपूर्ण है, वहीं उनके द्वारा अपने गच्छ का निर्देश न करना उतना ही आश्चर्यजनक भी है।

कर्पूरप्रकर नामक कृति की प्रशस्ति[१९] में रचनाकार हरिषेण ने स्वयं को वज्रसेन का शिष्य और **नेमिनाथचरित्र** का कर्ता बतलाया है, किन्तु उन्होंने न तो कृति के रचनाकाल का कोई निर्देश किया है और न ही अपने गच्छ आदि का। ऊपर **सिरिवालचरिय** (रचनाकाल वि० सं० १४२८/ई०स० १३७२) प्रशस्ति में हेमतिलकसूरि के गुरु का नाम वज्रसेनसूरि आ चुका है, अत: नामसाम्य के आधार पर उक्त दोनों प्रशस्तियों में उल्लेखित वज्रसेनसूरि के एक ही व्यक्ति होने की सम्भावना व्यक्त की जा सकती है। इस संभावना के आधार पर **कर्पूरप्रकर, नेमिनाथचरित्र** आदि के रचनाकार हरिषेण और **सिरिवालचरिय** तथा अन्य कई कृतियों के कर्ता हेमतिलकसूरि परस्पर गुरुभ्राता माने जा सकते हैं ।

सारस्वतव्याकरणदीपिका की प्रशस्ति में ऊपर हम देख चुके हैं वज्रसेनसूरि के गुरु का नाम जयशेखरसूरि और प्रगुरु का नाम गुणसमुद्रसूरि तथा उनके गुरु का नाम प्रसन्नचन्द्रसूरि बतलाया गया है जो इस परम्परा के आदिपुरुष पद्मप्रभसूरि के शिष्य थे। **छन्दकोश** पर रची गयी **वृत्ति** की प्रशस्ति में रचनाकार चन्द्रकीर्तिसूरि ने पद्मप्रभसूरि को **दीपकशास्त्र** का रचनाकार बतलाया है :[२०]

वर्षे: चतु:सप्ततियुक्तरुद्र शतै ११४७ रतीतैरथ विक्रमार्कात् ।
वादीन्द्रमुख्यो: गुरु-देवसूरि: सूरींश्चतुर्विंशतिभ्यषिंचत् ॥

तेषां च यो दीपकशास्त्रकर्ता पद्मप्रभ: सूरिवरो वभूव ।
यदिय शाखा प्रथिता क्रमेण ख्याता क्षितौ नागपुरी तपेति ॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ठीक यही बात विक्रम सम्वत् की १८वीं शती के अन्तिम चरण के आस-पास रची गयी नागपुरीयतपागच्छ की पट्टावली[२१] में भी कही गयी है, किन्तु वहां ग्रन्थ का नाम **भुवनदीपक** बतलाया गया है। इसी गच्छ की दूसरी **पट्टावली**[२२] (रचनाकाल-विक्रम सम्वत् बीसवीं शताब्दी का अन्तिम चरण) में तो एक कदम और आगे बढ़ कर **भुवनदीपक** का रचनाकाल (वि० सं० १२२१) का भी उल्लेख कर दिया गया है।

किन्ही पद्मप्रभसूरि नामक मुनि द्वारा रचित **भुवनदीपक** अपरनाम **ग्रहभावप्रकाश** नामक ज्योतिष शास्त्र की एक कृति मिलती है[२३], परन्तु उसकी प्रशस्ति में न तो रचनाकार ने अपने गुरु, गच्छ आदि का नाम दिया है और न ही इसका **रचनाकाल** ही बतलाया है, फिर भी नागपुरीयतपागच्छीय साक्ष्यों-**छन्दकोशवृत्ति** की प्रशस्ति तथा इस गच्छ की पट्टावली के विवरण को प्रामाणिक मानते हुए विद्वानों ने इन्हें वादिदेवसूरि के शिष्य पद्मप्रभसूरि से अभिन्न माना है। **नागपुरीयतपागच्छीयपट्टावली** (रचनाकाल २० वीं शताब्दी का अन्तिम भाग) में उल्लिखित **भुवनदीपक** के जहां तक रचनाकाल का प्रश्न है, चूंकि इस सम्बन्ध में किन्ही भी अन्य साक्ष्यों से कोई सूचना नहीं मिलती, दूसरे अर्वाचीन होने से इसमें अनेक भ्रामक और परस्पर विरोधी सूचनायें संकलित हो गयी हैं अत: इसकी प्रामाणिकता पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है। पद्मप्रभसूरि की परम्परा में हुए हरिषेण एवं रत्नशेखरसूरि द्वारा अपने गच्छ का उल्लेख न करना तथा इसी परम्परा में बाद में हुए चन्द्रकीर्तिसूरि, मानकीर्ति, अमरकीर्ति आदि द्वारा स्वयं को नागपुरीयतपागच्छीय और अपनी परम्परा को बृहद्गच्छीय वादिदेवसूरि से सम्बद्ध बतलाना वस्तुत: इतिहास की एक अनबूझ पहेली है जिसे पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में सुलझा पाना कठिन है और यह प्रश्न अभी अनुत्तरित ही रह जाता है।

सन्दर्भ

१.२. (अ) तीर्थे वीरजिनेश्वरस्य विदिते श्रीकौटिकाख्ये गणे
श्रीमच्चान्द्रकुले वटोद्भवबृहद्गच्छे गरिम्नान्विते।
श्रीमन्नागपुरीयकाह्वयतपाप्राप्तावदातेऽधुना
स्फूर्ज्जद्भूरिगुणान्विता गणधर श्रेणी सदा राजते ॥२॥

वर्षे वेद-मुनीन्द्र-शङ्कर (११७४) मिते श्रीदेवसूरि:प्रभु:
जज्ञेऽभूत तदनु प्रसिद्धमहिमा पद्मप्रभ: सूरिराट् ॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सारस्वतव्याकरणदीपिका की प्रशस्ति

A.P. Shah, Ed., *Catalogue of Sanskrit and Prakrit Mss, Muni Punya Vijayajis Collection,* Part II, pp. 376-377.

(ब) "नागपुरीयतपागच्छपट्टावली" मुनि जिनविजय, संपा० **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह,** पृष्ठ ४८-५२.

(स) "नागपुरीयतपागच्छपट्टावली" मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ**, नवीनसंस्करण, संपा०- डॉ० जयन्त कोठारी, भाग ९, पृष्ठ ९८-१०५.

३. महोपाध्याय विनयसागर, संपा० **प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** भाग १, लेखांक ८६५.

४. वही, लेखांक ९९४.

५. वही, लेखांक ९९५.

६. वही, लेखांक १०९२

७. **सारस्वतव्याकरणदीपिका** की प्रशस्ति :

सुबोधिकयां क्लृप्तायां सूरिश्रीचन्द्रकीर्त्तिभिः, कृत्प्रत्ययानां व्याख्यानं बभूव सुमनोहरम् ॥१॥

तीर्थे वीरजिनेश्वरस्य विदिते श्रीकौटिकाख्ये, गणे श्रीमच्चान्द्रकुले बटोद्भवबृहद्गच्छे गरिम्नान्विते।
श्रीमन्नागपुरीयकाह्वयतपाप्राप्तावदातेऽधुना, स्फूर्ज्जद्भूरिगुणान्विता गणधरश्रेणी सदा राजते ॥२॥

वर्षे वेद-मुनीन्द्र-शङ्कर (११७४) मिते श्रीदेवसूरिः प्रभुः।
जज्ञेऽभूत् तदनु प्रसिद्धमहिमा पद्मप्रभः सूरिराट्।
तत्पट्टे प्रथितःप्रसन्नशशिभृत सूरिः सतामादिमः।
सूरीन्द्रास्तदनन्तरं गुणसमुद्राह्वा बभूवुर्बुधाः॥३॥

तत्पट्टे जयशेखराख्यसुगुरुः श्रीवज्रसेनस्ततस्तत्पट्टे गुरुहेमपूर्वतिलकः शुद्धक्रियोद्द्योतकः ।
तत्पट्टे प्रभुरत्नशेखरगुरुः सूरीश्वराणां वरस्तत्पट्टाम्बुधिपूर्णचन्द्रसदृशः श्रीपूर्णचन्द्रप्रभुः॥४॥

तत्पट्टेऽजनि प्रेमहंससुगुरुः सर्वत्र जाग्रद्यशाः आचार्या अपि रत्नसागरवरास्तत्पट्टपद्मार्यमा।
श्रीमान् हेमसमुद्रसूरिरभवच्छ्रीहेमरत्नस्ततस्तत्पट्टे प्रभुसोमरत्नगुरवः सूरीश्वराः सद्गुणाः॥५॥

तत्पट्टोदयशैलहेलिरमलश्रीजेसवालान्वयाऽलङ्कारः कलिकालदर्पदमनः श्रीराजरत्नप्रभुः।
तत्पट्टे जितविश्ववादिनिवहा गच्छाधिपाः संप्रतिसूरिश्रीप्रभुचन्द्रकीर्तिगुरवो गाम्भीर्यधैयाश्रयाः ॥ ६ ॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तैरियं पद्मचन्द्राह्वोपाध्यायाभ्यर्थना कृता । शुभा सुबोधिकानाम्नी श्रीसास्वतदीपिका।।७।।

श्रीचन्द्रकीर्तिसूरीन्द्रपादाम्भोजमधुकरः। श्रीहर्षकीर्तिरिमां टीकां प्रथमादर्शकेऽलिखत् ।।८।।

अज्ञातध्वान्तविध्वंसविधाने दीपिकानिभा। दीपिकेयं विजयतां वाच्यमाना बुधैश्चिरम् ।।९।।
स्वल्पस्य सिद्धस्य सुबोधकस्य सारस्वतव्याकरणस्य टीकाम् ।
सुबोधिकाख्यां रचयाञ्चकार सूरीश्वरः श्रीप्रभुचन्द्रकीर्त्तिः।।१०।।

गुण-पक्ष-कला (१६२३) संख्ये वर्षे विक्रमभूपतेः। टीका सारस्वतस्येषा सुगमार्था विनिर्मिता ।।११।।
इति श्रीमन्नागपुरीयतपागच्छाधिराजभट्टारकश्रीचन्द्रकीर्तिसूरिविरचिता श्रीसारस्वतव्याकरणस्य दीपिका समाप्ता ।। अस्मिन् समाप्ते समाप्तोऽयमिति ग्रन्थः।

A.P. Shah, Ibid, Part II, No. 5974, pp. 376-377.

८. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनसाहित्यनो संक्षिप्त इतिहास**, कंडिका ८५७.

९. वही, कंडिका ८७२.

१०. स्वस्ति श्रीमति सत्प्रभावकलिते विद्वद्गणालंकृते
श्रीमन्नागपुरीयसंज्ञकतपागच्छे प्रसिद्धे भुवि।
जाग्रद्भारतिसुप्रसादसुरभिस्फारस्फुरत्तेजसि
सूरीन्द्रप्रवरे चिरं विजयिनि श्रीचन्द्रकीर्तिप्रभौ ।।१।।
नित्यं तेऽत्र जयन्ति गणैर्मान्याः समासादित (?)
क्षेत्राधीशवराश्च पाठकवराः श्रीपद्मचन्द्राभिधाः।।
तच्छिष्योत्तमभावचन्द्रवचसा सारस्वतस्य स्फुटां
टीकां चारुविचारसाररुचिरां गोपालभट्टो व्यधात् ।।२।।

A.P. Shah, Ibid, Part IV, P- 94-95. No. 954.

११. तैरियं पद्मचन्द्राह्वोपाध्यायाभ्यर्थना कृता।
शुभा सुबोधिकानाम्नी श्रीसारस्वतदीपिका।।६।।
सारस्वतव्याकरणदीपिका की प्रशस्ति, द्रष्टव्य - सन्दर्भ क्रमांक ७.

१२. श्रीमन्नागपुरीयकाह्वयतपागच्छाधिपाः सत्क्रियाः
सूरिश्रीप्रभचन्द्रकीर्त्तिगुरवस्तेषां विनेयो वरः।
वाच्यः पाठक हर्षकीर्त्तिरकरोत् कल्याणसद्मस्तवे, मेधामन्दिर देवसुन्दरमहोपाध्यायराजो महान् ।।१।।
यत्किंचिन्मतिमन्दत्वात् यच्चात्रानवधानतः। व्याख्यातं वैपरीत्येन तद् विशोध्यं विचक्षणैः।।२।।

A.P. Shah, Ibid, Part I, No. 1671, pp. 97-98.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

१३. इतिश्रीबृहच्छांतिटीका समाप्ता:॥ शुभं भवतु ॥ श्रीरस्तुः ॥

संवत् १६७६ वर्षे वैशाख मासे । शुक्लपक्षे । द्वितीयां तिथौ । च (चं) द्रवासरे लिपिकृता: ॥ श्रीमन्नागपुरीपतपागच्छे ॥ भ० श्रीश्रीमानकीर्तिसूरिस्तेषांपट्टे उ० श्रीहर्षकीर्ति । तत्शिख्य (ष्य) शिवराजेन लिखितमस्ति:। स्वपठनाय लेखक पाठक (:) श्रीरस्तु ।

H.R. Kapadia, Ed., *Descriptive Catalogue of the Govt. Collections of Mss. Deposited at B.O.R.I.* Vol. XVIII, Part IV, p. 121.

१४. संवत् १६५७ वर्षे आषाढ़ मासे शुक्लपक्षे। प्रतिपदायां तिथौ। सोमवारे। श्रीनागपुरमध्ये। पातसाहि श्रीअकबर राज्ये। श्रीवर्धमानतीर्थे सुधर्म्मास्वामिनोऽन्वये। कौटिकगणे। वइरीशाखायां। चन्द्रकुले। पूर्वं श्रीमद्वृहद्गच्छे सांप्रतं प्राप्तनागपुरीय तपा इति प्रसिद्धावदाते। वादि श्री देवसूरिसंताने। भ० श्री चन्द्रकीर्तिसूरिवरास्तेषां । पट्टे सर्वत्र जेगीयमानकीर्ति भ० श्रीमानकीर्तिसूरिपुरंदरास्तेषां शिष्या आचार्य श्री श्री ५ अमरकीर्तिसूरयस्तेषां शिष्येण मुनिधर्माह्वयेन लिपीचक्रे।

अमृतलाल मगनलालशाह, संपा०, **श्रीप्रशस्तिसंग्रह,** भाग २, प्रशस्ति क्रमांक ६२८, पृष्ठ १५९-६०.

१५. *New Catalogus Catalogorum,* Vol I, P - 317.

१६. देसाई, पूर्वोक्त, कंडिका ६४८.

१७. P.Petrson : *A Forth Report of Operation in Search of Sanskrit MSS,* P. 118, No. 1348.

१८. **जैनलेखसंग्रह,** भाग २, लेखांक १९२८.

१९. श्रीवज्रसेनस्यगुरोस्त्रिषष्टि सारप्रबन्धस्फुटसद्गुणस्य ॥
शिष्येण चक्रे हरिणेयमिष्टा, सूक्तावली नेमिचरित्रकर्ता ॥

कर्पूरप्रकर की प्रशस्ति; **कर्पूरप्रकर,** प्रकाशक- बालाभाई कलकभाई, मांडवीपोल, अहमदाबाद, वि०सं० १९८२

२०. मोहनलाल दलीचन्द देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** द्वितीय संशोधित संस्करण, भाग ९, पृ० ९९, पाद टिप्पणी १.

२१-२२. द्रष्टव्य सन्दर्भ क्रमांक १ और २.

२३. ग्रहभावप्रकाशाख्यं शास्त्रमेतत्प्रकाशितम्।
लोकानामुपकाराय श्रीपद्मप्रभुसूरिभि:॥१७०॥

***भुवनदीपक** का अन्तिम श्लोक, प्रकाशक- वेंकटेश्वर प्रेस, बम्बई वि०सं० १९९६ / ई०स० १९३९.*

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पिप्पलगच्छ का इतिहास

निर्ग्रन्थ परम्परा के श्वेताम्बर आम्नाय के अन्तर्गत पूर्वमध्यकाल और मध्यकाल में विभिन्न गच्छों के रूप में अनेक भेद-प्रभेद उत्पन्न हुए । जैसा कि इसी पुस्तक द्वितीय अध्याय के प्रारम्भ में ही हम देख चुके हैं कि चन्द्रकुल (बाद में चन्द्रगच्छ) के आचार्य उद्योतनसूरि ने वि०सं० ९९४/ई०सन् ९३८ में अर्बुदगिरि की तलहटी में स्थित धर्माण (वरमाण) नामक सन्निवेश में वटवृक्ष के नीचे अपने आठ शिष्यों को आचार्य पद प्रदान किया, जिनकी शिष्यसन्तति वटवृक्ष के कारण वडगच्छीय कहलायी।[१] इसी गच्छ में विक्रम सम्वत् की १२वीं शती के मध्य में आचार्य सर्वदेवसूरि, उनके शिष्य आचार्य शांतिसूरि और प्रशिष्य विजयसिंहसूरि हुए। पिप्पलगच्छ से सम्बद्ध उत्तरकालीन साक्ष्यों के अनुसार आचार्य शांतिसूरि ने पीपलवृक्ष के नीचे विजयसिंहसूरि आदि ८ शिष्यों को आचार्य पद दिया, इस प्रकार वडगच्छ की एक शाखा के रूप में पिप्पलगच्छ का उद्भव हुआ।

अन्यान्य गच्छों की भाँति पिप्पलगच्छ से भी अवान्तर शाखाओं का जन्म हुआ। विभिन्न साक्ष्यों से इस गच्छ की त्रिभवीयाशाखा और तालध्वजीयाशाखा का पता चलता है।

पिप्पलगच्छ के इतिहास के अध्ययन के लिए भी साहित्यिक और अभिलेखीय दोनों प्रकार के साक्ष्य उपलब्ध हैं । साहित्यिक साक्ष्यों के अन्तर्गत इस गच्छ के परवर्ती मुनिजनों द्वारा रची गयी कुछ कृतियों की प्रशस्तियों में उल्लिखित गुरु-परम्परा के साथ-साथ इसी गच्छ के धर्मप्रभसूरि नामक मुनि के किसी शिष्य द्वारा रचित **पिप्पलगच्छगुर्वावली** तथा किसी अज्ञात कवि द्वारा अपभ्रंश भाषा में रचित **पिप्पलगच्छगुर्वावली-गुरहमाल** का उल्लेख किया जा सकता है। अभिलेखीय साक्ष्यों के अन्तर्गत इस गच्छ के मुनिजनों द्वारा प्रतिष्ठापित जिन प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों की

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

चर्चा की जा सकती है। ऐसे लेख बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं। ये वि०सं० १२०८ से वि०सं० १७७८ तक के हैं। यहां उक्त साक्ष्यों के आधार पर इस गच्छ के इतिहास पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

पिप्पलगच्छ का उल्लेख करने वाला सर्वप्रथम साहित्यिक साक्ष्य है विक्रम संवत् की पन्द्रहवीं शती के तृतीय चरण के आस-पास इस गच्छ के धर्मप्रभसूरि के किसी शिष्य द्वारा रचित **पिप्पलगच्छगुरु-स्तुति**[२] या **पिप्पलगच्छगुर्वावली**। संस्कृत भाषा में १८ श्लोकों में निबद्ध इस कृति में रचनाकार ने पिप्पलगच्छ तथा इसकी त्रिभवीया शाखा के अस्तित्व में आने एवं अपनी गुरु-परम्परा की लम्बी तालिका दी है, जो इस प्रकार है :—



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

धर्मरत्नसूरि
|
धर्मतिलकसूरि
|
धर्मसिंहसूरि
|
धर्मप्रभसूरि
|

धर्मप्रभसूरिशिष्य (नाम-अज्ञात) (**पिप्पलगच्छगुरु-स्तुति** के रचनाकार)

पिप्पलगच्छीय सागरचन्द्रसूरि ने वि०सं० १४८४/ई०सन् १४२८ में **सिंहासन-द्वात्रिंशिका**[३] की रचना की। कृति के अन्त में प्रशस्ति के अन्तर्गत उन्होंने स्वयं को जयतिलकसूरि का शिष्य बतलाया है :—

?
|
|
|
|
जयतिलकसूरि
|
सागरचन्द्रसूरि (वि०सं० १४८४/ई० सन् १४२८ में **सिंहासनद्वात्रिंशिका** के रचनाकार)

पिप्पलगच्छीय हीराणंदसूरि की कई कृतियाँ मिलती हैं,[४] जैसे —

वस्तुपालतेजपालरास - रचनाकाल वि०सं० १४८४
विद्याविलासपवाडो - रचनाकाल वि०सं० १४८५
कलिकालरास - रचनाकाल वि०सं० १४८६
जम्बूस्वामीनुंविवाहलु - रचनाकाल वि०सं० १४९४
दर्शाणभद्ररास - रचनाकाल अज्ञात।
स्थूलभद्रबारहमास - रचनाकाल अज्ञात।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अपनी कृतियों की प्रशस्तियों में उन्होंने अपने को पिप्पलगच्छीय वीरदेवसूरि का प्रशिष्य और वीरप्रभसूरि का शिष्य बतलाया है[५] :—

?
।
।
।
वीरदेवसूरि
।
वीरप्रभसूरि
।
हीराणंदसूरि (ग्रन्थकार)

इस गच्छ के आनन्दमेरुसूरि ने वि०सं० १५१३/ई० सन् १४५७ में **कालकसूरिभास** की रचना की । इसकी प्रशस्ति[६] में उन्होंने खुद को गुणरत्नसूरि का शिष्य बतलाया है :—

?
।
।
।
गुणरत्नसूरि
।
आनन्दमेरु (वि०सं० १५१३/ई० सन् १४५७ में **कालकसूरिभास** के रचनाकार)

कल्पसूत्रआख्यान के रचनाकार भी यही आनन्दमेरुसूरि[७] माने जाते हैं।

पिप्पलगच्छीय नरशेखरसूरि ने वि०सं० १५८४/ई० सन् १५२८ में **पार्श्वनाथपत्नीपद्मावतीहरणरास**[८] की रचना की। इसकी प्रशस्ति में उन्होंने खुद को शांति (प्रभ) सूरि का शिष्य बतलाया है :—

?
।
।
।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

शान्तिप्रभसूरि

।

नरशेखरसूरि (वि०सं० १५८४/ई०सन् १५२८ में **पार्श्वनाथपत्नीपद्मावतीहरणरास** के रचनाकार)

२१ श्लोकों की अज्ञातकृतक **पिप्पलगच्छगुर्वावली**[९] नामक एक रचना भी उपलब्ध हुई है। श्री भंवरलाल नाहटा ने इसे प्रकाशित कराया है । इसमें उल्लिखित गुरु-परम्परा इस प्रकार है :—

शांतिसूरि

।

विजयसिंहसूरि

।

देवप्रभसूरि

।

धर्मघोषसूरि

।

शीलभद्रसूरि

।

परिपूर्णदेवसूरि

।

विजयसेनसूरि

।

धर्मदेवसूरि (त्रिभवीयाशाखा के प्रवर्तक)

।

धर्मचन्द्रसूरि

।

धर्मतिलकसूरि

।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

धर्मसिंहसूरि

।

धर्मप्रभसूरि

।

धर्मशेखरसूरि

।

धर्मसागरसूरि

।

धर्मवल्लभसूरि

यही इस गच्छ से सम्बद्ध प्रमुख साहित्यिक साक्ष्य हैं। धर्मप्रभसूरिशिष्यविरचित **पिप्पलगच्छगुरु-स्तुति** और पिप्पलगच्छीय उपरोक्त **गुर्वावली** में धर्मप्रभसूरि तक पट्टधर आचार्यों की नामावली और उनका क्रम समान रूप से मिल जाता हैं । जैसा कि इन दोनों गुर्वावलियों के विवरण से स्पष्ट होता है ये पिप्पलगच्छ की त्रिभवीयाशाखा से सम्बद्ध हैं ।

अभिलेखीय साक्ष्य

यद्यपि पिप्पलगच्छ से सम्बद्ध उपलब्ध सर्वप्रथम अभिलेखीय साक्ष्य वि०सं० १२९१/ई० सन् १२३५ का है, किन्तु वि०सं० १४६५/ई० सन् १४०९ के एक प्रतिमा लेख से ज्ञात होता है कि इस गच्छ के (पुरातन) आचार्य विजयसिंहसूरि ने वि०सं० १२०८ में डीडिला ग्राम में महावीर स्वामी की प्रतिमा प्रतिष्ठापित की थी जिसे वि०सं० १४६५ में वीरप्रभसूरि ने पुनर्स्थापित की।[१०] वर्तमान में यह प्रतिमा कोरटा स्थित एक जिनालय में संरक्षित है। यदि उक्त प्रतिमालेख के विवरण को सत्य मानें तो पिप्पलगच्छ से सम्बद्ध प्राचीनतम साक्ष्य वि०सं० १२०८ का माना जा सकता है। इस गच्छ के कुल १७२ लेख मिले हैं जो वि०सं० १७७८ तक के हैं। इनमें १६वीं शती के लेख सर्वाधिक हैं जबकि १७वीं शती का केवल एक लेख मिला है ।

प्रतिमालेखों से इस गच्छ के विभिन्न मुनिजनों के नाम ज्ञात होते हैं, परन्तु उनमें से कुछ के ही पूर्वापर सम्बन्ध निश्चित हो पाते हैं और इस प्रकार गुरु-परम्परा की छोटी-छोटी तालिकायें ही बन पाती हैं जो इस प्रकार हैं :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

?
⋮
धर्मशेखरसूरि (वि०सं० १४८४-१५०६) प्रतिमालेख
।
विजयदेवसूरि (वि०सं० १५०३-१५३०) प्रतिमालेख
।
शालिभद्रसूरि (वि०सं० १५१५-१५३४) प्रतिमालेख

?
⋮
शांतिसूरि
।
गुणरत्नसूरि (वि०सं० १५०७-१५१७) प्रतिमालेख
।
गुणसागरसूरि (वि०सं० १५१७-१५४६) प्रतिमालेख
।
शांतिप्रभसूरि (वि०सं० १५५४) प्रतिमालेख

?
⋮
मुनिसिंहसूरि
।
अमरचन्द्रसूरि (वि०सं० १५१९-१५३६) प्रतिमालेख
।
सर्वदेवसूरि (वि०सं० १५२९) प्रतिमालेख

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

घोघा स्थित नवखण्डा पार्श्वनाथ जिनालय के निकट भूमिगृह से प्राप्त २४० धातु प्रतिमाओं में से ६ प्रतिमाओं पर पिप्पलगच्छीय मुनिजनों के नाम उत्कीर्ण हैं।[११] इन प्रतिमाओं पर ई० सन् १३१५, १४४७, १४४९, १४५० और १४५७ के लेख खुदे हुए हैं। चूँकि ढांकी ने अपने उक्त निबन्ध में प्रतिमा लेखों का मूल पाठ नहीं दिया है, अत: इन लेखों में आये आचार्यों के नाम आदि के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं होती।

जैसा कि लेख के प्रारम्भ में कहा जा चुका है इस गच्छ की दो शाखाओं — त्रिभवीया और तालध्वजीया - का पता चलता है। प्रथम शाखा से सम्बद्ध **पिप्पलगच्छगुरु-स्तुति** और **पिप्पलगच्छ गुर्वावली**[१२] का पूर्व में उल्लेख आ चुका है। इसके अनुसार धर्मदेवसूरि ने गोहिलवाड़ (वर्तमान गुहिलवाड़, अमरेली, जिला भावनगर, सौराष्ट्र) के राजा सारंगदेव को उसके तीन भव बतलाये इससे उनकी शिष्यसन्तति त्रिभवीया कहलायी । यह सारंगदेव कोई स्थानीय राजा रहा होगा । पिप्पलगच्छीय प्रतिमा लेखों में किन्ही धर्मदेवसूरि द्वारा वि०सं० १३८६ में प्रतिष्ठापित एक जिन प्रतिमा का उल्लेख आ चुका है[१३]। चूंकि उक्त गुरुस्तुति में रचनाकार ने अपने गुरु धर्मप्रभसूरि को त्रिभवीयाशाखा के प्रवर्तक धर्मदेवसूरि से ५ पीढ़ी बाद का बतलाया है, साथ ही पिप्पलगच्छीय मुनिजनों द्वारा प्रतिष्ठापित प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों की पूर्वप्रदर्शित तालिका में भी धर्मप्रभसूरि (वि०सं०१४७१-१४७६) का प्रतिमा प्रतिष्ठापक के रूप में उल्लेख मिलता है। इस प्रकार अभिलेखीय साक्ष्यों में उल्लिखित धर्मदेवसूरि और धर्मप्रभसूरि के बीच लगभग १०० वर्षों का अन्तर है और इस अवधि में पाँच पट्टधर आचार्यों का पट्टपरिवर्तन असम्भव नहीं, अत: समसामयिकता और नामसाम्य के आधार पर वि०सं० १३८६/ई०सन् १३३० में प्रतिमाप्रतिष्ठापक पिप्पलगच्छीय धर्मदेवसूरि और इस गच्छ के त्रिभवीया शाखा के प्रवर्तक धर्मदेवसूरि एक ही व्यक्ति माने जा सकते हैं। ठीक यही बात **पिप्पलगच्छगुरुस्तुति** के रचनाकार के गुरु धर्मप्रभसूरि और पिप्पलगच्छीय धर्मप्रभसूरि के बारे में भी कही जा सकती है।

४७ ऐसे भी प्रतिमालेख मिलते हैं जिन पर स्पष्ट रूप से पिप्पलगच्छ त्रिभवीयाशाखा का उल्लेख है[१४]।।

अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर पिप्पलगच्छ की त्रिभवीयाशाखा के मुनिजनों की गुरु-परम्परा का जो क्रम निश्चित होता है, वह इस प्रकार है —

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org



पिप्पलगच्छीय अभिलेखीय साक्ष्यों की सूची में किन्हीं धर्मशेखरसूरि (वि०सं० १४८४-१५०५) का नाम आ चुका है[१५] जिन्हें समसामयिकता और नामसाम्य के आधार पर त्रिभवीयाशाखा के धर्मशेखरसूरि से अभिन्न माना जा सकता है यही बात उक्त सूची में ही उल्लिखित धर्मशेखरसूरि के शिष्य विजयदेवसूरि और प्रशिष्य शालिभद्रसूरि के बारे में भी कही जा सकती है। इस प्रकार त्रिभवीयाशाखा के मुनिजनों के गुरु-परम्परा की तालिका को जो नवीन स्वरूप प्राप्त होता है, वह इस प्रकार है—



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

शालिभद्रसूरि
(वि०सं०१५१६-१५२८)
प्रतिमालेख

धर्मसागरसूरि
(वि०सं०१४८४-१५३५)
प्रतिमालेख

धर्मप्रभसूरि
(वि०सं०१५६१)
प्रतिमालेख

पिप्पलगच्छीयगुरु-स्तुति द्वारा त्रिभवीयाशाखा के धर्मप्रभसूरि के पूर्ववर्ती आचार्यों के नाम से ज्ञात हो चुके हैं । **पिप्पलगच्छगुर्वावली**[१६] से हमें धर्मसागरसूरि के एक अन्य शिष्य धर्मवल्लभसूरि का भी पता चलता है। इस प्रकार साहित्यिक और अभिलेखीयसाक्ष्यों के आधार पर पिप्पलगच्छ की त्रिभवीयाशाखा की गुरु-परम्परा की जो तालिका बनती है, वह इस प्रकार है —

सर्वदेवसूरि (वडगच्छीय)

नेमिचन्द्रसूरि (वडगच्छीय)

शांतिसूरि (वि०सं०११८१/ई०सन् ११२५ में पिप्पलगच्छ के प्रवर्तक)

महेन्द्रसूरि | विजयसिंहसूरि | देवचन्द्रसूरि | पद्मचन्दसूरि | पूर्णचन्द्रसूरि | जयदेवसूरि | देवप्रभसूरि | जिनेश्वरसूरि

देवप्रभसूरि

धर्मघोषसूरि

शीलभद्रसूरि

परिपूर्णदेवसूरि

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विजयसेनसूरि
|
धर्मदेवसूरि (त्रिभवीयाशाखा के प्रवर्तक वि०सं०१३८६/ई०सन् १३३० के प्रतिमालेख में उल्लिखित)
|
धर्मचन्द्रसूरि
|
धर्मरत्नसूरि
|
धर्मतिलकसूरि
|
धर्मसिंहसूरि
|
धर्मप्रभसूरि (वि०सं०१४७१-१४७६) **पिप्पलगच्छगुरु-स्तुति** के रचयिता
|
धर्मप्रभसूरिशिष्य (वि०सं० १४८२-१५१०) प्रतिमालेख

देवचन्द्रसूरि (वि०सं०१४८७) प्रतिमालेख
विजयदेवसूरि (वि०सं०१५०३-१५३०) प्रतिमालेख
|
शालिभद्रसूरि (वि०सं०१५१७-२८) प्रतिमालेख
धर्मसुन्दरसूरि (वि०सं०१५११) प्रतिमालेख
|
धर्मसागरसूरि (वि०सं०१४८५-१५३५) प्रतिमालेख
धर्मसूरि (वि०सं०१५२०) प्रतिमालेख

धर्मप्रभसूरि (वि०सं०१५६१)
धर्मवल्लभसूरि **(पिप्पलगच्छगुर्वावली** में उल्लिखित)

वि०सं०१५२८ और वि०सं०१५५९ के प्रतिमालेखों में पिप्पलगच्छ की तालध्वजीयाशाखा का उल्लेख मिलता है। सम्भवत: सौराष्ट्र में स्थित तलाजा नामक स्थान से यह शाखा अस्तित्व में आयी हो। इन प्रतिमालेखों का विवरण इस प्रकार है :—

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

१. सं० १५२८ वर्षे वैशाष (ख) विदि (वदि) सोमे श्रीश्रीमालज्ञातीय सं० सामल भार्या वान्ह सुतसं. हासाकेन भार्या वीजू द्वितीय भार्या सहिजलदे सुत समधर कीका युतेन श्रीचन्द्रप्रभ- चतुर्विंशतिपट्ट (:) कारित: प्र० पिप्पलगच्छे तालध्वजीय श्रीगुणरत्नसूरिपट्टे पू० श्रीगुणसागरसूरिभि: घोघा वास्तव्य श्री:।

— विजयधर्मसूरि- सम्पा० **प्राचीनलेखसंग्रह,** लेखाङ्क ४१६

२. सं० १५५९ फागुण सुदि ७ दिने श्रीश्रीमालज्ञातीय साहमणिकभा० अपूरवपु० भाइआकेन स्वमातृपित्रो: श्रेयसे श्रीसंभवनाथबिंबं कारितं तलाझीआ श्रीशांतिसूरिभि: प्रतिष्ठितं।

— बुद्धिसागरसूरि- सम्पा० **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह,** भाग-२, लेखाङ्क ३०२

प्रथम लेख में गुणरत्नसूरि के पट्टधर गुणसागरसूरि का प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में उल्लेख है। पिप्पलगच्छ से सम्बद्ध प्रतिमालेखों के आधार पर पूर्वप्रदर्शित आचार्य-परम्परा की छोटी-छोटी तालिकाओं में से एक में गुणरत्नसूरि के शिष्य गुणसागरसूरि का नाम आ चुका है।

शांतिसूरि
।
गुणरत्नसूरि (वि०सं०१५०७-१५१७) प्रतिमालेख
।
गुणसागरसूरि (वि०सं०१५१७-१५४६) प्रतिमालेख

अभिलेखीय साक्ष्यों में उल्लिखित पिप्पलगच्छीय गुणसागरसूरि (वि०सं०१५१७-१५४६/प्रतिमालेख) और तालध्वजीयाशाखा के गुणसागरसूरि (वि०सं०१५२८/प्रतिमालेख) को समसामयिकता और नामसाम्य के आधार पर एक ही व्यक्ति मानने में कोई बाधा नहीं दिखाई देती। ठीक इसी प्रकार तालध्वजीयाशाखा के शांतिसूरि (वि०सं०१५५९/प्रतिमालेख) और पिप्पलगच्छीय शांतिप्रभसूरि (वि०सं०१५५४/प्रतिमालेख)[१७] को एक ही व्यक्ति माना जा सकता है ।

इसी प्रकार लेख के प्रारम्भ में साहित्यिक साक्ष्यों में उल्लिखित **कालकसूरिभास** (रचनाकाल वि०सं०१५१४/ई०सन् १४५७) और **कल्पसूत्रआख्यान** के रचनाकार पिप्पलगच्छीय आनन्दमेरु[१८] के गुरु गुणरत्नसूरि भी समसामयिकता और नामसाम्य के आधार पर तालध्वजीयाशाखा के ही गुणसागरसूरि (वि०सं०१५१७-१५४६/प्रतिमालेख) के गुरु गुणरत्नसूरि से अभिन्न माने जा सकते हैं। ठीक यही बात **पार्श्वनाथपत्नी-**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पद्मावतीहरणरास (रचनाकाल वि०सं०१५८४/ई०सन् १५२८) के रचनाकार पिप्पलगच्छीय नरशेखरसूरि[१९] और उनके गुरु शांति (प्रभ) सूरि के बारे में भी कही जा सकती है। इस प्रकार साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर पिप्पलगच्छ की तालध्वजीयाशाखा के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की जो तालिका निर्मित होती है, वह निम्नानुसार है :—



पिप्पलगच्छ की तालध्वजीयाशाखा के प्रवर्तक कौन थे, यह गच्छ कब अस्तित्व में आया, इस बारे में कोई सूचना प्राप्त नहीं होती।

जहाँ तक **पिप्पलगच्छगुरुस्तुति** में वडगच्छीय शांतिसूरि द्वारा विजयसिंहसूरि आदि ८ शिष्यों को पीपलवृक्ष के नीचे आचार्यपद देने और इस प्रकार पिप्पलगच्छ के अस्तित्व में आने के विवरण की प्रामाणिकता का प्रश्न है और यह सत्य है कि वडगच्छ में शांतिसूरि और उनके शिष्य विजयसिंहसूरि हुए और उनके द्वारा क्रमशः रचित **पृथ्वीचन्द्रचरित**[२०] (रचनाकाल वि०सं०११६१/ई०सन् ११०५) और **श्रावकप्रतिक्रमण-**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्रचूर्णी[२१] (रचनाकाल वि०सं० ११८३/ई०सन् ११२६) उपलब्ध हैं किन्तु इनकी प्रशस्ति में इन्हें कहीं भी पिप्पलगच्छीय नहीं कहा गया है। चूँकि किसी भी गच्छ की अवान्तर शाखायें अपने उत्पत्ति के एक-दो पीढ़ी बाद ही नाम विशेष से प्रसिद्ध होती हैं अत: उक्त **गुर्वावली** के ऊपरकथित विवरण को प्रामाणिक माना जा सकता है।

जैसा कि पीछे कहा जा चुका है पिप्पलगच्छ से सम्बद्ध प्राचीनतम साक्ष्य वि०सं०१२९१ का है, किन्तु वि०सं० १४६५ में एक प्रतिमालेख से ज्ञात होता है कि वि०सं० १२०८ में वीरस्वामी की एक प्रतिमा को इस गच्छ के विजयसिंहसूरि ने डीडिला नामक ग्राम में स्थापित की थी। यदि इस विवरण को सत्य मानें तो वि०सं०१२०८ में इस गच्छ का अस्तित्व भी मानना पड़ेगा और ऐसी स्थिति में **श्रावकप्रतिक्रमणसूत्रचूर्णी** के रचनाकार विजयसिंहसूरि और वि०सं०१२०८ में प्रतिमाप्रतिष्ठापक विजयसिंहसूरि एक ही व्यक्ति माने जा सकते हैं। इस प्रकार यह माना जा सकता है कि विक्रम सम्वत् की तेरहवीं शती के प्रारम्भिक दशक में बृहद्गच्छ की एक शाखा के रूप में यह गच्छ अस्तित्व में आ चुका था और तेरहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में पिप्पलगच्छ के रूप में इसका नामकरण हुआ होगा।

पिप्पलगच्छ से सम्बद्ध बड़ी संख्या में प्राप्त अभिलेखीय साक्ष्यों से यद्यपि इस गच्छ के अनेक मुनिजनों के नाम ज्ञात होते हैं, किन्तु उनमें से कुछ को छोड़कर शेष मुनिजनों के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं होती, फिर भी इतना स्पष्ट है कि धर्मघोषगच्छ, पूर्णिमागच्छ, चैत्रगच्छ आदि की भाँति पिप्पलगच्छ भी १६वीं शती तक विशेष प्रभावशाली रहा। १७वीं-१८वीं शताब्दी से अमूर्तिपूजक स्थानकवासी सम्प्रदाय के उदय और उसके बढ़ते हुए प्रभाव के कारण खरतरगच्छ, तपागच्छ और अंचलगच्छ को छोड़कर शेष अन्य मूर्तिपूजक गच्छों का महत्त्व क्षीण होने लगा और इनके अनुयायी ऐसी परिस्थिति में उक्त तीनों प्रभावशाली मूर्तिपूजक गच्छों में या स्थानकवासी परम्परा के अनुयायी हो गये होंगे ।

सन्दर्भ :

१. श्रीमत्यर्बुदतुंगशैलशिखरच्छायाप्रतिष्ठास्पदे
धर्माणाभिधसन्निवेशविषये न्यग्रोधवृक्षो बभौ ।
यत्शाखाशतसंख्यपत्रबहलच्छायास्वपायाहतं
सौख्येनोषितसंघमुख्यशटकश्रेणीशतीपंचकम् ॥१॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

लग्ने क्वापि समस्तकार्यजनके सप्तग्रहालोकेन
ज्ञात्वा ज्ञानवशाद् गुरुं ..... देवाभिधः।
आचार्यान् रचयांचकार चतुरस्तंस्मात् प्रवृद्धो बभौ
वंद्रोऽयं वटगच्छनाम रुचिरो जीयाद् युगानां शतीम्॥२॥

बृहद्गच्छीय वादिदेवसूरि के शिष्य रत्नप्रभसूरि द्वारा रचित **उपदेशमालाप्रकरणवृत्ति** (रचनाकाल वि०सं०१२३८/ई०सन् ११८२) की प्रशस्ति Muni Punya Vijaya-*Catalogue of Palm-Leaf Mss in the Shanti Natha Jain Bhandar, Combay,* Pp.284-286.

उक्त प्रशस्ति में ग्रन्थकार ने बृहद्गच्छ के उत्पत्ति की तो चर्चा की है, परन्तु उक्त घटना की तिथि के सम्बन्ध में वे मौन हैं। मध्यकाल में रची गयी विभिन्न पट्टावलियों यथा तपागच्छीय मुनिसुंदरसूरि द्वारा रचित **गुर्वावली** (रचनाकाल वि०सं०१४६६/ई०सन् १४०९), तपागच्छीय आचार्य हीरविजयसूरि के शिष्य धर्मसागरसूरि द्वारा रचित **तपागच्छपट्टावली** (रचनाकाल वि०सं० १६४८/ई०सन् १५९२), बृहद्गच्छीय मुनिमाल द्वारा रचित **बृहद्गच्छगुर्वावली** (रचनाकाल वि०सं० १६१० के आस-पास) आदि में यह घटना वि०सं० ९९४ में हुई बतलायी गयी है; किन्तु पश्चात्कालीन होने से उल्लिखित उक्त मत की प्रामाणिकता सन्दिग्ध मानी जा सकती है। इस सम्बन्ध में विस्तार के लिए द्रष्टव्य- "बृहद्गच्छ का संक्षिप्त इतिहास" **पं० दलसुख भाई मालवणिया अभिनन्दन ग्रन्थ,** वाराणसी १९९२ ई०,पृ० १०५-११७.

२. P.Peterson. *Opration in Search of Sanskrit MSS:* Vol-V. Bombay 1896 A.D. pp-125-126.

पुहवीचंदचरिय (पृथ्वीचंद्रचरित्र), सम्पा०- मुनि रमणीकविजय, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, ग्रन्थांक १६, अहमदाबाद-वाराणसी १९७२ ई० सन्, इस ग्रन्थ की प्रस्तावना में भी उक्त गुरु-स्तुति प्रकाशित है जिसका आधार प्रो० पीटर्सन का उक्त ग्रन्थ ही है।

३. A.P.Shah, Catalogue of Sanskrit & Parkrit Mss, Muni Shree PunyavijayJis Collection. No. 5479, P-349.

४-५. मोहनलाल दलीचंद देसाई- **जैनगूर्जरकविओ,** भाग-१, नवीन संस्करण, सम्पा० डॉ० जयन्त कोठारी, पृ० ५२.

६-७. वही, भाग-१, पृ० १०५.

८. वही, भाग-१, पृ० ३९७.

९. "पिप्पलगच्छगुर्वावली" सम्पा० भंवरलाल नाहटा, **आचार्य विजयवल्लभसूरि स्मारक ग्रन्थ,** बम्बई १९५६ ई०, हिन्दी खण्ड, पृ० १३-२२.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

१०. पूर्वं डीडिलाग्राम मूलनायकः श्री महावीरः संवत् १२०८ वर्षे पिप्पलगच्छीय श्रीविजयसिंहसूरिभिः प्रतिष्ठितः पश्चात वीरपल्या प्रा० साह सहदेवकारिते प्रासादे पिप्पलाचार्य श्रीवीरप्रभसूरिभिः स्थापितः। संवत् १४६५ वर्षे । - जैन मंदिर कोरटा, सिरोही, पूरनचन्द नाहर- **जैनलेखसंग्रह,** भाग-१, कलकत्ता १९१८ ई०, लेखाङ्क ९६६.

११. मधुसूदन ढांकी अने हरिशंकर प्रभाशंकर शास्त्री — "घोघानो जैन प्रतिमा निधि" **श्री फार्बस गुजराती सभा पत्रिका,** जनवरी-मार्च १९६५ ई०, पृ० १९-२२.

१२. धनु धनु धर्मदेवसूरि, सारंग रा प्रतिबोधिउ।
उगमतइ नितु सूरि, सुहगुरु नितु नितु पणमीए॥१०॥

त्रिनि भव सारंग राय, देवाएसिहिं गुरि कहीय ।
धूधल जग विक्खाय, पडिबोही त्रिनि भव कहीया॥११॥

पिप्पलगच्छगुर्वावलि-गुरहमाल, द्रष्टव्य, संदर्भ क्रमांक ९.

१३. शिवप्रसाद, **जैन श्वेताम्बर गच्छों का संक्षिप्त इतिहास,** भाग-२ पृष्ठ ८४४.

१४. वही पृष्ठ ८८४ - ९००

१५. वही, पृष्ठ ८४३-८८५

१६. द्रष्टव्य, संदर्भ क्रमांक ९.

१७. शिवप्रसाद, पूर्वोक्त, भाग-२ पृष्ठ ८८२, लेख क्रमांक १५६.

१८. द्रष्टव्य, सन्दर्भ क्रमांक ६-७.

१९. सन्दर्भ क्रमांक ८.

२०. **पृथ्वीचंद्रचरित**- सम्पा० मुनि रमणीकविजय, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, ग्रन्थाङ्क १६, अहमदाबाद-वाराणसी १९७२ ई०सन्.

२१. **श्रावकप्रतिक्रमणसूत्रचूर्णी** की प्रशस्ति

C.D. Dalal and L.B. Gandhi, *Descriptive Catalogue of MSS in the Jaina Bhandas at Pattan,* pp.- 389-390.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पूर्णिमागच्छ का इतिहास

मध्ययुग में श्वेताम्बर श्रमण संघ का विभिन्न गच्छों और उपगच्छों के रूप में विभाजन एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण घटना है। श्वेताम्बर श्रमण संघ की एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण शाखा चन्द्रकुल से उद्भूत बृहद्गच्छ का विभिन्न कारणों से समय-समय पर विभाजन होता रहा, परिणामस्वरूप अनेक नये-नये गच्छों का प्रादुर्भाव हुआ, इनमें पूर्णिमागच्छ भी एक है। पाक्षिकपर्व पूर्णिमा को मनायी जाये या चतुर्दशी को? इस प्रश्न पर पूर्णिमा का पक्ष ग्रहण करने वाले बृहद्गच्छ के मुनिगण पूर्णिमापक्षीय या पूर्णिमागच्छीय कहलाये। वि०सं० ११४९/ ई० सन् १०९३ अथवा वि०सं० ११५९/ ई० सन् ११०३ में इस गच्छ का आविर्भाव माना जाता है। चन्द्रकुल के बृहद्गच्छीय आचार्य जयसिंहसूरि के शिष्य चन्द्रप्रभसूरि इस गच्छ के प्रथम आचार्य माने जाते हैं। इस गच्छ में धर्मघोषसूरि, देवसूरि, चक्रेश्वरसूरि, समुद्रघोषसूरि, विमलगणि, देवभद्रसूरि, तिलकाचार्य, मुनिरत्नसूरि, कमलप्रभसूरि आदि तेजस्वी विद्वान् एक प्रभावक आचार्य हुए हैं। इस गच्छ के पूनमियागच्छ, राकापक्ष आदि नाम भी बाद में प्रचलित हुए। इस गच्छ से कई शाखायें उद्भूत हुईं, जैसे प्रधानशाखा या ढंढेरिया शाखा, साधुपूर्णिमा या सार्धपूर्णिमाशाखा, कच्छोलीवालशाखा, भीमपल्लीयाशाखा, वटपद्रीयाशाखा, वोरसिद्धीयाशाखा, भृगुकच्छीयाशाखा, छापरियाशाखा आदि।

पूर्णिमागच्छ के इतिहास के अध्ययन के लिए सद्भाग्य से हमें विपुल परिमाण में साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्य उपलब्ध हैं। साहित्यिक साक्ष्यों के अन्तर्गत इस गच्छ के मुनिजनों द्वारा लिखित ग्रन्थों की प्रशस्तियाँ, गच्छ के विद्यानुरागी मुनिजनों की प्रेरणा से प्रतिलिपि करायी गयी महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों की प्रतिलिपि की प्रशस्तियाँ तथा पट्टावलियाँ प्रमुख हैं। अभिलेखीय साक्ष्यों के अन्तर्गत इस गच्छ के मुनिजनों की प्रेरणा

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

से प्रतिष्ठापित तीर्थङ्कर प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों की चर्चा की जा सकती है। उक्त साक्ष्यों के आधार पर पूर्णिमागच्छ के इतिहास पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। अध्ययन की सुविधा हेतु सर्वप्रथम साहित्यिक साक्ष्यों और तत्पश्चात् अभिलेखीय साक्ष्यों का विवरण प्रस्तुत है—

दर्शनशुद्धि

यह पूर्णिमागच्छ के प्रकटकर्ता आचार्य चन्द्रप्रभसूरि की कृति है। इनकी दूसरी रचना है — **प्रमेयरत्नकोश**। इन रचनाओं में ग्रन्थकार ने अपनी गुरु-परम्परा का उल्लेख नहीं किया है, परन्तु इनके प्रशिष्य विमलगणि ने अपने दादागुरु की रचना पर वि०सं० ११८१/ई० सन् ११२५ में वृत्ति लिखी, जिसको प्रशस्ति में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा का सुन्दर परिचय दिया है[१] वह इस प्रकार है :

सर्वदेवसूरि

।

जयसिंहसूरि

।

चन्द्रप्रभसूरि (**दर्शनशुद्धि** के रचनाकार)

।

धर्मघोषसूरि

।

विमलगणि (वि०सं० ११८१/ई० सन् ११२५ में **दर्शनशुद्धिवृत्ति** के रचनाकार)

दर्शनशुद्धिबृहद्वृत्ति

पूर्णिमागच्छीय विमलगणि के शिष्य देवभद्रसूरि ने वि०सं० १२२४/ई० सन् ११६८ में अपने गुरु की कृति **दर्शनशुद्धिवृत्ति** पर **बृहद्वृत्ति** की रचना की। इसकी प्रशस्ति में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा इस प्रकार दी है[२]:

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जयसिंहसूरि

।

चन्द्रप्रभसूरि

समन्तभद्रसूरि — धर्मघोषसूरि

।

विमलगणि

।

देवभद्रसूरि (वि०सं० १२२४/ई०सन् ११६८ में **दर्शनशुद्धिबृहद्वृत्ति** के रचनाकार)

प्रश्नोत्तररत्नमालावृत्ति

यह पूर्णिमागच्छीय हेमप्रभसूरि की कृति है। रचना के अन्त में वृत्तिकार ने अपनी गुरु-परम्परा और रचनाकाल का उल्लेख किया है,[३] जो इस प्रकार है :

चन्द्रप्रभसूरि

।

धर्मघोषसूरि

।

यशोघोषसूरि

।

हेमप्रभसूरि (वि०सं० १२२३/ई० सन् ११६७ में **प्रश्नोत्तररत्नमालावृत्ति** के रचनाकार)

अममस्वामिचरितमहाकाव्य

पूर्णिमागच्छीय समुद्रघोषसूरि के विद्वान् शिष्य मुनिरत्नसूरि द्वारा यह प्रसिद्ध कृति वि०सं० १२५२/ई० सन् ११९६ में रची गयी है। रचना के अन्त में प्रशस्ति के

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अन्तर्गत ग्रन्थकार ने अपनी गुरु-परम्परा दी है,[४] जो इस प्रकार है :

चन्द्रप्रभसूरि (पूर्णिमागच्छ के प्रवर्तक)
।
धर्मघोषसूरि
।
समुद्रघोषसूरि
।
मुनिरत्नसूरि (वि०सं० १२५२/ई० सन् ११९६ में **अममस्वामिचरितमहाकाव्य** के रचनाकार)

प्रत्येकबुद्धचरित

पूर्णिमागच्छीय शिवप्रभसूरि के शिष्य श्रीतिलकसूरि अपरनाम तिलकाचार्य ने वि०सं० १२६१/ई० सन् १२०५ में इस ग्रन्थ की रचना की। श्रीतिलकसूरि द्वारा रचित कई कृतियां मिलती हैं। श्री मोहनलाल दलीचन्द्र देसाई ने इनकी गुरु-परम्परा का उल्लेख किया है,[५] जो इस प्रकार है :

चन्द्रप्रभसूरि (पूर्णिमागच्छ के प्रकटकर्ता)
।
धर्मघोषसूरि
।
चक्रेश्वरसूरि
।
शिवप्रभसूरि
।
श्रीतिलकसूरि (वि०सं० १२६१/ई० सन् १२०५ में **प्रत्येकबुद्धचरित** के रचनाकार)

प्रत्येकबुद्धचरित अभी अप्रकाशित है।

शान्तिनाथचरित

यह कृति पूर्णिमागच्छ के अजितप्रभसूरि द्वारा वि०सं० १३०७ में रची गयी है। जैसलमेर और पाटण के ग्रन्थ भण्डारों में इसकी प्रतियां संरक्षित हैं। कृति के अन्त

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

में ग्रन्थकार ने अपनी गुरु-परम्परा का उल्लेख किया है,[६] जो इस प्रकार है :

चन्द्रप्रभसूरि
।
देवसूरि
।
तिलकप्रभसूरि
।
वीरप्रभसूरि
।
अजितप्रभसूरि (वि०सं० १३०७/ई० सन् १२५१ में **शांतिनाथचरित** के रचनाकार)

पुण्डरीकचरित

पूर्णिमापक्षीय चन्द्रप्रभसूरि की परम्परा में हुए रत्नप्रभसूरि के शिष्य कमलप्रभसूरि ने वि०सं० १३७२/ई०स० १३१६ में उक्त कृति की रचना की। कृति के अन्त में प्रशस्ति के अन्तर्गत उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा का इस प्रकार विवरण दिया है[७] :

चन्द्रप्रभसूरि
।
चक्रेश्वरसूरि
।
त्रिदशप्रभसूरि
।
धर्मप्रभसूरि
।
अभयप्रभसूरि
।
रत्नप्रभसूरि
।
कमलप्रभसूरि (वि०सं० १३७२/ई० सन् १३१६ में

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पुण्डरीकचरित के रचनाकार)

क्षेत्रसमासवृत्ति

यह कृति पूर्णिमागच्छीय पद्मप्रभसूरि के शिष्य देवानन्दसूरि द्वारा वि०सं० १४५५/ ई० सन् १३९९ में रची गयी है। कृति के अन्त में प्रशस्ति के अन्तर्गत रचनाकार ने अपनी लम्बी गुरु-परम्परा का उल्लेख किया है,[८] जो इस प्रकार है :

चन्द्रप्रभसूरि
।
धर्मघोषसूरि
।
भद्रेश्वरसूरि
।
मुनिप्रभसूरि
।
सर्वदेवसूरि
।
सोमप्रभसूरि
।
रत्नप्रभसूरि
।
चन्द्रसिंहसूरि
।
देवसिंहसूरि
।
पद्मतिलकसूरि
।
श्रीतिलकसूरि
।
देवचन्द्रसूरि
।
पद्मप्रभसूरि
।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

देवानन्दसूरि (वि०सं० १४५५/ई० सन् १३९९ में
क्षेत्रसमासवृत्ति के रचनाकार)

श्रीपालचरित

पूर्णिमागच्छीय गुणसमुद्रसूरि के शिष्य सत्यराजगणि द्वारा संस्कृत-भाषा में रचित ५०० श्लोकों की यह कृति वि०सं० १५१४ में रची गयी है। इसकी वि०सं० १५७५/ ई० सन् १५१९ की एक प्रतिलिपि जैसलमेर के ग्रन्थभण्डार में संरक्षित है। रचना के अन्त में प्रशस्ति के अन्तर्गत रचनाकार ने अपनी गुरु-परम्परा का विस्तृत परिचय न देते हुए मात्र अपने गुरु का ही नामोल्लेख किया है[९]:

गुणसमुद्रसूरि
।
सत्यराजगणि (वि०सं० १५१४/ई० सन् १४५८ में
श्रीपालचरित के रचनाकार)

पूर्णिमागच्छगुर्वावली

यह गुर्वावली पूर्णिमागच्छ के सुमतिरत्नसूरि के शिष्य उदयसमुद्रसूरि द्वारा वि०सं० १५८०/ई० सन् १५२४ में रची गयी है।[१०] इसमें उल्लिखित पूर्णिमागच्छ के आचार्यों का क्रम निम्नानुसार है :

चन्द्रगच्छीय चन्द्रप्रभसूरि (पूर्णिमागच्छ के प्रवर्तक)
।
धर्मघोषसूरि
।
देवप्रभसूरि
।
जिनदत्तसूरि
।
शांतिभद्रसूरि
।
भुवनतिलकसूरि
।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रत्नप्रभसूरि
।
हेमतिलकसूरि
।
हेमरत्नसूरि
।
हेमप्रभसूरि
।
रत्नशेखरसूरि
।
रत्नसागरसूरि
।
गुणसागरसूरि
।
गुणसमुद्रसूरि
।
सुमतिप्रभसूरि
।
पुण्यरत्नसूरि
।
सुमतिरत्नसूरि
।
उदयसमुद्रसूरि (वि०सं० १५८०/ई० सन् १५२४ में **पूर्णिमागच्छगुर्वावली** के रचनाकार)

पूर्णिमागच्छीय रचनाकारों की पूर्वोक्त कृतियों की प्रशस्तियों से उपलब्ध छोटी-बड़ी गुर्वावलियों के आधार पर इस गच्छ के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की एक विस्तृत तालिका की संरचना की जा सकती है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तालिका-१

प्रशस्तियों के आधार पर निर्मित पूर्णिमापक्ष के आचार्यों की गुरु-परम्परा



Jain Education International
For Personal & Private Use Only
www.jainelibrary.org

पूर्णिमागच्छ के मुनिजनों की प्रेरणा से प्रतिष्ठापित ४०० से अधिक जिनप्रतिमायें आज उपलब्ध हैं जिनपर वि०सं०१३६८ से वि०सं०१६०४ तक के लेख उत्कीर्ण हैं[११]। इनमें इस गच्छ के विभिन्न मुनिजनों के नाम मिलते हैं, परन्तु उनमें से कुछ मुनिजनों के पूर्वापर सम्बन्ध ही स्थापित हो पाते हैं और उनके आधार पर गुरु-परम्परा की जो तालिका बनती है, वह इस प्रकार है :

द्रष्टव्य तालिका - २

तालिका- २



इषी प्रकार अभिलेखीत साक्ष्यों के ही आधार पर इस गच्छ के कुछ अन्य मुनिजनों के गुरु-परम्परा की तालिका निर्मित होती है -

तालिका- ३



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर पूर्णिमागच्छ के कुछ अन्य मुनिजनों के भी पूर्वापर सम्बन्ध स्थापित होते हैं, परन्तु उनके आधार पर इस गच्छ की गुरु-परम्परा की किसी तालिका को समायोजित कर पाना कठिन है। इनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :-

१. जयप्रभसूरि (वि०सं० १४६५)

२. जयप्रभसूरि के पट्टधर जयभद्रसूरि (वि०सं० १४८९-१५१९)

३. विद्याशेखरसूरि (वि०सं० १४७३-१४८१)

४. जिनभद्रसूरि (वि०सं० १४७३-१४८१)

५. जिनभद्रसूरि के पट्टधर धर्मशेखरसूरि (वि०सं० १५०३-१५२०)

६. धर्मशेखरसूरि के पट्टधर विशालराजसूरि (वि०सं० १५२५-१५३०)

७. वीरप्रभसूरि (वि०सं० १४६४-१५०६)

८. वीरप्रभसूरि के पट्टधर कमलप्रभसूरि (वि०सं० १५१०-१५३३)

अभिलेखीय साक्ष्यों से पूर्णिमागच्छ के अन्य मुनिजनों के नाम भी ज्ञात होते हैं, परन्तु वहां उनकी गुरु-परम्परा का नामोल्लेख न होने से उनके परस्पर सम्बन्धों का पता नहीं चल पाता। साहित्यिक साक्ष्यों के आधार पर संकलित गुरु-शिष्य-परम्परा (तालिका संख्या १) के साथ भी इन मुनिजनों का पूर्वापर सम्बन्ध स्थापित नहीं हो पाता, फिर भी इनसे इतना तो स्पष्ट रूप से सुनिश्चित हो जाता है कि इस गच्छ के मुनिजनों का श्वेताम्बर जैन समाज के एक बड़े वर्ग पर लगभग ४०० वर्षों के लम्बे समय तक व्यापक प्रभाव रहा।

अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित गुरु-शिष्य परम्परा की तालिका संख्या ३ का साहित्यिक साक्ष्यों के आधार पर संकलित गुरु-शिष्य परम्परा की तालिका संख्या १ के साथ परस्पर समायोजन सम्भव नहीं हो सका, किन्तु तालिका संख्या १ और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर संकलित तालिका संख्या २ के परस्पर समायोजन से पूर्णिमागच्छीय मुनिजनों की जो विस्तृत तालिका बनती है, वह इस प्रकार है :-

द्रष्टव्य - तालिका संख्या - ४

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तालिका - ४

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित पूर्णिमागच्छीय गुरु-शिष्य परम्परा



Jain Education International
For Personal & Private Use Only
www.jainelibrary.org

सन्दर्भ

१. तस्मिन्नुग्रविशालशीलकलितस्वाध्यायध्यानोद्यतात्सर्पच्चारुतपः सुसंयमयुतश्रेयः सुधाः ... लयः।
सच्छीलांगदलः कलंकविकलो ज्ञानादिगंधोद्धुरः सेव्यो देवनृपद्विरेफसुतते: श्रीचन्द्रगच्छोंऽबुजः॥४॥

तस्मिंस्तीर्थविभूषकेऽभवदथ श्रीसर्वदेवप्रभुःसूरिः शीलनिधिर्धिया जितमरुत्सूरिः सतामग्रणीः।
तस्याऽप्यद्भुतचारुचंचदमलोत्सर्पद्गुणैकास्पदं स्याच्छिष्यो जयसिंहसूरिरमलस्तस्यापि भूभूषणम्॥५॥

हेलानिर्जितवादिवृंदकलिकालाशेषलुप्तव्रता-चारोत्सर्पितसत्पथैककदिनः सिंहः कुमार्गद्विपे।
चंचच्चंचलचित्तवृत्तिकरणग्रामाश्वघातो वभू श्रीचंद्रप्रभसूरिचारुचरितश्चारित्राणामग्रणीः॥६॥

ज्ञानादित्रयरत्नरोहणगिरिः सच्छीलपाथोनिधिर्द्धीरो धीधनसाधुसंहतिपतिः श्रीधर्मधूर्धारकः।
स्यात् सिद्धांतहिरण्यघर्षणकृते पट्टः पटुः शुद्धधीःशिष्यो गच्छपतिः प्रतापतरणिः श्रीधर्मघोषप्रभुः॥७॥

तच्छिष्यविमलगणिना कृतिना भ्रात्राऽनुजेन शास्त्रस्य।अस्योच्चैर्वृत्तिरियं विहिता साहाय्यतः सुधिया॥८॥
दर्शनशुद्धिवृत्ति की प्रशस्ति

Muni Punyavijaya, Ed *Catalogue of palm-leaf Mss in the Shanti Natha Jain Bhandar, Cambay,* pp - 269-70.

२. C.D. Dalal, *A Descriptive Catalogue of Mss in the Jain Bhandras at pattan,* pp 5-7.

३. Muni Punyavijaya, Ed New Catalogue of Sankrit & Prakrit Mss : Jesalmer Collection, pp -79.

४. Muni Punyavijaya, Ed *Catalogue of palm-leaf Mss in the Shanti Natha Jain Bhandar, Cambay,* pp - 349-356.

५. मोहनलाल दलीचंद देसाई- **जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास,** कंडिका - ४९४

६. वही, पृ० ४१०.

७. वही, पृ० ४३२.

८. वही, पृ० ४४४.

९. Muni Punyavijaya, Ed *New Catalogue of Sankrit & Prakrit Mss : Jesalmer Collection,* pp -236. देसाई, पूर्वोक्त, पृ० ३७९. गुलाबचन्द्र चौधरी- **जैन साहित्य का बृहद् इतिहास,** भाग ६. पृ० ५१५.

१०. मुनि जिनविजय- संपा० **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह,** पृ० २३२-२३४.
मुनि कल्याणविजय- संपा० **पट्टावलीपरागसंग्रह,** पृ० २१९.

११. शिवप्रसाद, **श्वेताम्बर जैन गच्छों का संक्षिप्त इतिहास,** भाग-२, पृ०९४३-९५८.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पूर्णिमागच्छ - प्रधानशाखा अपरनाम ढंढेरियाशाखा का इतिहास

चन्द्रकुल के आचार्य जयसिंहसूरि के शिष्य आचार्य चन्द्रप्रभसूरि द्वारा वि०सं० ११४९/ई० सन् १०९३ अथवा वि०सं० ११५९/ई० सन् ११०३ में प्रवर्तित पूर्णिमागच्छ की कई अवान्तर शाखायें समय-समय पर अस्तित्व में आयीं, यथा प्रधानशाखा या ढंढेरियाशाखा, कच्छोलीवालशाखा, भीमपल्लीयाशाखा, सार्धपूर्णिमाशाखा, भृगुकच्छीयाशाखा, वटपद्रीयाशाखा आदि। इन शाखाओं में प्रधानशाखा या ढंढेरियाशाखा सबसे प्राचीन मानी जाती है। आचार्य चन्द्रप्रभसूरि के प्रशिष्य समुद्रघोषसूरि के द्वितीय शिष्य सूरप्रभसूरि इस शाखा के प्रथम आचार्य माने गये हैं। इस शाखा में आचार्य जयसिंहसूरि, जयप्रभसूरि, भुवनप्रभसूरि, यशस्तिलकसूरि, कमलसंयमसूरि, पुण्यप्रभसूरि, महिमाप्रभसूरि, ललितप्रभसूरि आदि कई प्रखर विद्वान् आचार्य हो चुके हैं।

पूर्णिमागच्छ की प्रधानशाखा के इतिहास के अध्ययन के लिए इस शाखा के मुनिजनों द्वारा रची गयी कृतियों की प्रशस्तियाँ तथा बड़ी संख्या में दूसरों से लिखवायी गयी अथवा स्वयं उनके द्वारा की गयी प्रतिलिपियों की प्रशस्तियाँ, पट्टावली, प्रतिमालेख आदि उपलब्ध हैं। अध्ययन की सुविधा के लिए यहाँ सर्वप्रथम ग्रन्थ एवं पुस्तक प्रशस्तियों तत्पश्चात् पट्टावली और अन्त में अभिलेखीय साक्ष्यों का विवरण दिया गया है।

पूर्णिमागच्छ की इस शाखा से सम्बद्ध लगभग ५७ ग्रन्थप्रशस्तियां और पुस्तकप्रशस्तियां या प्रतिलेखनप्रशस्तियां मिलती हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	संवत्	तिथि/मिति	ग्रन्थ का नाम	मूल प्रशस्ति/ प्रतिलेखन प्रशस्ति	प्रशस्तिगत आचार्य/ मुनि का नाम	प्रतिलिपिकार	सन्दर्भ ग्रन्थ
१.	१५२०	चैत्रसुदि ५ सोमवार	किरातार्जुनीय-अवचूरि	मूल प्रशस्ति	जयप्रभसूरि	जयप्रभसूरि	*Catalogue of Sanskrit and Prakrit, Mss. Muniraja Shree PunyaVijaya, Collection.* Ed. A.P. Shah. प्रशास्ति क्रमांक ४७५३ पृ०२७७
२.	१५२०	माघ सुदि ५ गुरुवार	क्रियाकलाप	प्रतिलेखनप्रशस्ति	जयप्रभसूरि एवं उनके शिष्य पूर्णकलश	जयप्रभसूरि	वही, क्रमांक ६०३३ पृ० ३८८.
३.	१५२१	मार्गशीर्ष वदि ४ रविवार	नन्दीसूत्र	प्रतिलेखनप्रशस्ति	जयसिंहसूरि के शिष्य जयप्रभसूरि	जयप्रभसूरि	वही, क्रमांक ७२६, पृ० ६३.
४.	१५२३	कार्तिक सुदि २ शुक्रवार	प्रश्नोत्तररत्नमाला	प्रतिलेखनप्रशस्ति	जयप्रभसूरि	जयप्रभसूरि	वही, क्रमांक ३३९६ पृ० १९३.
५.	१५२७	चैत्र सुदि ७ गुरुवार	शब्दपदार्थीसूत्रवृत्ति	प्रतिलेखनप्रशस्ति	जयप्रभसूरि एवं उनके शिष्य यशस्तिलकमुनि	जयप्रभसूरि	वही, क्रमांक १५२, पृ० १३.
६.	१५२९	फाल्गुन सुदि १ शुक्रवार	न्यायप्रवेशवृत्ति	प्रतिलेखनप्रशस्ति	जयप्रभसूरि एवं उनके शिष्य यशस्तिलकमुनि	जयप्रभसूरि	वही, क्रमांक १९०, पृ० १६.
७.	१५५१	आश्विन शुक्ल प्रतिपदाबुधवार	कर्पूरप्रकरण	प्रतिलेखनप्रशस्ति	जयप्रभसूरि एवं उनके शिष्य जयमेरु	जयप्रभसूरि	वही, क्रमांक ३८०५, पृ० २२०.
८.	१५५३	चैत्र सुदि ८ रविवार	पाक्षिकसूत्रअवचूरि	प्रतिलेखनप्रशस्ति	भुवनप्रभसूरि एवं उनके शिष्य कमलसंयम तथा वीरकलश	-	वही, क्रमांक ९५०, पृ० ७८.
९.	१५५५	-	स्नात्रपंचशिका	प्रतिलेखनप्रशस्ति	भुवनप्रभसूरि एवं उनके	वीरकलश	वही, क्रमांक २२७८,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	संवत्	तिथि/मिति	ग्रन्थ का नाम	मूल प्रशस्ति/ प्रतिलेखन प्रशस्ति	शिष्य वीरकलश प्रशस्तिगत आचार्य/ मुनि का नाम	प्रतिलिपिकार	पृ० ११०. सन्दर्भ ग्रन्थ
१०.	१५५५	भाद्रपद सुदि ९	चतुःशरणअवचूरि	प्रतिलेखनप्रशस्ति	जयप्रभसूरि	जयप्रभसूरि	वही, क्रमांक ४६४, पृ० ४३.
११.	१५५५	मार्गशीर्ष वदि ४ रविवार	पाक्षिकसूत्रअवचूरि	प्रतिलेखनप्रशस्ति	भुवनप्रभसूरि एवं उनके शिष्य मुनि रत्नमेरु	मुनिरत्नमेरु	वही, क्रमांक९५१, पृ० ७८.
१२.	१५६५	भाद्रपद वदि ४ रविवार	प्रज्ञापनासूत्र	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	भुवनप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक ३८८, पृ० ३५.
१३.	१५६६	श्रावण प्रतिपदा	भगवतीसूत्रवृत्ति	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	भुवनप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक २६६, पृ० २५.
१४.	१५६६	कार्तिक वदि ४ बुधवार	प्रतिक्रमणसूत्रवृत्ति	प्रतिलेखनप्रशस्ति	भुवनप्रभसूरि एवं उनके शिष्य मुनि राजसुन्दर	मुनि राजसुन्दर	वही, क्रमांक ८००, पृ० ७१.
१५.	१५७४	ज्येष्ठ वदि ९	वत्सकुमारकथा	प्रतिलेखनप्रशस्ति	भुवनप्रभसूरि एवं उनके शिष्य कमलप्रभसूरि एवं उनके शिष्य राजमाणिक्य	राजमाणिक्य	वही, क्रमांक ४८७७, पृ० ३०७.
१६.	१५७४	चैत्र सुदि १३ बुधवार	आदिनाथमहाकाव्य	प्रतिलेखनप्रशस्ति	जयप्रभसूरि के शिष्य भुवनप्रभसूरि एवं शिष्य मुनिरत्नमेरु	मुनिरत्नमेरु	वही, क्रमांक ४७४८, पृ० २७२.
१७.	१५७५	ज्येष्ठ वदि ४ गुरुवार	कृतकर्मनृपचरित्र	प्रतिलेखनप्रशस्ति	कमलप्रभसूरि एवं उनके शिष्य राजमाणिक्य	राजमाणिक्य	पूर्वोक्त, क्रमांक ३८९१, पृ० २२४.
१८.	१५८८	तिथिविहीन	प्रमाणमंजरी	प्रतिलेखनप्रशस्ति	जयसिंहसूरि एवं उनके	यशस्तिलकसूरि	वही, क्रमांक १४४,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	संवत्	तिथि/मिति	ग्रन्थ का नाम	मूल प्रशस्ति/ प्रतिलेखन प्रशस्ति	शिष्य यशस्तिलकसूरि प्रशस्तिगत आचार्य/ मुनि का नाम	प्रतिलिपिकार	पृ० १२. सन्दर्भ ग्रन्थ
१९.	१५९०	वैशाख सुदि ५ शुक्रवार	दशवैकालिकवृत्ति	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	कमलप्रभसूरि एवं उनके पट्टधर पुण्यप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक १०३५, पृ० ८४.
२०.	१५९६	पौष वदि ५	दशवैकालिकअवचूरि	प्रतिलेखनप्रशस्ति	पुण्यप्रभसूरि एवं उनके शिष्य भीमा	भीमा	वही, क्रमांक १०८४, पृ० ८७.
२१.	१५९९	तिथिविहीन	संगीतोपनिषतसारोद्धार	प्रतिलेखनप्रशस्ति	पुण्यप्रभसूरि एवं उनके शिष्य भीमा	भीमा	वही, क्रमांक ६३६५, पृ० ४१७-४१८.
२२.	१५९९	कार्तिक सुदि ६ शनिवार	औपपातिकसूत्र	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	कमलप्रभसूरि एवं उनके पट्टधर पुण्यप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक ३५१, पृ० ३२.
२३.	१६०५	भाद्रपद वदि ५ शुक्रवार	आचारांगदीपिका	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	भुवनप्रभसूरि एवं उनके पट्टधर कमलप्रभसूरि एवं उनके पट्टधर पुण्यप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक २०६, पृ० १८
२४.	१६०८	वैशाख सुदि १३ शुक्रवार	यतिदिनचर्या	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	कमलप्रभसूरि एवं उनके पट्टधर पुण्यप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक २८००, पृ० १४०.
२५.	१६०९	चैत्र सुदि ५	प्रज्ञापनावृत्ति	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	भुवनप्रभसूरि के पट्टधर कमलप्रभसूरि के पट्टधर पुण्यप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक ३९६, पृ० ३६.
२६.	१६११	पौष सुदि ९ मंगलवार	जिनस्तवनअवचूरि	प्रतिलेखनप्रशस्ति	पुण्यप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक ११९३, पृ० ९०.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	संवत्	तिथि/मिति	ग्रन्थ का नाम	मूल प्रशस्ति/ प्रतिलेखन प्रशस्ति	प्रशस्तिगत आचार्य/ मुनि का नाम	प्रतिलिपिकार	सन्दर्भ ग्रन्थ
२७.	१६२४	चैत्र सुदि ५ शनिवार	त्रिषष्टिशलाकापुरुष-चरित एवं परिशिष्टपर्व	प्रतिलेखनप्रशस्ति	भुवनप्रभसूरि के शिष्य पुण्यप्रभसूरि के पट्टधर विद्याप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक ३७८३, पृ० २१६-२१७.
२८.	१६५०	कार्तिक सुदि ५	तत्त्वचिन्तामणि	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	विद्याप्रभसूरि के शिष्य ललितप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक ९५, पृ० १०.
२९.	१६५४	आषाढ़ सुदि १३ शुक्रवार	पंचवस्तुकवृत्ति	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	ललितप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक २३६२, पृ० १२१.
३०.	१६७५	आषाढ़ सुदि १३ गुरुवार	कल्पसूत्रान्तर्वाच्य	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	ललितप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक ६९१, पृ० ५९.
३१.	१६७७	आश्विन वदि ३ बुधवार	कल्पान्तरवाच्य टिप्पनक	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	ललितप्रभसूरि	वाचक गुणजी	वही, क्रमांक ७००, पृ० ६१.
३२.	१६९८	...वदि १०	भगवतीबीजक	प्रतिलेखनप्रशस्ति	ललितप्रभसूरि के पट्टधर विनयसूरि के पट्टधर मुनिहेमराज	मुनिहेमराज	वही, क्रमांक २८०, पृ० २७.
३३.	१७०१	आश्विन १० मंगलवार	शब्दशोभा	प्रतिलेखनप्रशस्ति	विनयप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक ५९५१, पृ० ३७४-७५.
३४.	१७१४	ज्येष्ठ वदि १३ शुक्रवार	उत्तराध्ययनसूत्र की संस्कृत छाया	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	विनयप्रभसूरि के शिष्य मुनिकीर्तिरत्न	विनयप्रभसूरि	वही, क्रमांक ९९८, पृ० ८१.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	संवत्	तिथि/मिति	ग्रन्थ का नाम	मूल प्रशस्ति/ प्रतिलेखन प्रशस्ति	प्रशस्तिगत आचार्य/ मुनि का नाम	प्रतिलिपिकार	सन्दर्भ ग्रन्थ
३५.	१७२२	आश्विन वदि ३ मंगलवार	औपपातिकस्तवन	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	विनयप्रभसूरि	विनयप्रभसूरि	पूर्वोक्त, क्रमांक ३६०, पृ० ३३.
३६.	१७३७	चैत्र १४ मंगलवार	न्यायसिद्धान्तमंजरी लघुचिन्तामणि	प्रतिलेखनप्रशस्ति	महिमाप्रभसूरि	महिमाप्रभसूरि	वही, क्रमांक १०८, पृ० १०-११.
३७.	१७५०	तिथिविहीन	वरडाक्षेत्रपालस्तोत्र-अवचूरि	मूलप्रशस्ति	महिमाप्रभसूरि के पट्टधर भावप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक ४३४३, पृ० २६५.
३८.	१७६१	आश्विन वदि २ मंगलवार	तत्त्वार्थसूत्रबालावबोध	प्रतिलेखनप्रशस्ति	महिमाप्रभसूरि के शिष्य मुनि सहजरत्न	मुनि सहजरत्न	वही, क्रमांक ३४७३, पृ० २००.
३९.	१७६२	माघ सुदि १३ मंगलवार	ज्ञानसार अष्टक-बालावबोध	प्रतिलेखनप्रशस्ति	महिमाप्रभसूरि के शिष्य भावरत्नसूरि	भावरत्नसूरि	वही, क्रमांक २४८८, पृ० १२५-२६.
४०.	१७६२	श्रावण सुदि ११	वीतरागकल्पलता	प्रतिलेखनप्रशस्ति	पुण्यप्रभसूरि के शिष्य विद्याप्रभसूरि के शिष्य ललितप्रभसूरि के शिष्य विनयप्रभसूरि के शिष्य महिमाप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक २५३३, पृ० १२९-१३०.
४१.	१७६४	-	संग्रहणीप्रकरण	प्रतिलेखनप्रशस्ति	महिमाप्रभसूरि के पट्टधर भावरत्नसूरि	भावरत्नसूरि	वही, क्रमांक ३०७७, पृ० १६९.
४२.	१७६७	तिथिविहीन	शब्दरत्नाकर	प्रतिलेखनप्रशस्ति	विनयप्रभसूरि के पट्टधर भावरत्नसूरि	भावरत्नसूरि	वही, क्रमांक ६२१४, पृ० ४०३-४०४.

क्र०	संवत्	तिथि/मिति	ग्रन्थ का नाम	मूल प्रशस्ति/ प्रतिलेखन प्रशस्ति	प्रशस्तिगत आचार्य/ मुनि का नाम	प्रतिलिपिकार	सन्दर्भ ग्रन्थ
४३.	१७६७	मार्गशीर्ष वदि ९	अंचलमतदलन-बालावबोध	प्रतिलेखनप्रशस्ति	महिमाप्रभसूरि के शिष्य मुनिलाल	मुनिलाल	वही, क्रमांक ३२४७, पृ० १७८-१७९.
४४.	१७७२	कार्तिक सुदि ५ मंगलवार	सिद्धान्तकौमुदी	प्रतिलेखनप्रशस्ति	महिमाप्रभसूरि के शिष्य भावप्रभसूरि	-	वही, क्रमांक ५८१२, पृ० ३६९.
४५.	१७८१	मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्दशी	श्रीपालचरित्र	प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति	महिमाप्रभसूरि के शिष्य भावप्रभसूरि	भावप्रभसूरि	वही, क्रमांक ४२०६, पृ० २३९.
४६.	१७८१	-	आष्टाह्निकाधुराख्यान (गद्य)	मूलप्रशस्ति	विनयप्रभसूरि के पट्टधर महिमाप्रभसूरि के पट्टधर भावप्रभसूरि	भावप्रभसूरि	वही, क्रमांक २३३३, पृ० ११७.
४७.	१७८२	ज्येष्ठ शुक्ल ५	फाल्गुनचातुर्मासी-व्याख्यान	मूलप्रशस्ति	विद्याप्रभसूरि के पट्टधर ललितप्रभसूरि के पट्टधर विनयप्रभसूरि के पट्टधर महिमाप्रभसूरि के पट्टधर भावप्रभसूरि	भावप्रभसूरि	वही, क्रमांक २३२६, पृ० ११२.
४८.	१७९०	माघ वदि १३ बुधवार	द्वादशव्रतोच्चारविधि	प्रतिलेखनप्रशस्ति	भावप्रभसूरि	भावप्रभसूरि	वही, क्रमांक २४२४, पृ० १२१.
४९.	१७९०	माघ सुदि...?	नैषधमहाकाव्य	प्रतिलेखनप्रशस्ति	महिमाप्रभसूरि के पट्टधर भावप्रभसूरि	भावप्रभसूरि	वही, क्रमांक ४७७९, पृ० २७८-२७९.
५०.	१७९१	भाद्रपद वदि ८	जिनधर्मवरस्तव	मूल प्रशस्ति	भावप्रभसूरि एवं उनके	मुनिलाल	वही, क्रमांक १५११,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्र०	संवत्	तिथि/मिति	ग्रन्थ का नाम	मूल प्रशस्ति/ प्रतिलेखन प्रशस्ति	प्रशस्तिगत आचार्य/ मुनि का नाम	प्रतिलिपिकार	सन्दर्भ ग्रन्थ
		सोमवार			गुरुभ्राता मुनिलाल		पृ० ९६.
५१.	१७९२	पौष वदि २ शनिवार	कल्पसूत्रअन्तरवाच्य	मूल प्रशस्ति	भावप्रभसूरि एवं उनके शिष्य भावरत्न	भावप्रभसूरि	वही, क्रमांक ६६२, पृ० ५४.
५२.	१७९३	माघ सुदि ७ गुरुवार	प्रतिमाशतकलघुवृत्ति	मूल प्रशस्ति	भावप्रभसूरि	-	पूर्वोक्त, क्रमांक ३२६३, पृ० १८०-१८१.
५३.	१७९५	तिथिविहीन	धातुपाठविवरण	प्रतिलेखनप्रशस्ति	भावप्रभसूरि के पट्टधर भावरत्नसूरि	भावरत्नसूरि	वही, क्रमांक ६००९, पृ० ३८७.
५४.	१७९५	भाद्रपद वदि १३ गुरुवार	महावीरस्तोत्रवृत्ति	मूल प्रशस्ति	भावप्रभसूरि		वही, क्रमांक १७५९, पृ० १००.
५५.	१७९८	तिथिविहीन	मुद्रितकुमुदचन्द्र	प्रतिलेखनप्रशस्ति	महिमाप्रभसूरि के पट्टधर भावप्रभसूरि	भावप्रभसूरि	वही, क्रमांक ५१९६, पृ० ३३७-३३८.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रशस्तियों की उक्त सूची में उल्लिखित मुनिजनों के पूर्वापर सम्बन्धों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :-

१. जयसिंहसूरि के पट्टधर जयप्रभसूरि

२. जयप्रभसूरि के पट्टधर यशस्तिलकसूरि, भुवनप्रभसूरि और जयमेरुसूरि

३. भुवनप्रभसूरि के पट्टधर कमलप्रभसूरि, मुनि राजसुन्दरसूरि, मुनिरत्नमेरुसूरि, कमलसंयमसूरि और वीरकलशसूरि

४. कमलप्रभसूरि के पट्टधर राजमाणिक्य और पुण्यप्रभसूरि

५. पुण्यप्रभसूरि के पट्टधर विद्याप्रभसूरि

६. विद्याप्रभसूरि के पट्टधर ललितप्रभसूरि

७. ललितप्रभसूरि के पट्टधर विनयप्रभसूरि

८. विनयप्रभसूरि के पट्टधर कीर्तिरत्नसूरि, मुनि हेमराजसूरि और महिमाप्रभसूरि

९. महिमाप्रभसूरि के पट्टधर मुनि सहजरत्न, भावप्रभसूरि, भावरत्नसूरि और मुनिलाल

१०. भावप्रभसूरि के पट्टधर भावरत्नसूरि ।

उक्त विवरण के आधार पर इन मुनिजनों के गुरु-शिष्य परम्परा की एक तालिका अथवा विद्या वंशवृक्ष तैयार होता है, जो इस प्रकार है — द्रष्टव्य-तालिका क्रमांक १

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रशस्तियों के आधार पर निर्मित पूर्णिमागच्छ (प्रधानशाखा) के मुनिजनों का वंशवृक्ष

तालिका - १



Jain Education International
For Personal & Private Use Only
www.jainelibrary.org

श्री मोहनलाल दलीचन्द देसाई ने पूर्णिमागच्छ और उसकी कुछ शाखाओं की पट्टावली दी है। इनमें पूर्णिमागच्छ की प्रधानशाखा अपरनाम ढंढेरियाशाखा की भी एक पट्टावली है,[१] जिसमें उल्लिखित इस शाखा की गुरु-परम्परा इस प्रकार है :-

चन्द्रप्रभसूरि (पूर्णिमागच्छ के प्रवर्तक)
।
धर्मघोषसूरि
।
समुद्रघोषसूरि
।
सुरप्रभसूरि (पूर्णिमापक्षीय प्रधानशाखा के प्रवर्तक)
।
जिनेश्वरसूरि
।
भद्रप्रभसूरि
।
पुरुषोत्तमसूरि
।
देवतिलकसूरि
।
रत्नप्रभसूरि
।
तिलकप्रभसूरि
।
ललितप्रभसूरि
।
हरिप्रभसूरि
।
जयसिंहसूरि
।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जयप्रभसूरि
।
भुवनप्रभसूरि
।
कमलप्रभसूरि
।
पुण्यप्रभसूरि
।
विद्याप्रभसूरि
।
ललितप्रभसूरि
।
विनयप्रभसूरि
।
महिमाप्रभसूरि
।
भावप्रभसूरि

पूर्णिमापक्षीय प्रधानशाखा के मुनिजनों के उपदेश से प्रतिष्ठापित जिनप्रतिमायें भी प्राप्त हुई हैं जो वि०सं० १५१२ से वि०सं० १७६८ तक की हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

जयसिंहसूरि के पट्टधर जयप्रभसूरि

इनके उपदेश से प्रतिष्ठापित ९ प्रतिमायें मिली हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :-

वि०सं० १५१२	माघ सुदि ५ सोमवार	**जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, भाग-२, सम्पा० बुद्धिसागरसूरि, लेखांक ९६३.
वि०सं० १५१९	कार्तिक वदि ५ शुक्रवार	वही, लेखांक ७४३.
वि०सं० १५१९	कार्तिक वदि ५ शुक्रवार	**प्राचीनलेखसंग्रह,** संग्राहक विजयधर्मसूरि, लेखांक ३२९.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १५१९	माघ सुदि ५ सोमवार	**श्रीप्रतिमालेखसंग्रह,** सम्पा० दौलतसिंहलोढा, लेखांक २६१.
वि०सं० १५२१	माघ पूर्णिमा गुरुवार	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग-१, लेखांक ५७८.
वि०सं० १५२५	वैशाख वदि ११ रविवार	वही, भाग-१, लेखांक १४९२
वि०सं० १५२५	माघ वदि ५	**प्रतिष्ठालेखसंग्रह,** सम्पा० विनयसागर, लेखांक ६६७.
वि०सं० १५२८	कार्तिक सुदि १२ शुक्रवार	**जैनलेखसंग्रह,** भाग-३, सम्पा० पूरनचन्द नाहर, लेखांक २३४९.
वि०सं० १५३१	फाल्गुन सुदि ८ सोमवार	**राधनपुरप्रतिमालेखसंग्रह** सम्पा०मुनि विशालविजय, लेखांक २७४.

जयप्रभसूरि के पट्टधर जयभद्रसूरि

इनके उपदेश से प्रतिष्ठापित तीन प्रतिमायें प्राप्त हुई है। इनका विवरण इस प्रकार है —

वि०सं० १५२५	वैशाख सुदि ३ सोमवार	**बीकानेरजैनलेखसंग्रह** सम्पा० अगरचन्द, भंवरलाल नाहटा,लेखांक १३१५
वि०सं० १५३४	आषाढ़ सुदि १ गुरुवार	वही, लेखांक १४३४
वि०सं० १५३६	आषाढ़ सुदि ५ गुरुवार	विनयसागर, पूर्वोक्त, लेखांक ७९६.

जयप्रभसूरि के द्वितीय पट्टधर भुवनप्रभसूरि

इनके उपदेश से प्रतिष्ठापित २ प्रतिमायें मिलती हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

वि०सं० १५५१	पौष सुदि १३ शुक्रवार	नाहर, पूर्वोक्त, भाग ३, लेखांक २२०२.
वि०सं० १५७२	वैशाख वदि ४ रविवार	लोढ़ा, पूर्वोक्त, लेखांक १०१.

कमलप्रभसूरि

इनके उपदेश द्वारा प्रतिष्ठापित एक प्रतिमा प्राप्त हुई है जो सम्भवनाथ की है। *यह प्रतिमा आदिनाथ जिनालय, थराद मे है। इसका विवरण निम्नानुसार है :-*

वि०सं० १५८२	वैशाख सुदि ३	लोढ़ा, पूर्वोक्त, लेखांक २०७.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कमलप्रभसूरि के पट्टधर पुण्यप्रभसूरि

इनके उपदेश द्वारा प्रतिष्ठापित २ प्रतिमायें मिलती हैं जिनका विवरण इस प्रकार है :-

वि०सं० १६०८ वैशाख सुदि १३ शुक्रवार बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १२४.

वि०सं० १६१० फाल्गुन वदि २ सोमवार मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक ३४८.

विद्याप्रभसूरि के पट्टधर ललितप्रभसूरि

इनके उपदेश द्वारा प्रतिष्ठापित एक प्रतिमा मिली है, जिस पर वि०सं० १६५४ का लेख उत्कीर्ण है :

वि०सं० १६५४ माघ वदि १ रविवार बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १०१.

महिमाप्रभसूरि

इनके उपदेश से प्रतिष्ठित वि०सं० १७६८ की एक प्रतिमा मिली है :

वि०सं० १७६८ वैशाख सुदि ६ गुरुवार बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ३३२.

उक्त अभिलेखीय साक्ष्यों द्वारा पूर्णिमापक्ष की प्रधानशाखा के जिन मुनिजनों के नाम ज्ञात होते हैं, उनमें जयप्रभसूरि के शिष्य जयभद्रसूरि को छोड़कर शेष सभी नाम पुस्तकप्रशस्तियों में भी मिलते हैं, साथ ही उनका पूर्वापर सम्बन्ध भी सुनिश्चित किया जा चुका है।

श्री देसाई द्वारा दी गयी पूर्णिमागच्छ प्रधानशाखा की पट्टावली में सर्वप्रथम पूर्णिमागच्छ के प्रवर्तक चन्द्रप्रभसूरि का उल्लेख है। इसके बाद धर्मघोषसूरि एवं उनके बाद समुद्रघोषसूरि का नाम आता है। उक्त पट्टावली के अनुसार समुद्रघोषसूरि के शिष्य सुरप्रभसूरि से पूर्णिमागच्छ की प्रधानशाखा का आविर्भाव हुआ। वि०सं० १२५२ में पूर्णिमागच्छीय मुनिरत्नसूरि द्वारा रचित **अममस्वामिचरित्रमहाकाव्य** की प्रशस्ति में ग्रन्थकार ने अपने गुरुभ्राता सुरप्रभसूरि का उल्लेख किया है।[२] पट्टावली में सुरप्रभसूरि के बाद जिनेश्वरसूरि, भद्रप्रभसूरि, पुरुषोत्तमसूरि, देवतिलकसूरि, रत्नप्रभसूरि, तिलकप्रभसूरि, ललितप्रभसूरि, हरिप्रभसूरि आदि ८ आचार्यों का पट्टानुक्रम से जो उल्लेख है, उनके बारे में अन्यत्र कोई सूचना नहीं मिलती। हरिप्रभसूरि के शिष्य जयसिंहसूरि का अभिलेखीय साक्ष्यों में उल्लेख मिलता है। चूँकि जयप्रभसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित जिनप्रतिमायें

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वि०सं० १५१२ से वि०सं० १५३१ तक की हैं, अत: उनके गुरु जयसिंहसूरि का समय वि०सं० १५०० के आस-पास माना जा सकता है। चूँकि इस शाखा के प्रवर्तक सुरप्रभसूरि के गुरुभ्राता मुनिरत्नसूरि का समय वि०सं० की तेरहवीं शती का द्वितीयचरण (वि०सं० १२५२) सुनिश्चित है, अत: यही समय सुरप्रभसूरि का भी माना जा सकता है। सुरप्रभसूरि से जयसिंहसूरि तक २५० वर्षों की अवधि तक १० आचार्यों का नायकत्व काल असम्भव नहीं लगता। इस आधार पर सुरप्रभसूरि से जयसिंहसूरि तक की गुरु-परम्परा, जो पट्टावली में दी गयी है, प्रामाणिक मानी जा सकती है। इसी प्रकार जयसिंहसूरि और उनके पट्टधर जयप्रभसूरि से लेकर भावप्रभसूरि तक जिन ९ आचार्यों का नाम पट्टावली में आया है, वे सभी पुस्तकप्रशस्तियों द्वारा निर्मित पट्टावली में आ चुके हैं। इस प्रकार श्री देसाई द्वारा प्रस्तुत पूर्णिमागच्छ की प्रधानशाखा की एकमात्र उपलब्ध पट्टावली की प्रामाणिकता असन्दिग्ध सिद्ध होती है।

ग्रन्थप्रशस्तियों के आधार पर निर्मित पूर्णिमागच्छ प्रधानशाखा की गुरु-परम्परा की तालिका जयसिंहसूरि से प्रारम्भ होती है और जयसिंहसूरि के पूर्ववर्ती आचार्यों के नाम एवं पट्टानुक्रम श्री देसाई द्वारा प्रस्तुत पट्टावली से ज्ञात हो जाते हैं, अत: इस शाखा की गुरु-परम्परा की एक विस्तृत तालिका निर्मित होती है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित पूर्णिमागच्छप्रधानशाखा के मुनिजनों का विद्यावंशवृक्ष

तालिका-२

चन्द्रप्रभसूरि (पूर्णिमागच्छ के प्रवर्तक, वि०सं० ११४९)
|
धर्मघोषसूरि
|
समुद्रघोषसूरि — परमारनरेश नरवर्मा (वि०सं० ११५१/ई० स० १०९४- वि०सं० ११९०/ई० स० ११३३ और जयसिंह सिद्धराज (वि०सं० ११५१/ई० स० १०९५- वि०सं० ११९९/ई० स० ११४३ के राजदरबार में सम्मानित)
|
सुरप्रभसूरि (प्रधानशाखा या ढंढेरिया शाखा के प्रवर्तक)
|
जिनेश्वरसूरि
|
भद्रप्रभसूरि
|
पुरुषोत्तमसूरि
|
देवतिलकसूरि
|
रत्नप्रभसूरि
|
तिलकप्रभसूरि
|
ललितप्रभसूरि (प्रथम)
|
हरिप्रभसूरि
|
जयसिंहसूरि
|

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International
For Personal & Private Use Only
www.jainelibrary.org

सन्दर्भ

१. मोहनलाल दलीचन्द्र देसाई, **जैनगूर्जरकविओ,** भाग-३, खण्ड-२, मुम्बई १९४४ ईस्वी, पृ० २२३९-२२४१.

२. Muni Punyavijaya- *Catalogue of Palm- leaf Mss in the Shanti Natha Jain Bhandar, Cambay,* pp. 269-270.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पूर्णिमागच्छ – भीमपल्लीयाशाखा का इतिहास

पूर्णिमागच्छ की यह शाखा भीमपल्ली नामक स्थान से अस्तित्व में आयी प्रतीत होती है। इसके प्रवर्तक कौन थे, यह कब और किस कारण से अस्तित्व में आयी, इस सम्बन्ध में आज कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस शाखा में देवचन्द्रसूरि, पार्श्वचन्द्रसूरि, जयचन्द्रसूरि, भावचन्द्रसूरि, मुनिचन्द्रसूरि, विनयचन्द्रसूरि आदि कई महत्त्वपूर्ण आचार्य हुए हैं । भीमपल्लीयाशाखा से सम्बद्ध जो भी साक्ष्य आज उपलब्ध हुए हैं, वे वि०सं० की १५वीं शती से वि०सं० की १८वीं शती तक के हैं और इनमें अभिलेखीय साक्ष्यों की बहुलता है। अध्ययन की सुविधा के लिए सर्वप्रथम अभिलेखीय और तत्पश्चात् साहित्यिक साक्ष्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

अभिलेखीय साक्ष्य – पूर्णिमापक्ष-भीमपल्लीयाशाखा के मुनिजनों द्वारा प्रतिष्ठापित ५४ जिन प्रतिमायें अद्यावधि उपलब्ध हुई हैं। इन पर वि०सं० १४५९ से वि०सं० १५९८ तक के लेख उत्कीर्ण हैं जिनसे ज्ञात होता है कि ये प्रतिमायें उक्त कालावधि में प्रतिष्ठापित की गयी थी[१] ।

उक्त प्रतिमालेखीय साक्ष्यों द्वारा यद्यपि पूर्णिमागच्छ की भीमपल्लीयाशाखा के विभिन्न मुनिजनों के नाम ज्ञात होते हैं; किन्तु उनमें से मात्र ८ मुनिजनों के पूर्वा पर सम्बन्ध ही स्थापित हो सके हैं, जो इस प्रकार है —

?
।
देवचन्द्रसूरि
।
पार्श्वचन्द्रसूरि (वि०सं० १४५९-१४६१) २ प्रतिमालेख
।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जयचन्द्रसूरि (वि०सं० १४८२-१५२७) ३९ प्रतिमालेख
।
जयरत्नसूरि (वि०सं० १५४७) १ प्रतिमालेख

?
।
भावचन्द्रसूरि
।
चारित्रचन्द्रसूरि (वि०सं० १५३६) १ प्रतिमालेख
।
मुनिचन्द्रसूरि (वि०सं० १५५३-१५९१) ९ प्रतिमालेख
।
विनयचन्द्रसूरि (वि०सं० १५९८) १ प्रतिमालेख

अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित पूर्णिमापक्ष-भीमपल्लीयाशाखा की उक्त छोटी-छोटी और दो अलग-अलग गुर्वावलियों का उक्त आधार पर परस्पर समायोजन सम्भव नहीं हो सका, अत: इसके लिए पूर्णिमागच्छसी इस शाखा से सम्बद्ध साहित्यिक साक्ष्यों पर भी दृष्टिपात करना अपरिहार्य है।

पार्श्वनाथचरित की वि०सं० १५०४ में प्रतिलिपि की गयी एक प्रति की दाताप्रशस्ति में भीमपल्लीयाशाखा के पासचन्द्रसूरि (पार्श्वचन्द्रसूरि) के शिष्य जयचन्द्रसूरि का उल्लेख है।[२] प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि एक श्रावक परिवार ने अपने माता-पिता के श्रेयार्थ उक्त ग्रन्थ की एक प्रति जयचन्द्रसूरि को प्रदान की। जयचन्द्रसूरि की प्रेरणा से वि०सं० १४८२/ई० सन् १४२६ से वि०सं० १५२६/ई० सन् १४६१ के मध्य प्रतिष्ठापित ३९ जिनप्रतिमायें आज मिलती हैं, जिनका अभिलेखीय साक्ष्यों के अन्तर्गत उल्लेख आ चुका है। पूर्णिमागच्छीय किन्हीं भावचन्द्रसूरि ने स्वरचित **शांतिनाथचरित**[३] (रचनाकाल वि०सं० १५३५/ई० सन् १४७९) की प्रशस्ति में अपने गुरु का नाम जयचन्द्रसूरि बतलाया है, जिन्हें इस गच्छ की भीमपल्लीयाशाखा के पूर्वोक्त जयचन्द्रसूरि से समसामयिकता, गच्छ, नामसाम्य आदि के आधार पर एक ही व्यक्ति माना जा सकता है। ठीक इसी प्रकार इसी शाखा के भावचन्द्रसूरि (वि०सं०१५३६ के प्रतिमालेख में उल्लिखित) और **शांतिनाथचरित** के रचनाकार पूर्वोक्त भावचन्द्रसूरि को एक दूसरे से अभिन्न माना जा सकता है ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पूर्णिमागच्छीय किन्हीं जयराजसूरि ने स्वरचित **मत्स्योदररास**[४] (रचनाकाल वि०सं० १५५३/ई० सन् १४९७) की प्रशस्ति में और इसी गच्छ के विद्यारत्नसूरि ने वि०सं० १५७७/ई० सन् १५२० में रचित **कूर्मापुत्रचरित**[५] की प्रशस्ति में मुनिचन्द्रसूरि का अपने गुरु के रूप में उल्लेख किया है। पूर्णिमागच्छ से सम्बद्ध बड़ी संख्या में प्राप्त अभिलेखीय साक्ष्यों में तो नहीं किन्तु भीमपल्लीयाशाखा से सम्बद्ध वि०सं० १५५३-१५९१ के प्रतिमालेखों में मुनिचन्द्रसूरि का उल्लेख मिलता है। अत: समसामयिकता और गच्छ की समानता को देखते हुए उन्हें एक ही व्यक्ति मानने में कोई बाधा नहीं है। चूंकि पूर्णिमागच्छ की एक शाखा के रूप में ही भीमपल्लीयाशाखा का जन्म और विकास हुआ, अत: इस शाखा के किन्हीं मुनिजनों द्वारा कहीं-कहीं अपने मूलगच्छ का ही उल्लेख करना अस्वाभाविक नहीं प्रतीत होता और सम्भवत: यही कारण है कि उक्त ग्रन्थकारों ने अपनी कृतियों की प्रशस्ति में अपना परिचय पूर्णिमागच्छ की भीमपल्लीयाशाखा के मुनि के रूप में नहीं अपितु पूर्णिमागच्छ के मुनि के रूप में ही दिया है। विभिन्न गच्छों के इतिहास में इस प्रकार के अनेक उदाहरण देखे जा सकते हैं।

प्रतिमालेखों और ग्रन्थप्रशस्तियों के आधार पर पूर्णिमापक्ष-भीमपल्लीयाशाखा के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की एक तालिका निर्मित होती है, जो इस प्रकार है :

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित

पूर्णिमापक्ष-भीमपल्लीयाशाखा के मुनिजनों का विद्यावंशवृक्ष

चन्द्रप्रभसूरि (पूर्णिमागच्छ के प्रवर्तक)
|
धर्मघोषसूरि (चौलुक्यनरेश जयसिंह सिद्धराज (ई०सन् १०९४-११४२) द्वारा सम्मानित)
|
सुमतिभद्रसूरि
|
|
|
|
|
|

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org



सन्दर्भ

१. **जैन श्वेताम्बर गच्छों का संक्षिप्त इतिहास**, भाग २, पृ. १०२३-१०४३॥

२. संवत् १५०३ वर्षे आसो वदि ४ गुरौ श्रीपार्श्वनाथचरित्र पुस्तकं लिखापितमस्ति॥
संवत् १५०४ वर्षे वैशाख सुदि षष्ठी भौमे श्री प्राग्वाट ज्ञातीय मं० धना भार्या धांधलदे पुत्र मं० मारू भार्या चमकू पितृ मातृ स्वश्रेयोऽर्थं श्रीपार्श्वनाथचरित्रपुस्तकं अलेषि॥ श्रीभीमपल्लीय श्रीपूर्णिमापक्षे मुक्ष (मुख्य) श्रीपासचन्द्रसूरिपट्टे श्री ३ जयचन्द्रसूरिभिः प्रदत्त॥
अमृतलाल मगनलाल शाह- संपा० **श्रीप्रशस्ति संग्रह,** अहमदाबाद वि०सं० १९९३, भाग २, पृ० १०.

३. इति श्री श्री श्रीभावचन्द्रसूरिविरचिते गद्यबंधे श्रीशांतिनाथचरिते द्वादशभववर्णनो नाम षष्टः प्रस्तावः॥
H.R. Kapadia Ed. *Descriptive Catalogue of Mss in the Govt. Mss deposited at the Bhandarkar Oriental Research Institute,* Serial No. 27, B.O.R.I. Poona 1987 A.D. No. 733, pp. 118-119.

४. पूनिम पक्ष मुनिचन्द्रसूरि राजा, तासु ससि जंयइ पइ जइराजा।
पनर त्रिपन्न कीधु रास, भणइ गुणइ तेह पूरि आस॥
मोहनलाल दलीचंद देसाई- **जैन गूर्जर कविओ**, भाग १, द्वितीय संस्करण, संपा० डॉ. जयन्त कोठारी, पृष्ठ २०३-२०४.

५. इति श्रीपूर्णिमापक्षे भट्टारकश्रीमुनिचन्द्रसूरि - शिष्यमुनिविद्यारत्नविरचिते **श्रीकुर्म्मापुत्रकेवलिचरित्रे** शिवगतिवर्णनो नाम चतुर्थोल्लासः परिपूर्णस्तत्परिपूर्णोपरिपूर्णतामभजतायमपि ग्रन्थ इति भद्रम्॥
A.P. Shah - *Catalogue of Sanskrit and Prakit Mss : Muni Shree Punya Vijayajis Collection,* Part II, pp. 300-302.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सार्धपूर्णिमागच्छ का इतिहास

निर्ग्रन्थ परम्परा के श्वेताम्बर सम्प्रदाय के अन्तर्गत चन्द्रकुल (बाद में चन्द्रगच्छ) की एक शाखा वडगच्छ या बृहद्गच्छ से वि०सं० ११४९ या ११५९ में उद्भूत पूर्णिमागच्छ या पूर्णिमापक्ष से भी समय-समय पर विभिन्न उपशाखायें अस्तित्व में आयीं, इनमें सार्धपूर्णिमागच्छ भी एक है। विभिन्न पट्टावलियों में पूर्णिमागच्छीय आचार्य सुमतिसिंहसूरि द्वारा वि०सं० १२३६/ईस्वी सन् ११८० में अणहिल्लपुरपत्तन में इस शाखा का उदय माना गया है।[१] विवरणानुसार श्वेताम्बर श्रमणसंघ में विभिन्न मतभेदों के कारण निरन्तर विभाजन की प्रक्रिया से खिन्न होकर चौलुक्यनरेश कुमारपाल (वि०सं० ११९९-१२२९/ईस्वी सन् ११४३-११७३) ने नये-नये गच्छों के मुनिजनों का अपने राज्य में प्रवेश निषिद्ध करा दिया। वि०सं० १२३८ में पूर्णिमागच्छीय आचार्य सुमतिसूरि विहार करते हुए पाटन पहुंचे। वहां श्रावकों द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने अपने को पूर्णिमागच्छीय नहीं अपितु सार्धपूर्णिमागच्छीय बतलाकर वहां विहार की अनुमति प्राप्त कर ली। इसी समय से सुमतिसूरि की शिष्य-परम्परा सार्धपूर्णिमागच्छीय कहलायी। इस गच्छ के मुनिजन भी पूर्णिमागच्छीय मुनिजनों की भांति प्रतिमाप्रतिष्ठापक न होकर मात्र उपदेशक ही रहे हैं, किन्तु ये संडेरगच्छ, भावदेवाचार्यगच्छ, राजगच्छ, चैत्रगच्छ, नाणकीयगच्छ, वडगच्छ आदि के मुनिजनों की भांति चतुर्दशी को पाक्षिक पर्व मनाते थे।[२] यद्यपि इस गच्छ का उदय वि०सं० १२३६ में हुआ माना जाता है, किन्तु इससे सम्बद्ध जो भी साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्य आज मिलते हैं वे वि०सं० की १४वीं शती के पूर्व के नहीं हैं । अध्ययन की सुविधा के लिए सर्वप्रथम साहित्यिक और तत्पश्चात् अभिलेखीय साक्ष्यों का विवरण प्रस्तुत है :

१. शांतिनाथचरित – वि०सं० १४१२ में लिपिबद्ध की गयी इस कृति की प्रशस्ति[३] में सार्धपूर्णिमागच्छ के आचार्य अभयचन्द्रसूरि का उल्लेख है। उक्त आचार्य

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

किनके शिष्य थे, यह बात उक्त प्रशस्ति से ज्ञात नहीं होती। चूंकि सार्धपूर्णिमागच्छ से सम्बद्ध यह सबसे प्राचीन उपलब्ध साहित्यिक साक्ष्य है, इसलिए महत्त्वपूर्ण माना जा सकता है।

२. रत्नाकरावतारिकाटिप्पण – वडगच्छीय आचार्य वादिदेवसूरि की प्रसिद्ध कृति **प्रमाणनयतत्त्वावलोक** (रचनाकाल वि०सं० ११८१/ईस्वी सन् ११२५) पर सार्धपूर्णिमागच्छीय गुणचन्द्रसूरि के शिष्य ज्ञानचन्द्रसूरि ने मलधारगच्छीय राजशेखरसूरि के निर्देश पर **रत्नाकरावतारिकाटिप्पण** (रचनाकाल वि०सं० की १५वीं शती के प्रथम या द्वितीय दशक के आसपास) की रचना की।[४] यह बात उक्त कृति की प्रशस्ति से ज्ञात होती है।

३. न्यायावतारवृत्ति की दाता प्रशस्ति – आचार्य सिद्धसेन दिवाकर प्रणीत **न्यायावतारसूत्र** पर निर्वृत्तिकुलीन सिद्धर्षि द्वारा रचित वृत्ति (रचनाकाल- विक्रम सम्वत् की १०वीं शती के तृतीय चरण के आस-पास) की वि०सं० १४५३ में लिपिबद्ध की गयी एक प्रति की दाता प्रशस्ति[५] में सार्धपूर्णिमागच्छीय अभयचन्द्रसूरि के शिष्य रामचन्द्रसूरि का उल्लेख है। इस प्रशस्ति से यह भी ज्ञात होता है कि उक्त प्रति रामचन्द्रसूरि के पठनार्थ लिपिबद्ध करायी गयी थी। इन्हीं रामचन्द्रसूरि ने वि०सं० १४९०/ईस्वी सन् १४३४ में **विक्रमचरित**[६] की रचना की।

४. सम्यक्त्वरत्नमहोदधि वृत्ति की दाता प्रशस्ति – पूर्णिमागच्छ के प्रवर्तक आचार्य चन्द्रप्रभसूरिकृत **सम्यक्त्वरत्नमहोदधि** अपरनाम **दर्शनशुद्धि** (रचनाकाल- विक्रम सम्वत् की १२वीं शती के मध्य के आस-पास) पर पूर्णिमागच्छ के ही चक्रेश्वरसूरि और तिलकाचार्य द्वारा रची गयी वृत्ति (रचनाकाल- विक्रम सम्वत् की १३वीं शती के मध्य के आस-पास) की वि०सं० १५०४ में लिपिबद्ध की गयी प्रति की दाताप्रशस्ति[७] में सार्धपूर्णिमागच्छ के पुण्यप्रभसूरि के शिष्य जयसिंहसूरि का उल्लेख है। उक्त प्रशस्ति से इस गच्छ के किन्हीं अन्य मुनिजनों के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं होती ।

५. आरामशोभाचौपाई – यह कृति सार्धपूर्णिमागच्छ के विजयचन्द्रसूरि के शिष्य (श्रावक ?) कीरति द्वारा वि०सं० १५३५/ईस्वी सन् १४७९ में रची गयी है। ग्रन्थ की प्रशस्ति[८] के अन्तर्गत रचनाकार ने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रामचन्द्रसूरि
।
पुण्यचन्द्रसूरि
।
विजयचन्द्रसूरि
।
कीरति (वि०सं० १५३५/ई० सन् १४७९ में
आरामशोभाचौपाई के रचनाकार)

६. आवश्यकनिर्युक्तिबालावबोध की प्रतिलिपि की प्रशस्ति – सार्धपूर्णिमागच्छीय विद्याचन्द्रसूरि ने वि०सं० १६१० में उक्त कृति की प्रतिलिपि करायी। इसकी दाताप्रशस्ति[९] में उनकी गुरु-परम्परा का विवरण मिलता है, जो इस प्रकार है :

उदयचन्द्रसूरि
।
मुनिचन्द्रसूरि
।
विद्याचन्द्रसूरि (वि०सं० १६१० में इनके उपदेश से **आवश्यक-निर्युक्ति बालावबोध** की प्रतिलिपि की गयी)

जैसा कि प्रारम्भ में कहा जा चुका है इस गच्छ के विभिन्न मुनिजनों की प्रेरणा से प्रतिष्ठापित वि०सं० १३३१ से वि०सं० १६२४ तक की ५० से अधिक सलेख जिनप्रतिमायें मिलती हैं ।[१०]

उक्त प्रतिमालेखीय साक्ष्यों के आधार पर इस गच्छ के कुछ मुनिजनों के पूर्वापर सम्बन्ध स्थापित होते हैं। उनका विवरण इस प्रकार है :

१. धर्मचन्द्रसूरि और उनके पट्टधर धर्मतिलकसूरि धर्मचन्द्रसूरि की प्रेरणा से प्रतिष्ठापित १ प्रतिमा मिली है जिस पर वि०सं० १४२१ का लेख उत्कीर्ण है। इनके पट्टधर धर्मतिलकसूरि का ९ जिनप्रतिमाओं में नाम मिलता है। ये प्रतिमायें वि०सं० १४२४ से वि०सं० १४५० के मध्य प्रतिष्ठापित की गयी थीं। इसके अतिरिक्त एक ऐसी भी प्रतिमा मिली हैं, जिस पर प्रतिष्ठावर्ष नहीं दिया गया है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

२. धर्मतिलकसूरि के पट्टधर हीराणंदसूरि वि०सं० १४८३ और १५०२ में प्रतिष्ठापित ३ प्रतिमाओं पर इनका नाम मिलता है।

३. हीराणंदसूरि के पट्टधर देवचन्द्रसूरि इनकी प्रेरणा से प्रतिष्ठापित २ प्रतिमायें (वि०सं० १५१६ और वि०सं० १५१८) मिली हैं।

४. अभयचन्द्रसूरि और उनके पट्टधर रामचन्द्रसूरि अभयचन्द्रसूरि की प्रेरणा से प्रतिष्ठापित ३ प्रतिमाओं (वि०सं० १४२४, १४५८ और १४६६) का उल्लेख मिलता है। इनके पट्टधर रामचन्द्रसूरि का नाम वि०सं० १४९३ के प्रतिमालेख में मिलता है।

५. रामचन्द्रसूरि के पट्टधर पुण्यचन्द्रसूरि इनकी प्रेरणा से प्रतिष्ठापित ५ प्रतिमायें मिली हैं जिन पर वि०सं० १५०४, १५०७, १५०८ और १५२४ के लेख उत्कीर्ण हैं।

६. रामचन्द्रसूरि के शिष्य मुनिचन्द्रगणि आबू स्थित लूणवसही की एक देवकुलिका पर उत्कीर्ण वि०सं० १४८६ के लेख में मुनिचन्द्रगणि, शीलचन्द्र, नयसार, विनयरत्न आदि का नाम मिलता है।

७. रामचन्द्रसूरि के शिष्य चन्द्रसूरि पद्मप्रभ की वि०सं० १५२१ में प्रतिष्ठापित प्रतिमा पर चन्द्रसूरि का नाम मिलता है।

८. पुण्यचन्द्रसूरि के पट्टधर विजयचन्द्रसूरि वि०सं० १५१३, १५२२ और १५२८ में प्रतिष्ठापित ३ प्रतिमाओं पर विजयचन्द्रसूरि का नाम मिलता है।

९. विजयचन्द्रसूरि के पट्टधर उदयचन्द्रसूरि इनकी प्रेरणा से प्रतिष्ठापित २ प्रतिमायें मिली हैं, जो वि०सं० १५५० और १५५३ की हैं।

१०. उदयचन्द्रसूरि के पट्टधर मुनिराजसूरि वि०सं० १५७२ में प्रतिष्ठापित श्रेयांसनाथ की धातुप्रतिमा पर इनका नाम मिलता है।

११. उदयचन्द्रसूरि के पट्टधर मुनिचन्द्रसूरि वि०सं० १५७५ और १५७९ में प्रतिष्ठापित २ जिन प्रतिमाओं पर इनका नाम है।

१२. मुनिचन्द्रसूरि के पट्टधर विद्याचन्द्रसूरि इनकी प्रेरणा से प्रतिष्ठापित ३ जिन प्रतिमायें मिली है, जो वि०सं० १५९६, १६१० और १६२४ की हैं।

उक्त साक्ष्यों के आधार पर इस गच्छ के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की दो तालिकायें बनती हैं :

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

तालिका- १

?
।
धर्मचन्द्रसूरि (वि०सं० १४२१) १ प्रतिमालेख
।
धर्मतिलकसूरि (वि०सं० १४२४-१४५०) ७ प्रतिमालेख
।
हीराणंदसूरि (वि०सं० १४८३-१५०२) २ प्रतिमालेख
।
देवचन्द्रसूरि (वि०सं० १५१६-१५१८) २ प्रतिमालेख

तालिका- २

?
।
अभयचन्द्रसूरि (वि०सं० १४२४-१४६६) ३ प्रतिमालेख
।
रामचन्द्रसूरि (वि०सं० १४९३) १ प्रतिमालेख

पुण्यचन्द्रसूरि	मुनिचन्द्रगणि	चन्द्रसूरि
(वि०सं० १५०४-१५२४)	(वि०सं० १४८६)	(वि०सं० १५२१)
५ प्रतिमालेख	१ प्रतिमालेख	१ प्रतिमालेख

।
विजयचन्द्रसूरि (वि०सं० १५१३-१५२८) ३ प्रतिमालेख
।
उदयचन्द्रसूरि (वि०सं० १५५०-१५५३) २ प्रतिमालेख

मुनिराजसूरि	मुनिचन्द्रसूरि
	(वि०सं० १५७५-१५७९)
	२ प्रतिमालेख

।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विद्याचन्द्रसूरि
(वि०सं० १५९६-१६२४)
३ प्रतिमालेख

अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित उक्त दोनों तालिकाओं में परस्पर समायोजन सम्भव नहीं होता, किन्तु द्वितीय तालिका के अभयचन्द्रसूरि, रामचन्द्र, विजयचन्द्रसूरि, उदयचन्द्रसूरि आदि मुनिजनों के नाम सार्धपूर्णिमागच्छ के साहित्यिक साक्ष्यों में भी आ चुके हैं, इस प्रकार साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर इस गच्छ के मुनिजनों के गुरु-शिष्य परम्परा की एक बड़ी तालिका निर्मित होती है, जो इस प्रकार है :

तालिका-३

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित सार्धपूर्णिमागच्छ के मुनिजनों का विद्यावंशवृक्ष



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org



सन्दर्भ

१. षट्त्र्यर्केषु (१२३६) च सार्धपूर्णिमा...।

मुनि जिनविजय, संपा० **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह,** बम्बई १९६१ ईस्वी, पृ० २१, ३९, ६५, २०१ आदि।

२. त्रिपुटी महाराज - **जैनपरम्परानो इतिहास,** भाग २, पृ० ५४४-५४६.

३. संवत् १४१२ वर्षे पौष वदि १२ गुरौ अद्येह श्रीमदणहिलपट्टने श्रीसाधुपूर्णिमापक्षीय श्रीअभयचन्द्रसूरीणां पुस्तकं लिखितं पंडित महिमा (पा?) केन। शुभं भवतु।

शांतिनाथचरित की दाता प्रशस्ति

मुनि जिनविजय - संपा० **जैनपुस्तकप्रशस्तिसंग्रह,** बम्बई १९४४ ईस्वी, पृ० १३९, प्रशस्ति क्रमांक ३१०.

४. मूल ग्रन्थ और उसकी प्रशस्ति उपलब्ध न होने से उक्त उद्धरण निम्नलिखित ग्रन्थ के आधार पर दिया गया है :

मोहनलाल दलीचन्द देसाई - **जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास,** बम्बई १९३२ ई, पृ० ४३७.

५. संवत् १४५३ वर्षे फाल्गुन सुदिपूर्णिमादिने अद्येह श्रीमत्पत्तने श्रीराउतवाटके श्रीसाधुपूर्णिमापक्षीय भट्टारकश्रीअभयचन्दसूरि — शिष्यरामचन्द्रसूरि पठनार्थं ज्ञा (न्या) यावतारवृत्तिप्रकरणं लल (ललित) कीर्तिमुनिना लिखितं शुभं भवतु ।

A.P. Shah. Ed. *Catalogue of Sanskrit and Prakrit Mss : Muni Shree Punyavijayaji's Collection,* Vol I, No-3494, p-201

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

६. अगरचन्द नाहटा - "विक्रमादित्य सम्बन्धी जैन साहित्य" **विक्रमस्मृतिग्रन्थ,** संपा० हरिहर निवास द्विवेदी तथा अन्य, उज्जैन वि०सं० २००१, पृ० १४१-१४८.

७. संवत् १५०४ वर्षे आसो सुदि १० सोमवारे साधुपूण्णिमागच्छे चन्द्रप्रभसूरिसंताने भ० श्रीपुण्यचन्द्रसूरि-शिष्यगणिवर-जयसिंहगणिना राणपुरनगरे सम्यकत्वरत्नमहोदधिग्रन्थपुस्तकं लिखितम्।।

A.P. Shah. I bid, Vol I, No-2934, p-149-151

८. पुण्यइं लाभइं सुखसंयोग, पुण्यइं काजइं देवगह भोग,
पुण्यइं सवि अंतराय टलइ, मनवंछित फल पुण्य लहइ।

साधपूनिम पक्ष गच्छ अहिनाण, श्रीरामचन्द्रसूरि सुगुरु सुजाण,
नवरसे फरइ अमृत वखाणि, चतुर्विध श्री संघ मनि आण।

तस पाटधर साहसधीर, पाप पखाइल जाणे नीर,
पंच महाव्रत पालणवीर, श्रीपुण्यचन्द्रसूरि गुरु बा गंभीर।

तास पट्ट उदया अभिनवा भाणु, जाणे महिमा मेरु सम्मान,
गिरुआ गुणह तण् निधान, श्री विजयचन्द्रसूरि युगप्रधान।

संवत पंनर पांत्रीसु जाणि, आसोइ पूनमि अहिनाणि,
गुरुवारइ पूक्ष नक्षत्र होइ, पूरव पुण्य तणां फल जोई।

कर जोड़ी कीरति प्रणमइ, आरामसोभा रास जे सुणइ।
भणइ गुणइ जे नर नि नारि, नवनिधि वलसइं तेह घरबारि।
— इति आरामसोभा रास समाप्त।

मोहनलाल दलीचन्द देसाई - **जैनगूर्जरकविओ,** भाग १, द्वितीय संस्करण- संपा० जयन्त कोठारी, बम्बई १९८६ ईस्वी, पृ० ४८३-४८४.

९. इतिश्रीआवश्यकसूत्रस्य बालावि (व) बोध समाप्तं।

श्रीरस्तु संवत् १६१० वर्षे वैशाख वदि ३ शुक्रे म० गोवाल लिखितं श्रीसाधुपूर्णिमापक्षे मुख्य भट्टारकश्रीउदयचन्द्रसूरि तत्पट्टे पु (पू) ज्यराज्य (ध्य) श्रीमुनिचन्द्रसूरि तत्पट्टे गच्छाधिराज भारधुरिंधरश्रीश्रीश्री विद्याचन्द्र (?सू) रिंद्रे एषा पुस्तिका लिखापिता।। सर्वेषां शश्यानां वाचनार्थं।।

H.R. Kapadia. Ed. *Descriptive Catalogue of the Govt Collection Of the Mss : deposited at the B.O.R.T.,* Vol XVII, p-456.

१०. **जैन श्वेताम्बर गच्छों का संक्षिप्त इतिहास**, भाग २, पृष्ठ ९९८-१०२२

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मडाहडागच्छ का इतिहास : एक अध्ययन

निर्ग्रन्थ-परम्परा के श्वेताम्बर सम्प्रदाय के अन्तर्गत चन्द्रकुल से उद्भूत गच्छों में बृहद्गच्छ का महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह गच्छ विक्रम सम्वत् की १०वीं शती में उद्भूत माना जाता है। उद्योतनसूरि, सर्वदेवसूरि आदि इस गच्छ के पुरातन आचार्य माने जाते हैं।[१] अन्यान्य गच्छों की भाँति इस गच्छ से भी समय-समय पर विभिन्न कारणों से अनेक शाखाओं-प्रशाखाओं का जन्म हुआ और छोटे-छोटे कई गच्छ अस्तित्व में आये। **बृहद्गच्छ गुर्वावली**[२] (रचनाकाल वि०सं० १६२०) में उसकी अन्यान्य शाखाओं के साथ मडाहडाशाखा का भी उल्लेख मिलता है। यही शाखा आगे चलकर मडाहडागच्छ के रूप में प्रसिद्ध हुई। यहां इसी गच्छ के इतिहास पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

जैसा कि इसके अभिधान से स्पष्ट होता है मडाहडा नामक स्थान से यह गच्छ अस्तित्व में आया होगा। मडाहडा की पहचान वर्तमान मडार नामक स्थान से की जाती है जो राजस्थान प्रान्त के सिरोही जिले में डीसा से चौबीस मील दूर ईशानकोण में स्थित है।[३] चक्रेश्वरसूरि इस गच्छ के आदिम आचार्य माने जाते हैं। यह गच्छ कब और किस कारण से अस्तित्व में आया, इस बारे में कोई सूचना प्राप्त नहीं होती। अन्य गच्छों की भाँति इस गच्छ से भी कई अवान्तर शाखाओं का जन्म हुआ। विभिन्न साक्ष्यों से इस गच्छ की रत्नपुरीयशाखा,जाखड़ियाशाखा, जालोराशाखा आदि का पता चलता है।

मडाहडगच्छ से सम्बद्ध साहित्यिक और अभिलेखीय दोनों प्रकार के साक्ष्य उपलब्ध हैं, किन्तु अभिलेखीय साक्ष्यों की तुलना में साहित्यिक साक्ष्य संख्या की दृष्टि से स्वल्प हैं। साथ ही वे १६वीं शताब्दी के पूर्व के नहीं हैं। अध्ययन की सुविधा के लिए तथा प्राचीनता की दृष्टि से पहले अभिलेखीय साक्ष्यों तत्पश्चात् साहित्यिक साक्ष्यों का विवरण प्रस्तुत है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अभिलेखीय साक्ष्य — इस गच्छ से सम्बद्ध ७८ प्रतिमालेख प्राप्त हुए हैं जो वि०सं० १२८७ से लेकर वि०सं० १७८७ तक के हैं[४] ।

उक्त अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर इस गच्छ के विभिन्न मुनिजनों के नामों का पता चलता है, किन्तु उसके आधार पर उनके गुरु-शिष्य परम्परा की कोई विस्तृत तालिका की संरचना कर पाना तो सम्भव नहीं है। फिर भी कुछ मुनिजनों की गुरु-परम्परा की छोटी-छोटी गुर्वावलियों की संरचना की जा सकती है, जो इस प्रकार है —

चक्रेश्वरसूरि
|
पद्मचन्द्रसूरि
|
जयचन्द्रसूरि
|
यशोदेवसूरि
|
शांतिसूरि (वि०सं० १३७०-८७ प्रतिमालेख)

चक्रेश्वरसूरि
|
जयसिंहसूरि
|
सोमप्रभसूरि
|
वर्धमानसूरि
(वि०सं० १३३५ प्रतिमालेख)

? ?
| |
मानदेवसूरि हरिभद्रसूरि
| |
सोमचन्द्रसूरि (वि०सं०१४३७-५९ प्रतिमालेख) कमलप्रभसूरि
| (वि० सं०१५२० प्रतिमालेख)
ज्ञानचन्द्रसूरि (वि०सं० १४९३ प्रतिमालेख)

साहित्यिक साक्ष्य

